रांची, शनिवार | 09 अगस्त 2025 | वर्ष-26, अंक-188, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

₹2.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर









## मुख्यमंत्री उतरे खेतों में, स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को धनरोपनी करते हुए देखा, कहा

# हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान है कृषि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खेती-किसानी से लगाव जगजाहिर है। इसकी बानगी शुक्रवार एक बार फिर देखने को मिली, जब रामगढ़ के नेमरा स्थित अपने पैतृक आवास से निकलकर वे खेतों की मेड़ से होते धनरोपनी करते किसानों के बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि कृषि ना सिर्फ अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि हमारी पहचान, अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की भी वाहक है। किसान खुशहाल होगा, तभी देश-राज्य समृद्ध होगा। हमारी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में बारिश का मौसम है और खेतों में धनरोपनी हो रही है। मुख्यमंत्री ने खेतों में जाकर धनरोपनी कर रहीं स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए खेती-किसानी के ताजा हालात से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। जब फसलें लहलहाएंगी, तो यह उनके चेहरे की मुस्कान बनेगी।

**» किसानों से कहा, सरकार आपको खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध**

**» सरकारी योजनाओं से जुड़ें और उसका लाभ उठाएं, किसान खुशहाल तो देश सशक्त**



### किसानों से की बात, समस्याओं के निराकरण का दिया भरोसा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खेत में अपने बीच देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे। उनकी खुशियां देखते ही बन रही थीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी परेशानियां तथा समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आपके लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने को सशक्त बनाएं। मैं आपके लिए हमेशा खड़ा हूं। आपको जो परेशानी हो, बताएं, उसका निराकरण निश्चित तौर पर होगा।

## पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**धनबाद।** झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। वे अपने चचेरे भाई और धनबाद के तत्कालीन डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोप में आठ साल से जेल में हैं। निचली अदालत और झारखंड हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद संजीव सिंह ने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई थी। संजीव सिंह झरिया की मौजूदा भाजपा विधायक रागिनी सिंह के पति हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद संजीव सिंह के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उनके खिलाफ निचली अदालत में मुकदमे की सुनवाई जारी रहेगी। संजीव सिंह के अधिवक्ता मो जावेद ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विनोद चंद्रन और जस्टिस एनबी अंजारिया की खंडपीठ ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत प्रदान की। अदालत में संजीव सिंह की ओर से अधिवक्ता सन्नी चौधरी ने दलीलें पेश कीं। ज्ञात हो कि 22 मार्च 2017 को धनबाद के स्टील गेट इलाके में नीरज सिंह की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

- **धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर की हत्या के आरोप में आठ साल से जेल में हैं बंद**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## सारंडा में आईईडी विस्फोट सीआरपीएफ के 2 जवान जख्मी

### एयरलिफ्ट कर रांची लाए गए, अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के दीघा क्षेत्र में शुक्रवार को सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन 209 के दो जवान नक्सलियों के बिछाए आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आ गए और विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। जानकारी के अनुसार, उन्हें राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान राम प्रवेश सिंह और छोटू कश्यप के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, विस्फोट की यह घटना शुक्रवार की दोपहर उस वक्त हुई थी, जब सुरक्षा बलों का दस्ता जंगल के इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर था। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी राकेश रंजन ने घटना की पुष्टि की है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

बताया गया है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके खिलाफ सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम में पुलिस और सुरक्षाबलों ने पिछले तीन माह के अंदर नक्सलियों के एक दर्जन से ज्यादा डंप को ध्वस्त करते हुए हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया था।

ज्ञात हो कि सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने और अपने ठिकानों तक पहुंचने से रोकने के लिए नक्सलियों ने पूरे इलाके में जमीन के नीचे जगह-जगह आईईडी लगा रखे हैं, जिन पर जवानों के पांव पड़ते या हल्का प्रेशर बनते ही विस्फोट हो जाता है। दो दिन पहले नक्सलियों ने इसी जिले में

**शेष पेज 11 पर**

### जराईकेला में नक्सलियों के तीन बंकर ध्वस्त

**चाईबासा (प.सिंहभूम)।** कोल्हान प्रमंडल में भाकपा (माओवादी) के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। झारखंड पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की संयुक्त कार्रवाई में जराईकेला थाना क्षेत्र के हेंडेकुली जंगल-पहाड़ी इलाके में तीन नक्सली बंकरों को ध्वस्त किया गया। सूचना के आधार पर 7 अगस्त को संयुक्त बलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। 8 अगस्त को हेंडेकुली इलाके में तलाशी के दौरान तीन नक्सली बंकरों का पता चला, जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया। मौके से भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई, जिसमें तार सहित बैटरी, नक्सली वर्दियां (हरी और काली), जंगली जूते, पिट्ठू बैग, काला पटका, स्टील कंटेनर, काला पॉलिथीन और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं।

## नेमरा में पैतृक आवास से सरकारी कामकाज निपटा रहे सीएम ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# कार्यों में तत्परता और निरंतरता बनाए रखें

**राज्यहित से जुड़े विषयों को लेकर सजग और संवेदनशील हैं सीएम**

**पुत्र धर्म के साथ अपना कर्तव्य भी निभा रहे हैं मुख्यमंत्री सोरेन**

**नवीन मेल संवाददाता**

### कहा, आमलोगों की समस्याओं का निराकरण तत्काल हो, कोताही नहीं हो



**रामगढ़।** एक तरफ 'बाबा' के परलोक गमन की असहनीय पीड़ा, तो दूसरी तरफ राज्य के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने की चिंता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपनी जिन्दगी के सबसे कठिन समय से गुजर रहे हैं । 'बाबा' के निधन का आज पांचवां दिन है। पर, दुःख-दर्द और आंसू थम नहीं रहे हैं। दिल-दिमाग बेचैन, विचलित और व्यथित हैं। लेकिन, ऐसे विषम हालात में भी वे पुत्र धर्म के साथ राजधर्म निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोरेन रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित पैतृक आवास में एक ओर स्मृति शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के उपरांत के रस्म रिवाज को पारंपरिक विधि-विधान से निभा रहे हैं, तो दूसरी तरफ शासन-प्रशासन चलाने का भी फर्ज बखूबी निभा रहे हैं, ताकि राज्य के विकास की गति में कोई अवरोध नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शोक की इस घड़ी में भी राज्यहित से जुड़े विषयों को लेकर पूरी तरह सजग और संवेदनशील हैं।

व्यक्तिगत भावनाओं और दुःख -दर्द को सीने में दबाकर वे सरकारी कामकाज को बेहतर तरीके से निभाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जरूरी संचिकाओं का निष्पादन करने के साथ सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ नियमित संवाद बनाए हुए हैं। सरकार की गतिविधियों की निरंतर जानकारी लेने के साथ-साथ उन्हें निदेशित किया है कि वे अपने कार्यों में तत्परता व निरंतरता बनाए रखें और इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आमजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो।

कहीं भी, किसी भी कार्य में कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से यह भी कहा कि वे उन्हें हर पल अद्यतन सूचनाओं से अवगत कराते रहें तथा आवश्यकतानुसार निर्देश प्राप्त करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद दुख और मुसीबत की घड़ी में जिस तरह राज्य की जनता मेरे पूरे परिवार के साथ खड़ी रही, उसी से मुझे यह हिम्मत मिली कि मैं इन कठिन परिस्थितियों में भी इस राज्य के प्रति अपने दायित्वों को निभा सकूं।

### बाबा को दिए वचन और वादों को निभा रहा हूं

सीएम सोरेन ने कहा कि बाबा हमेशा कहा करते थे, सार्वजनिक जीवन में हमेशा आम जनता के लिए खड़ा रहना। वे संघर्ष की मिसाल थे। इस राज्य के लिए हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने कभी भी अपने व्यक्तिगत हितों को तरजीह नहीं दी। संसद से सड़क तक इस राज्य के लिए संघर्ष करते रहे। आज झारखंड है, तो यह दिशोम गुरु की देन है। लेकिन, अब उनका साया हमारे ऊपर से उठ चुका है। उन्होंने इस राज्य की खातिर मुझसे कई वचन लिए थे। मैं उनसे किए वादों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहा हूं।

## निशिकांत और तिवारी पर एफआईआर

**नवीन मेल डेस्क**

**देवघर।** दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी और गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में कथित रूप से जबरन प्रवेश करने के आरोप में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर देवघर की पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर की शिकायत पर 7 अगस्त को दर्ज की गई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है, पूजा करने के कारण यह केस है। अभी तक 51 केस मेरे ऊपर दर्ज हैं। कल देवघर एयरपोर्ट से सीधे पुलिस स्टेशन जाकर गिरफ्तारी दूंगा। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के कार्तिकनाथ ठाकुर ने अपनी शिकायत में कहा है कि श्रावणी मेले के दौरान मंदिर में वीवीआईपी दर्शन और गर्भगृह में प्रवेश पर रोक थी। इसके बावजूद 2 अगस्त को मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे, उनके पुत्र कनिष्ककांत दुबे, दोनों सांसदों के पीए और देवघर के कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए जबरन गर्भगृह में प्रवेश किया।



**बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन घुसने का आरोप**

**शेष पेज 11 पर**

**केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा**

## भारतीय संस्कृति का गहना है मिथिलांचल की संस्कृति

**सीतामढ़ी (आईएएनएस)**

सीतामढ़ी में मां जानकी की जन्मस्थली पुनौरा धाम में माता सीता को समर्पित भव्य जानकी मंदिर के निर्माण को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शुक्रवार को भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने पुनौरा धाम में पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

इसके बाद संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मिथिलांचल की संस्कृति की तारीफ करते हुए कहा कि सही अर्थों में मिथिलांचल की संस्कृति पूरे भारतीय संस्कृति का अनन्य गहना है। उन्होंने आज के दिन को देश और दुनिया के लिए शुभ बताते हुए कहा कि माता सीता ने एक ही जीवन में आदर्श पत्नी, आदर्श बेटी, आदर्श मां और आदर्श राजमाता के स्वरूपों को चरितार्थ किया है। आज माता जानकी का जहां जन्म हुआ, उस पुनौरा धाम मंदिर के परिसर का समग्र विकास होने की नींव डालने का काम हुआ है। अमित शाह ने जोर देते हुए कहा कि मां जानकी की जन्मस्थली पर जो यह भव्य मंदिर बनने जा रहा है, यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि मिथिलांचल के भाग्योदय की शुरुआत है। उन्होंने मिथिलांचल की संस्कृति के साथ यहां की कला की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर मिथिला की कला को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति को मधुबनी पेंटिंग भेंट की और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति को भी मिथिलांचल की कला का नमूना देकर विदेश में मिथिला की कला का गौरव बढ़ाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मिथिला, वाल्मीकि रामायण से लेकर महाभारत और बौद्ध तथा

**शेष पेज 11 पर**



**केंद्रीय मंत्री शाह ने मां जानकी की जन्मस्थली में किया भव्य मंदिर का भूमि पूजन**

**बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी आधारशिला कार्यक्रम में रहे उपस्थित**

**इंडिया**

## आदिवासी समुदाय के वोट बैंक की राजनीति और सांस्कृतिक प्रहसन



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

झारखंड बने 25 वर्ष और देश की आजादी के 75 वर्ष हो रहे हैं आज तक जितनी प्रमुख पार्टियों देश में और झारखंड में आईं लगभग सभी ने अपने को आदिवासियों का सच्चा हितैषी और संरक्षक बताया लेकिन चंद चमकते हुए अभिजात्य वर्ग के जनजातियों को छोड़ दिया जाए तो झारखंड सहित भारत के आदिवासी इलाकों में डायन प्रथा विकास की पोल खोलती है। डायन प्रथा के मूल में दो मुख्य कारण हैं पहला किसी अकेली लाचार आदिवासी या दलित महिला की संपत्ति हड़पना और दूसरा इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होना। यह दोनों अवस्थाएं हमारे सारे विकास के दावों की पोल खोलती है यदि कोई अकेली महिला को समाज या सरकारें सुरक्षा नहीं दे पा रहीं या आंकड़ों के हिसाब से अरबों रूपए के बजट से चलने वाले हर गांव के आसपास स्वास्थ्य उपकेंद्र केंद्र रेफरल और अलग-अलग नाम से छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों की श्रृंखला है तब झाड़ फूंक करने की नौबत क्यों आ रही है? वस्तु स्थिति यह है की राजनीतिक पार्टियां विकास के नाम पर जनजातीय समुदाय को लुभाने के लिए बड़े-बड़े दावे करती हैं कोई उनको पैसे देता है कोई उनका सम्मान देने की बात करता है और कोई उनके लिए अलग-अलग योजनाएं बनाता है लेकिन इसकी मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की कहानियों की ऐसी लंबी श्रृंखला है जो गांव से लेकर जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री तक आज भी हमें आईना दिखा रही हैं । दूसरी और जो पढ़े-लिखे विकसित आदिवासी हैं उनके अंदर एक अभिजात्य वर्ग तैयार हो गया है जो या तो सरकारी अफसर रहे हैं या नेताओं से जुड़े हुए लोग या कुछ मामलों में बड़े भूस्वामी हैं । इस वर्ग की सोच लगभग वैसी ही है जैसे तथाकथित शोषक वर्ग की है यह वर्ग कई बार मांग कर चुका है कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के उसे प्रावधान को शिथिल कर दिया जाए जिसमें एक ही थाना क्षेत्र के ही आदिवासियों को जमीन की खरीद बिक्री करने की अनुमति दी गई है इसकी बारीकी यह है कि यह वर्ग यह नहीं चाहता कि समुदाय गरीब अपने बच्चों की पढ़ाई व्यवसाय या अन्य कार्यों के लिए लाखों करोड़ों के बाजार मूल्य पर जमीन का लेनदेन कर पाएं लेकिन अगर वह आधे दाम पर बेचे तो उन्हें । वे यह भी नहीं चाहते कि लीज पर जमीन रखकर व्यापार या बाजार मूल्य पर बिक्री के आधार पर उन गरीब आदिवासियों के बच्चों की पढ़ाई अच्छी हो वह भी समाज की मुख्य धारा में आएं यही कारण है कि आरक्षण की सुविधा जो यह नवअभिजात्य वर्ग जो अंग्रेजी माध्यम या बड़े शिक्षण संस्थानों में पढ़कर आता है वह ले लेता है चाहे वह नौकरी हो या उच्च शिक्षा। बिना वैध बिक्री रजिस्ट्री के मिट्टी के मोल जमीन सादे कागज पर बड़े पैमाने पर गैरआदिवासी कब्जा रहे हैं ऐसे आरोप उछलते रहते है। राजनीति इन्हें रोकने की नहीं भड़का कर गोलबंद कर वोट बैंक में ही बदलने की रही है। दिलचस्प बात यह है कि टाइटल के आधार पर आप अगर पूछें कि आपकी घर की भाषा क्या है आप अपने बच्चों से किस भाषा में बात करते हैं तो पता चलेगा कि वे जिस समुदाय से आते हैं उसकी भाषा नहीं जानते अपने घरों में अपने बच्चों को अंग्रेजी सिखा रहे हैं आदिवासी रीति रिवाज की दुहाई सभी देते हैं लेकिन पाश्चात्य रीति रिवाज से लेकर अलग-अलग रीति रिवाज मानने वालों की एक बड़ी संख्या झारखंड में है जो झारखंड के गांव की आखरा संस्कृति गीत संगीत और पारंपरिक पर्व त्योहार से दूर हटती जा रही है जिसका सबसे बड़ा प्रमाण झारखंड के मेले और बाजार हैं जहां आधुनिकता का शोर है और स्पष्ट रूप से अभिजात्य वर्ग के आदिवासियों की सांकेतिक भागीदारी फोटो खिंचाने तक सिमट कर रह गई है।



# हेमंत सोरेन ने परंपरा के अनुसार निभाई बाबा को भोजन परोसे जाने की रस्म





**नवीन मेल संवाददाता**

● दिवंगत दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म के चौथे दिन की रस्म संपन्न

**रांची।** दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म का शुक्रवार को चौथा दिन था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धार्मिक मान्यताओं, संस्कारों और स्थानीय परंपराओं के अनुरूप शुक्रवार की सुबह बाबा को भोजन परोसे जाने की रस्म निभाई। दरअसल, दिवंगत व्यक्ति की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्धकर्म के दौरान हर दिन स्थानीय विधि-विधान और परंपरा के अनुरूप यह रस्म-रिवाज निभाया जाता है।

## नेमरा पहुंचे विस अध्यक्ष, गुरुजी को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पैतृक आवास नेमरा पहुंचकर दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के परिवार जनों से मिले एवं उन्हें याद करते हुए परिवार के सदस्यों को सांत्वना दिया। अध्यक्ष ने गुरु जी के सानिध्य में गुजारे पुराने दिनों को याद करते हुए बहुत सारी घटनाओं को भी उनके परिवार जनों के साथ साझा किया।

## सर्वजन पेंशनधारियों को अगस्त माह की राशि का हुआ भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**



- 2 लाख 21 हजार 270 लाभुकों को 22 करोड़ 12 लाख 70 हजार की राशि का भुगतान
- डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक लाभुक के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई एक-एक हजार की पेंशन राशि

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को अगस्त महीने तक की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 21 हजार 270 लाभुकों के बैंक खाते में पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गयी है।

मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (ट्रांसजेंडर) अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये का भुगतान किया गया है। राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को अगस्त 2025 तक की पेंशन राशि का बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। वैसे लाभुक जिन्हें किसी कारणवश पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है वो जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर- 9430328080 ''अबुआ साथी'' पर शिकायत कर सकते हैं, प्राप्त शिकायत पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा समुचित कार्यवाही की जायेगी।

### झूठ बोलना व बेबुनियाद आरोप लगाना बन चुकी है राहुल की आदत

# भारतीय राजनीति के 'मिस्टर लायर' साबित हो रहे : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति में खुद को "मिस्टर लायर" के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। झूठ बोलना और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी आदत बन चुकी है। पहले आरोप लगाते हैं और जब आरोप गलत सिद्ध होता है तो माफी मांग कर चुपके से निकल जाते हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कभी "चौकीदार चोर है" जैसा आपत्तिजनक और झूठा नारा देकर देश के प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिलने के बाद उनको माफी मांगनी पड़ी थी। फिर उन्होंने बिना किसी प्रमाण के यह तक कह दिया कि "आरएसएस ने गांधी जी की हत्या की", जो अदालत में झूठा सिद्ध हुआ और उन्हें फिर माफी मांगनी पड़ी।

प्रतुल ने कहा कि चीन की घुसपैठ को लेकर भी उन्होंने बार-बार झूठ फैलाया, जबकि हमारी सेनाएं सीमा पर पूरी मजबूती से तैनात हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपनी टिप्पणी में कहा कि एक सच्चे देशभक्त को इस तरह की भाषा नहीं बोलनी चाहिए। राहुल गांधी देश की सेना का मनोबल गिराने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। दिवंगत नेता अरुण जेटली के बारे में उन्होंने झूठी बात कह दी कि वह उनको कृषि कानून लेकर धमका रहे थे। जबकि कृषि कानून आने के पहले ही अरुण जेटली जी का देहांत हो चुका था।

प्रतुल शाहदेव ने यह भी कहा कि अब नवीनतम उदाहरण में राहुल गांधी ने यह कहकर कि "चुनाव आयोग वोट चुरा रहा है", देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था पर प्रश्नचिह्न लगाया है। यह बेहद शर्मनाक और गैर-जिम्मेदाराना है। प्रतुल ने कहा राहुल गांधी सक्षम जगह पर सबूत पेश करके अपनी बातों को नहीं रखेंगे।

सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस करके माहौल को बिगड़ने की कोशिश करते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के लिए फ्रॉड जैसे शब्द का प्रयोग किया जो प्रतिपक्ष के नेता को कतई शोभा नहीं देता। राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों तक को धमका दिया कि जब उनकी सरकार आएगी तो सबको देखा जाएगा। प्रतिपक्ष के नेता का यह बहुत ही गैर जिम्मेदाराना बयान है।

### झामुमो ने स्व. निर्मल महतो को किया नमन, विनोद पांडेय ने कहा

# सभी झारखंड आंदोलनकारियों को नमन करती है झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



● सुप्रियो ने कहा, हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें, यही होगी सच्ची श्रद्धांजलि

**रांची।** झामुमो की रांची जिला समिति ने शुक्रवार को स्व. निर्मल महतो के शहादत दिवस पर रांची के जेल मोड़ स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और नमन किया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित थे। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा, शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के संघर्ष को जो धार दी थी, वह दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में मुकाम तक पहुंच चुका है। उनके शहादत दिवस के अवसर पर हम लोग हर साल यहां पर उपस्थित होते हैं। उनको नमन करते हैं, उनके संघर्षों को याद करते हैं। उनके संघर्षों को अपने दिल-दिमाग में रखकर उनके बताए हुए संघर्ष के मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। इस राज्य में झामुमो ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो पूरे साल झारखंड अलग राज्य के योद्धाओं को उनके शहादत दिवस पर उन्हें नमन करने का काम करती है। चाहे वह निर्मल महतो हों, विनोद बिहारी महतों हों या ऐसे जितने योद्धा हैं सबको झारखंड मुक्ति मोर्चा याद करती है, नमन करती है। उनके सपनों के अनुरूप आज हम झारखंड अलग राज्य में हैं। हमें गर्व भी होता है और हम उनके संघर्षों को याद करते हैं, नमन करते हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, आज एक विरल संयोग है कि राज्य के संघर्ष के लिए एक जोड़ी अटूट बंधन का काम किया था, चाहे वह कोयलालंचल से संथाल परगना तक और बिहार के कुछ हिस्से पूर्णिया से लेकर बांका और कोल्हान से लेकर ओडिशा और बंगाल तक, यह दो जोड़ी थे गुरुजी और निर्मल दा। आज यह संयोग है कि जब हम गुरुजी के शोककाल में हैं, तो हम निर्मल दा के शहादत को भी नमन कर रहे हैं। पहले पढ़ो और लड़ो मार्ग पर गुरुजी का भी जोर रहा और निर्मल दा का भी रहा। महाजनी शोषण, चाहे वह कोल्हान में हो या संथाल में हो, के खिलाफ इन दोनों लोगों का जो संघर्ष रहा, वह आज अमिट हो गया है। यह संघर्ष रुके नहीं, यह अब हमारी जिम्मेदारी है। सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि हम उन लोगों के दिखाए मार्ग पर हम आगे बढ़ें। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने भी स्व. निर्मल महतो को नमन करते हुए उनके शहादत दिवस पर उनके संघर्षों को याद किया और उनके संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## झारखंड आंदोलन को उग्र तेवर दिया निर्मल दा के बलिदान ने : सुदेश महतो



**रांची।** आजसू के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर शुक्रवार को आजसू प्रमुख सुदेश महतो तथा अन्य नेताओं ने रांची और जमशेदपुर में निर्मल महतो को श्रद्धांजलि दी। श्री महतो ने रांची के निर्मल महतो चौक, अनगड़ा, सिल्ली, सोनाहातु और तमाड़ के अलावा जमशेदपुर में चमड़िया गेस्ट हाउस, निर्मल समाधि स्थल पर निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## निर्मल महतो का त्याग युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : गौतम सिंह



**रांची।** झारखंड आंदोलन के अमर सेनानी, वीर शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर अबुआ अधिकार मंच ने शुक्रवार को रांची के जेल चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्रों और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही।

## बच्चों, नागरिकों व सैनिकों के अटूट संबंध का प्रतीक हैं राखियां : सेठ



● 72 स्कूलों के बच्चों ने रक्षा राज्य मंत्री को सौंपी 12 हजार हस्त निर्मित राखियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 72 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को 12,000 से अधिक राखियां वायु सेना के जवानों के लिए सौंपी। यह कार्यक्रम मूल रूप से राज्यसभा के पूर्व सदस्य और उत्तराखंड युद्ध स्मारक शौर्य स्थल के संस्थापक अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार तरुण विजय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित हुआ था। उन्हीं के नेतृत्व में नई दिल्ली के 72 विद्यालयों के बच्चों ने वायु सेना के जवानों के लिए राखियां भेजी हैं। सभी राखियां बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हैं। इनके साथ 12,000 प्रार्थना और भावनाओं से जुड़ा पत्र भी है, जो सैनिकों के लिए इन बच्चों ने लिखी है। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री सेठ को बच्चों ने राखियां भी बांधी। इस अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी मौजूद रहे। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह सभी पवित्र राखियां देश के बच्चों की भावनाएं हैं, जो सेना के जवानों के लिए भेजी गई हैं। हमारे जवान अपने घर से दूर भले रहते हैं, परंतु देश के हर नागरिक और परिवार की प्रार्थनाओं और प्रेम में शामिल रहते हैं। अपने हाथों से राखियां बनाकर बच्चों ने सैनिकों के प्रति अपना प्रेम भी प्रदर्शित किया है और उनके प्रति कृतज्ञता भी प्रकट की है। संजय सेठ ने कहा कि यह हमारी गौरवशाली संस्कृति और देश के रक्षों के बीच गहरे संबंधों का प्रतीक है। इन सभी राखियों को सेना के जवानों तक पहुंचाया जाएगा, जो देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात हैं। हम सब के प्रेम और जवानों की रक्षा के लिए समर्पित यह रक्षा सूत्र हर देशवासी के सैन्य जवानों के प्रति प्रेम का प्रतीक है। यह देश के नागरिकों और सेना का ऐसा अटूट संबंध को प्रदर्शित करने वाली राखी है, जो समय के साथ और भी मजबूत हो रही है।

**भारत में मानव दुर्व्यापार** | समन्वय व रोकथाम तंत्र को मजबूत करना विषय पर हुई बैठक, बोले हुलेश मांझी

# बच्चों को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

● बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**शिल्पी सोनिराज ने परामर्श बैठक में कहा-**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव शिल्पी सोनिराज ने परामर्श बैठक में कहा, हमें ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामलों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ देखने की आवश्यकता है। समय की मांग केवल न्याय ही नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण पुनर्वास भी है ताकि जिन बच्चों के साथ अन्याय हुआ है, उन्हें न्याय के साथ-साथ वह देखभाल और गरिमा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

**रांची।** बचाव और अभियोजन के बीच की चौंकाने वाली खाई बच्चों के खिलाफ अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने में एक बड़ी बाधा बनी हुई है। और, अक्सर बच्चे इस खाई में फंस कर बाल श्रम, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह तथा यौन शोषण जैसी स्थितियों में घिर जाते हैं। पटना में 'भारत में मानव दुर्व्यापार : समन्वय और रोकथाम तंत्र को मजबूत करना' विषय पर राज्यस्तरीय परामर्श बैठक में बच्चों की ट्रैफिकिंग एवं अन्य बाल अपराधों से निपटने के लिए बेहतर समन्वय, जवाबदेही और रोकथाम रणनीतियों की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह परामर्श 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' की ओर से बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया गया।

बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 418 जिलों में काम कर कर रहा है। जेआरसी ने अपने सहयोगी संगठनों की मदद से देशभर में 1 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2025 के बीच 56,242 बच्चों को ट्रैफिकिंग गिरोहों के चंगुल से मुक्त कराया और ट्रैफिकर्स के खिलाफ 38,353 से अधिक मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य हुलेश मांझी ने बच्चों के विरुद्ध अपराधों से निपटने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा, हमें एक समाज के रूप में बच्चों के खिलाफ हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार की सूचना देनी चाहिए। बहुत से कमजोर और असुरक्षित बच्चे हमारे सामने शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन हम इसे अनदेखा कर देते हैं। यह रवैया अब बदलना चाहिए, क्योंकि बच्चों को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बिहार पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग) डॉ अमित कुमार जैन ने कहा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। हम अभी भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से बहुत पीछे हैं।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने भारत में ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए कानूनी ढांचे की सराहना करते हुए कहा, भारत सरकार ने देश में ट्रैफिकिंग विरोधी कानूनों को सुदृढ़ किया है और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)) के तहत कई महत्वपूर्ण प्रावधान और प्रक्रियाएं जोड़ी हैं। अब आवश्यकता इन कानूनों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन की है जिसके लिए सभी स्तरों पर सभी पक्षों की समन्वित कार्रवाई जरूरी है।

इस परामर्श में भाग लेने वाले अन्य प्रमुख अधिकारियों में बिहार सरकार के संयुक्त श्रम आयुक्त विजय कुमार, बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष निशा झा, बीएसएलएसए की रजिस्ट्रार अनुपमा, वरिष्ठ अधिवक्ता केडी मिश्रा, समाजसेवी व पद्मश्री से सम्मानित सुधा वर्गीज, अंकिता कश्यप (राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार), पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता वत्सल वर्मा, बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के पूर्व सलाहकार सुनील झा, डीएसपी, आर्थिक अपराध शाखा एवं साइबर क्राइम धीरेंद्र और जेआरसी के सहयोगी संगठन मौजूद थे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने भारत में मानव दुव्यार्पार से जुड़े मौजूदा कानूनी और नीतिगत ढांचे की समीक्षा की और आह्वान किया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों, न्यायपालिका, सरकारी विभागों और सिविल सोसाइटी के बीच ठोस समन्वय स्थापित हो।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिल्ली में मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल जाकर राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन से उनके उपचार की प्रगति और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मंत्री रामदास सोरेन के परिजनों से भी भेंट की तथा कहा कि हम सभी ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

### दिल्ली के अपोलो अस्पताल में मंत्री रामदास सोरेन से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल गए और झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की। रामदास सोरेन का अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ केएन सिंह से भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### सीयूजे में 'न्यूमेरिकल लिनियर अल्जेब्रा इन मशीन लर्निंग' पर विशेष व्याख्यान आयोजित




**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे), रांची के गणित विभाग एवं सांख्यिकी विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से 'न्यूमेरिकल लिनियर अल्जेब्रा इन मशीन लर्निंग' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दिन में 2:30 बजे गणित विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार परीदा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। व्याख्यान का संचालन डॉ रत्नेश कुमार मिश्रा ने किया। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार परीदा ने प्रो सिद्दकी अहमद के विषय तथा अनुसंधान कार्य को विस्तार पूर्वक समझाया। इसी क्रम में सांख्यिकीय विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो केबी पंडा ने प्रो सिद्दकी का स्वागत एवं अभिवादन करके गणित और सांख्यिकीय के अनुसंधान के प्रयोग को समझाया। मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी इंदौर के गणित विभाग के प्रो एसके शफीक अहमद ने अपने व्याख्यान में गणित के कई महत्वपूर्ण एवं रोचक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इनमें मशीन लर्निंग में न्यूमेरिकल लिनियर अल्जेब्रा के विभिन्न अनुप्रयोग शामिल थे। उन्होंने विशेष रूप से मैट्रिक्स डीकंपोजीशन तकनीक, सिंगुलर वैल्यू डीकंपोजीशन, ईगन वैल्यू और ईगन वेक्टर विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझाया। यह व्याख्यान स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ-साथ संकाय सदस्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। यह प्रतिभागियों के करियर विकास में भी सहायक रहेगा। कार्यक्रम में सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो केबी पांडा, डॉ रत्नेश कुमार मिश्रा, डॉ राजू कुम्हार, डॉ संतोष कुमार चौधरी सहित विभिन्न विषयों के यूजी-पीजी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रेल सुरक्षा बल ने ट्रेन में 18.3 किलोग्राम गांजा किया बरामद, किया पूछताछ



**रांची।** मूरी और सुहिसा पोस्ट के चार जवान एएसआई लडूरा सवाईयां, कांस्टेबल सत्यानंद कुमार, कांस्टेबल यशवंत कुमार मौर्य ट्रेन में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात थे। मूरी स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के बाद कोच संख्या एस-3 के गेट के पास दो संदिग्ध पिट्ठू बैग बिना स्वामी के पाए गए। जवानों द्वारा तत्काल यात्रियों से पूछताछ की गई, परंतु किसी ने भी इन बैगों पर स्वामित्व नहीं जताया। संदेह के आधार पर दोनों बैगों की सावधानीपूर्वक जांच की गई, जिनमें भूरे रंग की प्लास्टिक में लिपटे दो पैकेट पाए गए। ऑपरेशन 'नार्कोस' के अंतर्गत आरंभिक जांच में ही इनमें मादक पदार्थ होने की संभावना जताई गई। सूचना मिलते ही पोस्ट कमांडर/मूरी, संजीव कुमार मौके पर पहुंचे। जिसके बाद एएससी/आरपीएफ अशोक कुमार सिंह को सूचित किया गया, जो खुद घटनास्थल पर पहुंचे। उनकी निगरानी में, सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, पैकेट खोले गए और गवाहों की उपस्थिति में इनकी जांच की गई। बरामद पैकेटों को मूरी पार्सल कार्यालय में तौला गया, जिसका कुल वजन 18.3 किलोग्राम पाया गया। जब्त गांजा की अनुमानित बाजार कीमत 1,83,000/- आंकी गई है। गांजा की अवैध तस्करी एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

### मौसम विभाग ने भारी बारिश की जताई संभावना, जारी किया अलर्ट



**रांची।** झारखंड में मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के 15 जिलों के लिए शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 12 अगस्त तक वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी भी दी गई है। साथ ही, लोगों को सावधान और सतर्क रहने को कहा गया है। रांची सहित कई हिस्सों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भी पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना है। इसका असर असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा जिले में दिखेगा। आगामी 10 और 11 अगस्त को भी राज्य में बारिश की संभावना जताई गई है। 12 अगस्त को लातेहार, लोहरदगा, खूंटी, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल के तटों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के आसपास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

## जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की भारी कमी से जूझता रांची विश्वविद्यालय

# विभाग खुले लेकिन सुचारू रूप से चलाने की व्यवस्था नहीं

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक इकाई है जो झारखंड की लोकभाषाओं, बोलियों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने का कार्य करता है।

यह विभाग नागपुरी, कुड़ुख, पंचपरगनिया, हो, संथाली, मुंडारी जैसी जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन एवं शोध को बढ़ावा देता है। वहीं स्थानीय भाषा-साहित्य, लोकगीत, लोकनाट्य और संस्कृति पर आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। विभाग शोध कार्यों के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं के व्याकरण, शब्दकोश और लोक साहित्य के दस्तावेजीकरण में जुटा है। भाषा संरक्षण हेतु सेमिनार, कार्यशालाएं और व्याख्यानमालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है।विद्यार्थियों को जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं में स्नातकोत्तर और पीएच.डी. की सुविधा उपलब्ध है। विभाग ने विभिन्न जनजातीय समाज की भाषाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किया है। अनुवाद, भाषाई अध्ययन और भाषाई तकनीक के क्षेत्र में भी विभाग प्रयासरत है। क्षेत्रीय साहित्यकारों के कार्यों का संकलन, विश्लेषण और प्रकाशन कर उनकी रचनाओं को नई पहचान देता है।इस विभाग का उद्देश्य भाषाओं के माध्यम से सांस्कृतिक एकता और सामाजिक चेतना को बढ़ाना है। विभाग नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा से जोड़ने और उसकी महत्ता को समझाने में अहम भूमिका निभा रहा है।




### भाषा के साहित्य का सृजन होना चाहिए : डॉ उमेश

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मिल के संवाददाता ने रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी भाषा के एचओडी डॉ उमेश नंद तिवारी से विशेष बात की जिसमें उन्होंने कहा कि भाषा के साहित्य का सृजन होना चाहिए। भाषा में अच्छी कहानी, उपन्यास, निबंध, रचना, नाटक की कमी पाई जा रही है।


● रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी भाषा के एचओडी डॉ उमेश नंद तिवारी

### जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की कमी : दीपक प्रसाद

सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंगकर्मी, निदेशक, सहायक आचार्य दीपक प्रसाद ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं के अधिकतर जगहों पर शिक्षकों की कमी है जो आज स्टूडेंट है कल वही टीचर और एग्जामिनर होते है। शिक्षण में गुणवत्ता होनी चाहिए।


● सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंगकर्मी, निदेशक, सहायक आचार्य दीपक प्रसाद

### संसाधनहीन जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग : सांस्कृतिक विरासत की रक्षा में बाधा

दूसरा पक्ष यह भी है कि रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग की महत्ता तो है, लेकिन यह विभाग कई आधारभूत संसाधनों और सुविधाओं की गंभीर कमी से जूझ रहा है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा प्रभावित हो रही है। यहां स्थायी शिक्षकों की भारी कमी है। विभाग में अधिकांश शिक्षक अतिथि के रूप में कार्यरत हैं, जिससे शिक्षा की निरंतरता और गुणवत्ता प्रभावित होती है। अन्य विभागों की तुलना में शोध सुविधा और गाइड की उपलब्धता बहुत सीमित है, जिससे उच्च अध्ययन की गति धीमी हो जाती है।प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और डिजिटल संसाधनों का अभाव से विद्यार्थियों को जनजातीय क्षेत्रीय भाषा-साहित्य पर रिसर्च करने के लिए मूल स्रोतों और संदर्भ सामग्रियों की कमी होती है। स्मार्ट क्लासरूम और ऑडियो-विजुअल लर्निंग उपकरणों की अनुपस्थिति होने से जिससे भाषाई अध्ययन और संवाद कौशल का समुचित विकास नहीं हो पाता है। लोक साहित्य और मौखिक परंपराओं के अभिलेखन के लिए रिकॉर्डिंग व डिजिटल उपकरण नहीं हैं। विभागीय बजट बहुत सीमित है, जिससे सेमिनार, वर्कशॉप, फील्ड सर्वे और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन प्रभावित होता है। प्रसार और रोजगार परकता की कमी से विभागों में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का अभाव है जिससे छात्रों का प्लेसमेंट मुश्किल हो रहा है। भाषा अनुसंधान के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर और तकनीकी सहयोग की घोर कमी है।छात्रों को फील्ड वर्क, प्रशिक्षण या इंटर्नशिप जैसी व्यावहारिक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।प्रशासनिक उपेक्षा और नीतिगत प्राथमिकता का अभाव जिससे विभाग की जरूरतें लंबे समय से अनदेखी की जाती रही हैं। इन चुनौतियों के चलते छात्र निराश है और विभाग की प्रासंगिकता भी धीरे-धीरे खतरे में पड़ रही है, जबकि यह विभाग आदिवासी और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने का प्रमुख माध्यम बन सकता है।

# सीयूजे के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आर्मी कैंट में मनाया रक्षाबंधन का उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रक्षाबंधन के अवसर पर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के करीब 100 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्पोर्ट्स विंग, एनसीसी और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के बैनर तले दीपाटोली आर्मी कैंट में भारतीय सेना के वीर जवानों संग एक यादगार रक्षा बंधन समारोह मनाया।

सीयूजे की छात्राओं ने सैन्य अधिकारियों और जवानों की कलाई पर प्रेम और सम्मान की प्रतीक राखी बांधी। नायक सैनिकों ने देश की रक्षा के अटूट संकल्प को और मजबूत करने का वचन दिया। इस दौरान सीयूजे के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मंदिर और गुरुद्वारे का भ्रमण किया। इसके बाद जलपान कर भाईचारे और सौहार्द्र की मिठास भी साझा की।इस प्रेरणादायी आयोजन का नेतृत्व एनएसएस संयोजक डॉ ऋषिकेश महतो, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रश्मि वर्मा, डॉ प्रज्ञा शुक्ला, डॉ एंजेल नाग, सुशांत, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के नोडल ऑफिसर डॉ भूपेंद्र सिंह, कोऑर्डिनेटर और स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की सफलता में एनएसएस, स्पोर्ट्स विंग, एनसीसी और एक भारत श्रेष्ठ भारत टीम का समर्पण एवं सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। रक्षाबंधन का यह उत्सव केवल परंपरा का निर्वहन नहीं था, बल्कि यह राष्ट्ररक्षा में जुटे वीरों के प्रति आभार और सम्मान का जीवंत संदेश भी था। इस पहल ने विश्वविद्यालय और सेना के बीच भावनात्मक जुड़ाव को और गहरा किया तथा युवाओं के हृदय में देशभक्ति की भावना को प्रगाढ़ किया। इस अवसर पर भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सतत योगदान देने का संकल्प लिया।



### आज / कल




# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में वैकुंठाधिपति का उद्यास्तमन सेवा व महाभिषेक आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को श्रीवैष्णव 'श्रीसंप्रदाय' जगद्गुरु रामानुजाचार्य मत के अनुयायियों का उपाकर्म (श्रावणी कर्म) विधि पूर्वक संपन्न होगा। इस मौके पर वैकुंठाधिपति का उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक कराया जाएगा। यह अनुष्ठान ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 4:30 बजे से शुरू होकर प्रातः 7:00 बजे तक पूर्ण होगा। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए मंदिर के बाहरी (गोपुरम) कपाट को खोल दिया जाएगा। ज्ञात हो कि श्रावणी पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।



# 10 अगस्त को तीन साहित्यकार होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



10 अगस्त को झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच के स्थापना दिवस, तुलसी जयंती समारोह में शहर के तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हिमकर श्याम एवं अनिता रश्मि को 'साहित्य संस्कृति सम्मान' प्रदान किया जाएगा। अहिन्दी भाषी डॉ सुरिन्दर कौर नीलम को 'हनुमान सरावगी हिन्दी साहित्य सम्मान' से अलंकृत किया जायेगा। यह आयोजन वाईबीएन यूनिवर्सिटी, नामकुम के सभागार में संपन्न होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य (डॉ) धर्मेन्द्र उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ सत्यदेव पोद्दार एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य (हिंदी विभाग) डॉ नंद जी दुबे रहेंगे। डॉ जंग बहादुर पांडे पूर्व विभाग अध्यक्ष हिंदी रांची विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता होंगे। इस अवसर पर मंच के संरक्षक विनय सरावगी, वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव एवं शहर के अनेक साहित्यकार, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव करेंगे। मंच के सचिव बिनोद सिंह गहरवार ने बताया कि इस कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में स्थापना दिवस, तुलसी जयंती और सम्मान समारोह होगा तथा दूसरे सत्र में काव्य-गोष्ठी होगी। समारोह में अन्य साहित्यिक मंचों के लोग भी शामिल होंगे।

# विधि व्यवस्था व स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पर जोर

## जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला के वरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने विभागीय कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, विधि-व्यवस्था, आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और समाहरणालय परिसर के प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि अब हर महीने ऑनलाइन जिला स्तरीय विधि-व्यवस्था संधारण बैठक आयोजित की जायेगी, जिससे समय पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मोरहाबादी में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये।

### बेहतर सुरक्षा व्यवस्था एवं अतिक्रमण हटाने के निर्देश

समाहरणालय में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करने के निर्देश दिये। समाहरणालय के आसपास अतिक्रमण हटाने की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित विभाग को पूरे क्षेत्र को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया। प्राकृतिक आपदा प्रभावितों को डीबीटी के माध्यम से मुआवजा भुगतान उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों एवं आश्रितों को मुआवजा राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाये। उन्होंने अपर समाहर्त्ता को स्पष्ट किया कि अंचल स्तर पर भुगतान की जगह यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होनी चाहिए।



### ऑल हैंड्स मीटिंग निर्देशों की समीक्षा

बैठक में उपायुक्त ने ऑल हैंड्स मीटिंग के बाद दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि समाहरणालय से रिटायर होने वाले कर्मियों को उसी दिन सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

### मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा

बैठक में उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की भी समीक्षा की गई। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि रक्षा बंधन पर योजना अंतर्गत जुलाई माह की सम्मान राशि सभी लाभुकों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उपायुक्त ने "मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान से स्वावलंबन" योजना की भी समीक्षा करते हुए जेएसएलपीएस को ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को इससे जोड़ने के निर्देश दिये।

## डीएवी हेहल की प्राइमरी विंग में हुआ छात्र परिषद का भव्य अलंकरण समारोह

# नेतृत्व का अर्थ स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना है : प्राचार्य राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राइमरी विंग में सत्र 2025-26 के लिए कार्यभार ग्रहण समारोह (इनवेस्टिचर सेरोमनी) शुक्रवार को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से उनके दायित्व सौंपे गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं झारखंड जोन-जी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी बिपिन राय के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्रधारी शिक्षिका अनुपमा झा के नेतृत्व में भव्य मार्च पास्ट किया गया।

प्राचार्य राय ने सभी पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे छात्र परिषद के सदस्य न केवल अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाएंगे, बल्कि विद्यालय को गौरव के शिखर पर पहुंचाने में भी अग्रणी रहेंगे। नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना है।

इसके बाद हेड बॉय योग्य वर्मा और हेड गर्ल प्रार्थना मिश्रा ने सभी सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई। अंत में प्राइमरी विंग प्रभारी अनुपमा रानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और सभी विद्यार्थियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### छात्र परिषद के सदस्यों ने संभाली कमान




### छात्र परिषद के सदस्य एवं उनके दायित्व

1. हेड बॉय - योग्य वर्मा
2. हेड गर्ल - प्रार्थना मिश्रा
3. अनुशासन प्रमुख (बालक) - अबू तल्हा खान
4. अनुशासन प्रमुख (बालिका) - आर्या चौधरी
5. सांस्कृतिक प्रमुख (बालक) - आद्विक राठौर
6. सांस्कृतिक प्रमुख (बालिका) - योग्यता मिश्रा
7. उप हेड बॉय - आरव राज
8. उप हेड गर्ल - अद्विका भाव्या
9. उप अनुशासन प्रमुख (बालक) - स्वेताभ शर्मा
10. उप अनुशासन प्रमुख (बालिका) - अपूर्वा सिंह
11. उप सांस्कृतिक प्रमुख (बालक) - वरेण्यं आर्य
12. उप सांस्कृतिक प्रमुख (बालिका) - मनश्वि कुमारी



### वित्तीय समावेशन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष पहल, उप गवर्नर ने कहा

# लोग वित्तीय प्रणाली और उसकी सुविधाओं से जुड़ें और उसका लाभ उठाएं

● उप गवर्नर ने ओरमांझी में आयोजित समावेशन शिविर का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** वित्तीय सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण क़दम के रूप में, भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने भारतीय रिज़र्व बैंक रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, आरबीआई ओम्बड्समैन मनोज रंजन और भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ 8 अगस्त को रांची के ओरमांझी ग्राम पंचायत में आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण शिविर का दौरा किया।

इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक गुरुप्रसाद गोंड और एसएलबीसी झारखंड के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उप गवर्नर का दौरा भारतीय रिज़र्व बैंक की व्यापक पहुंच कार्यक्रम का हिस्सा है जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन अभियान को प्रोत्साहित करना और ग्राहकों को जोड़ने व सेवा प्रदान करने में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देना है।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान को सफल बनाने एवं आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी राज्य भर में ऐसे दौरे किए जा रहे हैं।

जन-जन को वित्तीय एवं बैंकिंग सुविधाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना) से जोड़ने तथा संबंधित खातों में पुनः केवाईसी करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक और वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से एक अभिनव पहल के रूप में इस वर्ष 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक देश भर के समस्त ग्राम पंचायतों में सघन वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान चलाया है । इस अभियान के माध्यम से ग्राहकों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं विभिन्न वित्तीय सेवाओं की अनवरत पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ बैंक के अभिलेखों में ग्राहक संबंधी जानकारी को अद्यतित किया जा रहा है। शिविर में अपने संबोधन के दौरान उप-गवर्नर एम राजेश्वर राव ने बताया कि ये शिविर लोगों से जुड़ने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सभी लोग वित्तीय प्रणाली और उसकी सुविधाओं से जुड़े और उसका लाभ उठाएं। अद्यतन विवरण के साथ बैंक खातों को सक्रिय रखने से बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने में मदद मिलती है। री-केवाईसी अभियान समावेशी सेवा वितरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण क़दम है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी ग्राहक वंचित न रहे। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक ने आह्वान किया कि विषय की महत्ता को देखते हुए विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों से अपेक्षित है कि वे भी इन शिविरों से जुड़ें।

### सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों में मारपीट

**रातु।** थाना क्षेत्र के तिलता ब्रिज के पास ऑटो बैठाने को लेकर हुई नोकझोक के बाद एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक को हाथ मे पहने कड़ा से हमला कर दिया। जिससे युवक मुस्तफा अंसारी मारकर बुरी तरह से घायल हो गया। उसके सिर में गहरे जख्म के निशान है।



### सीसीएल गिरिडीह क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर, 21 मामलों का हुआ निपटारा



**रांची।** निदेशक (मानव संसाधन), सीसीएल श्री हर्षनाथ मिश्र के मार्गदर्शन में दिनांक 08 अगस्त 2025 को सीसीएल के गिरिडीह क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लंबित मामलों का निपटारा एवं कर्मचारियों, आश्रितों, ठेका श्रमिकों तथा अन्य हितग्राहियों की शिकायतों का त्वरित समाधान करना था। शिविर के दौरान कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश मामले सीएमपीएफ, पेंशन तथा सेवानिवृत्ति बकाया राशि के भुगतान से संबंधित थे। इसके अलावा कुछ शिकायतें नौकरी एवं सेवा मामलों से जुड़ी हुई थीं। कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निपटारे का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर गौतम चौधरी, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन/समाधान) एवं एचओडी, तेजविंदर सिंह, वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन/समाधान), अमित कुमार, वरीय प्रबंधक, राजवर्धन कुमार, प्रबंधक (कार्मिक), सुप्रिया भारती, उप-प्रबंधक (कार्मिक) तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीसीएल प्रबंधन का प्रयास है कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से शिकायतों का समाधान शीघ्र, पारदर्शी एवं संतोषजनक तरीके से किया जा सके।

### हॉकी टर्फ स्टेडियम में शोक सभा का आयोजन दिशोम गुरु को दी गई श्रद्धांजलि



**रांची।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा शुक्रवार को अपराह्न चार बजे मोरहाबादी स्थित हॉकी टर्फ स्टेडियम में स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की, खेल निदेशक शेखर जमुआर, डॉ. सरोजनी लाकड़ा, भोला नाथ सिंह, सुमराय टेटे, सावित्री पूर्ति, करण साधवानी, करुणा पूर्ति, राजेश सिंह, शिवदयाल कुमार, सुनील कच्छप, सुशील कुल्लू, प्रशांत मुखर्जी, रविशंकर, विजय शंकर, देवेंद्र सिंह, वरुण, सावित्री पूर्ति, सोनाराम चंपिया सहित अन्य लोग शामिल थे।

### राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल टांगर, में शुक्रवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी वर्ग के विद्यार्थियों ने आकर्षक राखियां बनाकर एक दूसरे के कलाई में बांधकर रक्षा बंधन मनाया। प्रतियोगिता में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर दीपक कुमार, प्रधानाचार्य अजय कुमार होरो, विकास सर, मिस रामावती, मिस अंशु , सरस्वती एवं अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### आदिवासी दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किए नाटक

**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न राज्यों के आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और विरासत को दर्शाने वाले नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। आदिवासी कला, वेशभूषा और जीवनशैली को नाटक के द्वारा प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा, "विश्व आदिवासी दिवस हमें हमारी मूल संस्कृति, प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली और आदिवासी समाज के योगदान को समझने और सम्मान देने का अवसर देता है।" इसमें विद्यार्थियों को आदिवासी समुदायों के योगदान, उनकी कठिनाइयों और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

### एमआरएचआरयू में आईसीएमआर-एसएचआईएनई कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में अपार प्रतिभा निखारने की जरूरत : डॉ शशि प्रभा

● विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों को दैनिक जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया

**नवीन मेल संवाददाता**




**अनगड़ा।** मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई के तत्वावधान में आईसीएमआर–शाइन कार्यक्रम विद्यालय के छात्रों में विज्ञान, अनुसंधान एवं स्वास्थ्य नवाचार के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने के साथ भविष्य के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ बनने के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित हुआ । मौके पर सीएचसी अनगड़ा की चिकित्सा प्रभारी डॉ शशि प्रभा मिंज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे सही दिशा और अवसर प्रदान कर निखारा जा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों को दैनिक जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। एमआरएचआरयू के साइट कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने इकाई में चल रहे शोध कार्यों, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के मिशन और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की। मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण के महत्व तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और प्रयोगशाला गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।

## मेहनत, अनुशासन व लगन, सफलता के शिखर तक पहुंचाएगी : रुंगटा



● एसीसी स्कूल खलारी में रामस्वरूप रुंगटा का भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय, खलारी में आयोजित विशेष समारोह में विद्यालय के सीएमडी रामस्वरूप रुंगटा का भव्य स्वागत किया गया। सड़क के दोनों किनारों पर खड़े स्कूल के छात्रों ने पुष्प वर्षा कर व तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से उनका अभिनंदन किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतीकरण दी। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी, प्रधानाध्यापक रवि गिरि व उप-प्रधानाध्यापक अर्चना उपाध्याय ने उन्हें शाल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। सीएमडी रुंगटा ने विद्यालय की प्रगति और छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। कड़ी मेहनत, अनुशासन और ज्ञान के प्रति सच्ची लगन उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि अपने शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करें और हमेशा सीखने के लिए उत्सुक रहें। कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का आधार है।एसीसी स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। संचालन अजय सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

### मेहंदी,राखी व पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बनाई कलाकृति

**मांडर ।** प्रखंड के नारो स्थित होली चाइल्ड पब्लिक में मेहंदी राखी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग नर्सरी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया बच्चों ने रंगों के माध्यम से विभिन्न कलाकृति अपनी पेंटिंग में उकेरी तथा बच्चों ने अपने हाथों में एक से बढ़कर एक मेहंदी की डिजाइन बनाकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी के शुभकामनाओं से हुई वही विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने सभी बच्चों को उसके सुंदर कलाकृति के लिए सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी ।

### हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त बैठक

## स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाना है : सन्नी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को टांगरासली मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष पूरंजय महतो की अध्यक्षता में विशहाखटंगा स्थिति विवाह मंडप में हुआ जिसमें 13 तारीख को तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त रणनीति तैयार की गई चर्चा की गई जिसमें बतौर प्रभारी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय नेता एवं विधानसभा चुनाव में प्रत्यासी रहे सन्नी टोप्पो उपस्थित रहे । कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप महली जी ने इस आयोजन की सफलता के लिए रणनीति बनाई एवं लोगों को जिम्मेदारियां दी। सन्नी टोप्पो ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने त्याग बलिदान देकर हमारे देश को अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्रता दिलाई उनके सपनों का राष्ट्र निर्माण करना उनके सपनों का समाज बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा होगी एवं सच्ची देशभक्ति भी होगी।

### खलारी भाजपा ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प




**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल की एक बैठक सीसीएल एनके एरिया वीआईपी सभागार में हुई। अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर महतो ने की। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व विधायक समरीलाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत खलारी मंडल के हर घर तक तिरंगा पहुंचाया जाएगा और लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाई जाएगी। तय किया गया कि 13 अगस्त को राय बाजार चौक से खलारी शहीद चौक तक बाइक रैली के रूप में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। मंडल ने आम जनता से अपील किया है कि वे भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। बैठक के अंत में मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू के पिता के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महामंत्री कार्तिक पांडेय, श्यामसुंदर सिंह, विकास दुबे, आनंद झा, शैलेन्द्र शर्मा, आनंद सिंह, रविन्द्र पासवान, दिलीप पासवान, रतनलाल, नेपाल सिंह, सुनीता देवी, अभिषेक चौहान, रवि भूषण सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा जैविक उद्यान में 6 वर्ष की मादा जिराफ लाया गया

# जल्द ही नर जिराफ भी होगा शामिल: उद्यान निदेशक

● बदले में भगवान बिरसा जैविक उद्यान से फिलहाल शुतुरमुर्ग भेजा जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची एवं प्राणी उद्यान अलीपुर, कोलकाता के बीच 7 अगस्त को हुए जीव आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत रांची में एक मादा उत्तरी जिराफ तथा सिल्वर फीजेंट का एक जोड़ा लाया गया। मादा जिराफ का नाम 'मिस्टी" है, तथा इसकी आयु 6 वर्ष है। जिराफ का औसत जीवनकाल चिड़ियाघरों में लगभग 19 से 20 वर्ष तथा प्राकृतिक आवास में 17 से 18 वर्ष तक होता है। उत्तरी जिराफ मुख्यतः अफ्रीका के पूर्वी एवं मध्य भागों में, जैसे केन्या, दक्षिण सूडान, चाड, नाइजर एवं मध्य अफ्रीकी गणराज्य के कुछ संरक्षित क्षेत्रों में पाए जाते हैं। जिराफ शाकाहारी प्राणी है, जिसे चिड़ियाघरों में प्रायः विभिन्न वृक्षों की पत्तियां एवं घास खिलाई जाती हैं। जैविक उद्यान के निदेशक जब्बर सिंह ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण आदान-प्रदान कार्यक्रम था, जो कई दिनों से लंबित था और जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि अगले चरण में नर जिराफ को भी रांची लाया जाएगा। इस मादा जिराफ की ऊंचाई 12 फीट से अधिक है, जिसके कारण इसके लिए 14 फीट ऊँचा विशेष बाडा तैयार किया गया था। निम्न तल ट्रेलर में लादने के बावजूद जमीन से इसकी ऊँचाई 16-17 फीट रही, जिसके कारण कोलकाता से रांची तक लगभग 24 घंटे का सफर तय कर इसे लाया गया। जिराफ के आगमन एवं उतारने के समय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक परितोष उपाध्याय भी उपस्थित रहे और जिराफ को सुरक्षित रूप से नाईट शेल्टर में अन्दर किए जाने की प्रक्रिया में सम्मिलित रहे।

इसके आदान-प्रदान एवं परिवहन को सफल बनाने में जैविक उद्यान के सहायक वन संरक्षक, पशु चिकित्सक दल, वन क्षेत्र पदाधिकारी, जीवविज्ञानी, वनरक्षी, चिड़ियाघर के कर्मचारी तथा अलीपुर प्राणी उद्यान के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आदान-प्रदान के अंतर्गत प्राणी उद्यान अलीपुर, कोलकाता से मादा जिराफ एवं सिल्वर फीजेंट प्राप्त करने के बदले भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची की ओर से फिलहाल शुतुरमुर्ग भेजा जा रहा है तथा अगले चरण में स्वीकृत शेष प्राणियों दरियाई घोड़ा, हिमालयन काला भालू एवं घड़ियाल का आदान-प्रदान किया जाएगा। यह आदान-प्रदान न केवल दोनों संस्थानों के बीच सहयोग का उदाहरण है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण एवं आगंतुकों के लिए विविध जीवों के प्रदर्शन को भी समृद्ध करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### राधारमण महोत्सव आज से, तैयारियां पूरी



**मुरी।** भक्ति,उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास का संगम बनने जा रहा राधारमण महामहोत्सव आज से भव्य रूप में रांची जिले के मुरी(कुटाम) में आरंभ होगा।इसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं और पूरा परिसर श्रीकृष्ण भक्ति के रंग में रंग चुका है।इस नवदिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन प्रातःकालीन मंगला आरती, संकीर्तन, वैदिक यज्ञ, श्रीकृष्ण लीलाओं का मंचन और विशिष्ट प्रवचन होंगे। देश-विदेश से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक एवं वैदिक आचार्य अपने दिव्य वचनों से भक्तों को आनंदित करेंगे। इस वर्ष यज्ञ के मुख्य आचार्य महाराष्ट्र से आमंत्रित किए गए हैं, जबकि प्रमुख कथा-वाचक अंतरराष्ट्रीय वक्ता दास गदाधर दास प्रभु रहेंगे,जो अपनी मधुर वाणी में श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कराएंगे।महोत्सव स्थल को आकर्षक रोशनी,पुष्प सज्जा और पारंपरिक अलंकरण से सजाया गया है। भक्तों के लिए प्रसाद वितरण,चिकित्सा सुविधा विशेष व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों का कहना है कि राधारमण महोत्सव का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं,बल्कि समाज में भक्ति,सदाचार और संस्कारों का प्रसार करना है।यह महोत्सव जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर का सजीव अनुभव कराएगा।आज मंगलाचरण के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा,जिसमें हजारों भक्तगण के सम्मिलित होने की संभावना है।

### आदिवासी दिवस मनाया गया

**मांडर।** प्रखण्ड के कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मोहम्मद नेसार आलम ने आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आदिवासी समाज की विशेषताओं एवं उनकी अनूठी संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्या पुष्पांजलि साहू ने भी अपने संबोधन में आदिवासी समाज की परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।मौके पर मुनिया उरांव,मो मुस्ताक, सिमरन टोप्पो, शिखा टोप्पो, अंजुलता तिर्की, रफ़त आरा, कौसर खातून, सैमुअल मिन्ज़ सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### बच्चों के बीच राखी प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर।** प्रखंड के कंदरी मोड़ स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भाई-बहन के प्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को उत्सवपूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मो जावेद ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जो समाज में स्नेह और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देता है। मौके पर निर्देशक नौशाद आलम एवं जावेद अहमद, प्रिंसिपल, रेशम बाला कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### आजसू पार्टी ने निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया



**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा आजसू पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को सिल्ली झारखंड मोड़ में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो,गोमिया के पुर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो, केंद्रीय नेता डॉ देवशरण भगत, जयपाल सिंह, संजय महतो, गौतम कृष्ण साहू, चित्तरंजन महतो, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत,जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी समेत आजसू कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि निर्मल महतो एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक ऐसे संगठन कर्ता थे जो हमेशा जाति और धर्म से ऊपर उठकर सोचा करते थे। जुल्म,अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ अनवरत संघर्ष करनेवाले उस वीर शहीद का नाम झारखंड के वजूद से जुड़ा है।शहीद निर्मल महतो का एक ही सपना था कि अपना अलग झारखंड राज्य हो,ताकि यहां रहने वाले लोगों को शोषण, उत्पीड़न,अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलायी जा सके। उन्होंने अलग राज्य की लड़ाई के लिए युवाओं को लामबंद कर जो अलख जगायी थी,उसे भुलाया नहीं जा सकता। अलग राज्य आंदोलन के मसीहा वीर शहीद निर्मल दा का त्यागपूर्ण जीवन तथा झारखंड अलग राज्य के लिए उनका बलिदान हम सभी को युगों-युगों तक प्रेरित करेगा।उनकी शहादत बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। संकल्प लें कि हम सब मिलकर उनके सपनों को साकार करेंगे। इस अवसर पर बोकारो जिला उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, सोनाहातु पश्चिम जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा,सदाब खान समेत काफी संख्या में आजसू पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसबीआई ने लगाया जनकल्याण शिविर



**सिल्ली।** पतराहातु पंचायत सचिवालय में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पतराहातु शाखा के ओर से जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,जन धन खाता खोलने तथा साथ ही केवाईसी को लेकर लोगों को विस्तार से जानकारी दी।वहीं उन्होंने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की। इस मौके पर पतराहातु पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, प्रदीप मांझी, बलराम महतो, सोनू देवी, गजेंद्र महतो, सुधाकर साहू, भीमसेन महतो, रविन्द्र हजाम , भावेश्वर महतो, गौतम कुमार महतो बैंक कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोनरा घाट से अलपीटो तक सड़क बदहाल

# ग्रामीणों ने चंदा कर खुद ही शुरू किया मरम्मती कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा**। झुरझुरी पंचायत अंतर्गत कोनरा घाट,रविदास टोला और अलपीटो को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की स्थिति पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। भारी बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

सड़क की खस्ता हाल को देखते हुए ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से आस छोड़कर खुद चंदा कर मरम्मती कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की मानें तो यह सड़क अलपीटो, पड़रिया, गुंजरा होते हुए जीटी रोड को जोड़ती है और आवागमन का प्रमुख मार्ग है। स्कूल जाने वाले बच्चों और दैनिक जरूरतों के लिए आने-जाने वालों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि और विधायक से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुई।

स्थानीय निवासी कैलाश मंडल ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे से ग्रामीणों ने मिलकर सड़क के गड्ढों में मिट्टी भरने और उसे समतल करने का काम शुरू किया।

उनका कहना है कि जब तक प्रशासन नहीं सुनता, तब तक खुद ही इस रास्ते को चलने लायक बनाएंगे। मौके पर अजय कुमार पंडित, महेश कुमार, परमेश्वर मंडल, गोपाल कुमार, दुलारचंद महतो, वार्ड सदस्य प्रयाग रविदास, बूटी लाल महतो, समाजसेवी अध्यक्ष बाबूलाल महतो, बाबू चांद महतो, तेजो महतो, लालमणि पंडित, जयराम महतो, अशोक प्रसाद, मुन्ना लाल, संजय प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है।

## संस्कृत सप्ताह को सफल बनाने के लिए संस्कृत विद्वानों की बैठक संपन्न



**रामगढ़** । 8 अगस्त को संस्कृत सप्ताह को सफल बनाने के लिए संस्कृत विद्वानों की बैठक प्रतिमा कश्यप सदन में संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता डॉ सुनील कुमार कश्यप प्रदेश विद्यालय प्रभारी झारखंड ने किया. विषय प्रवेश संस्कृत भारती के प्रांतीय मंत्री पृथ्वीराज सिंह ने किया. बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में संस्कृत सप्ताह समारोह सम्यक रूप से संचालन हो इसके लिए जिला संयोजकों को और प्रखंड संयोजकों को विशेष रूप से जिम्मेवारी दी गई. प्रथम दिन गीत प्रतियोगिता, दूसरे दिन श्लोक प्रतियोगिता, तीसरे दिन कथा प्रतियोगिता,चौथे दिन भाषण प्रतियोगिता,पांचवें दिन नाटक प्रतियोगिता, छठा दिन संस्कृत लेखन प्रतियोगिता और सातवें दिन समापन में समूह का समावेश प्रतियोगिता कराकर उन्हें पुरस्कृत करने की जिम्मेवारी सौंप सदस्यों को सौंपी गि. तत्पश्चात निर्णय यह भी लिया गया कि पूरे जिला का एक जगह समापन कार्यक्रम होगा. जिसमें पूरे रामगढ़ जिले संस्कृत के प्रतियोगी बच्चे भाग लेंगे और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा. यह संस्कृत सप्ताह समारोह 8 विभिन्न विद्यालयों में प्रारंभ हो गया है।

## मेहंदी लगाओ, राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

# रचनात्मकता का संगम है मेहंदी लगाओ राखी बनाओ प्रतियोगिता: प्राचार्य उमेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़**। कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में बालिका व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत कन्या भारती द्वारा विभिन्न कक्षाओं के बहनों के लिए रक्षाबंधन के पूर्व में "मेहंदी लगाओ, राखी बनाओ" प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक भावनाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपने हाथों पर पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की आकर्षक कलाकृतियाँ उकेरीं, वहीं राखी निर्माण प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, और अन्य सजावटी वस्तुओं की सहायता से सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं, जिनमें भाई-बहन के प्रेम की झलक साफ नजर आई।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं और त्योहारों के प्रति जागरूकता और आत्मीयता को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री उमेश प्रसाद ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता मे मूल्यांकन के विभिन्न बिंदुओं के आधार पर निरीक्षण कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बहनों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में कन्या भारती प्रमुख आचार्या डॉ गायत्री कुमारी, ललिता गिरि, ममता कुमारी,पूनम सिंह, गायत्री कुमारी, श्वेता पंडा,ज्योति कुमारी, रानी कुमारी, अंजली आदि आचार्यगण एवं विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## सैनिकों का जीवन मां भारती की रक्षा के लिए संकल्पि है : प्राचार्य



**बरही**। डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने कोबरा बटालियन संग रक्षा बंधन का त्योहार मनाया. विद्यालय के 11वीं व 12वीं की छात्राओं ने द्वितीय कमान अधिकारी कैलाश गंगवाने के नेतृत्व में वाहिनी के पदाधिकारियों व कमांडो को राखी बांधी और सुरक्षित जीवन का कामना किया। वाहिनी के अधिकारियों व सैनिकों ने भी देश रक्षा के साथ अपने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ ए के मैढ़ ने बताया कि सैनिकों का जीवन त्याग और बलिदान के साथ मातृभूमि व भगिनी की रक्षा के लिए भी संकल्पित होते हैं। उन्होंने रक्षा सूत्र की चर्चा करते हुए पवित्र रक्षा बंधन की महत्ता को जानकारी दी. कार्यक्रम में शिक्षक धर्मेंद्र, बिरेन्द्र तिवारी, शिक्षिका आस्था भट्ट आदि मौजूद थे।

## माताओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़**। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक की माताओं के लिए 8 अगस्त को मेहंदी को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 30 से अधिक माताओं ने भाग लिया। मेहंदी लगाना एक कला है जो लोगों को एक साथ लाती है, संस्कृतियों के बीच की दूरी को पाटती है और लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। कार्यक्रम का शुभारंभ माताओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।फिर प्रतियोगिता शुरू हुई और माताओं को कार्य पूरा करने के लिए सीमित समय दिया गया। माताओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ अपने बच्चों की हथेलियों पर मेहंदी लगा कर सबको मुग्ध कर दिया। बच्चों ने धैर्य और चेहरे पर मुस्कान के साथ अपनी माताओं का सहयोग किया। प्रतियोगिता के बाद माताओं के लिए एक मज़ेदार म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एलकेजी के हिमांशु की माता ने जीत हासिल की। फिर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## मुखिया प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को जर्सी देकर किया उत्साह वर्धन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा**। प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत की मुखिया रीता देवी के प्रतिनिधि डेगलाल साव ने शुक्रवार को पंचायत के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डेगलाल साव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पंचायत के खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुखिया से जर्सी की मांग की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए मुखिया प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को जर्सी उपलब्ध कराई। जर्सी पाकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि पंचायत के युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी पूरे मनोयोग से अभ्यास करें, ताकि वे आगे चलकर मेडल जीत सकें और पंचायत का नाम रोशन करें।

## आईलेक्स परिवार ने मनाया रक्षा बंधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही**। शुक्रवार को बहनों ने भाई की कलाई में प्यार बांधा है जैसे राखी के पारंपरिक गीत से आईलेक्स का प्रांगण गूंज उठा. निदेशक डॉ शैलेश कुमार ने जानकारी दी कि शुक्रवार को आईलेक्स के मुख्य शाखा बरही सहित बड़कागांव, पांडेयबारा, गौरिया करमा, हजारीबाग, बरकट्ठा, गिरिडीह, इचाक आदि शाखाओं में रक्षा बंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया. स्वनिर्मित व आकर्षक राखियों से छात्राओं ने छात्रों को व शिक्षिकाओं ने शिक्षकों को रक्षा सूत्र बांधी. उन्हे मिठाई खिलाया, सुरक्षित जीवन के साथ सुख, समृद्धि की मंगलकामनाएं किया. वहीं छात्रों व शिक्षकों ने भी अपनी बहनों को उपहार देते हुए हर विपरीत परिस्थिति में उनके रक्षा का संकल्प दुहराया।

निदेशक डॉ कुमार ने रक्षा बंधन के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि हम सबों के रिश्ते हमेशा यूं ही मजबूत व अटूट बना रहे. रक्षाबंधन का यह धागा सिर्फ एक धागा हीं नहीं बल्कि एक-दूसरे के साथ निभाने व हर विपरीत परिस्थिति में एक-दूसरे का सहारा बनने का एक वायदा है. बहनों की हँसी, उनके लिए चिंता व उनका साथ ही भाइयों के लिए जिंदगी की सबसे बड़ी पूँजी है.अंत में उन्होने बहनों की रक्षा, खुशहाली, स्वस्थ व लंबी उम्र और भाई बहन के बीच के अटूट प्यार के लिए ईश्वर से कामना करते हुए सबों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

# छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्र मित्रों को बांधी राखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा**। बरकट्ठा स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को भाई बहन के पावन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया । इसके साथ ही आइलेक्स की सभी शाखाओं यथा गोरिया कर्मा , बड़कागांव , गिरिडीह, बरकठा, पाण्डेयबारा ,इचाक और हज़ारीबाग में भी रक्षा-बंधन का त्योहार मनाया गया जिसकी जानकारी निदेशक शैलेश कुमार ने दी । बताया कि बच्चियों ने अपने हाथों से सुन्दर सुन्दर राखियाँ बनाई और इन राखियों कों अपने क्लास के सभी भाइयों को राखी बांधी ।इसके साथ ही सभी भाइयों ने रक्षा का वचन दिया ।विद्यालय की सभी महिला शिक्षकों ने भी पुरुष शिक्षकों को राखी बांधी ।साथ ही साथ विद्यालय के निदेशक डॉ शैलेश कुमार को भी शिक्षिकाओं ने राखी बांधी । इस पावन अवसर पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर, मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि हमारे बीच का रिश्ता हमेशा यूं ही मजबूत और अटूट बना रहे। रक्षाबंधन का यह धागा सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि एक वादा है । हमेशा एक-दूसरे का साथ निभाने का, मुश्किल वक्त में भी मजबूती से खड़े रहने का और हर खुशी व दुःख में एक-दूसरे का सहारा बनने का। बहनों की हँसी, बहनों की चिंता और बहनों का साथ ही जिंदगी की सबसे बड़ी पूँजी है। इस रक्षाबंधन पर मैं दुआ करता हूँ कि भगवान सभी बहनों को खुशहाल, स्वस्थ और लंबी उम्र दें, और भाई बहन की यह प्यारी-सी नोकझोंक और प्यार हमेशा बरकरार रहे।

## शिबू सोरेन की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़**। राधा गोविन्द पब्लिक स्कूल के प्रांगण में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन बी. एन. साह, सचिव प्रियंका कुमारी, राधा गोविन्द यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ . निर्मल मंडल, विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक के. एन. सिंह, राधा गोविन्द इंटर कालेज के व्याख्यातागण, विद्यालय के शिक्षकवृंद, विद्यार्थीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन भारतीय राजनीति के उन गिने- चुने नेताओं में शामिल थे,जिन्होंने न केवल एक राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि आदिवासी समाज को उनकी राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। इनका जाना पूरे राज्य कर लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## चलो घर बनाओ अभियान के तहत लाभुकों को किया गया जागरूक

# लाभुक आवास निर्माण कार्य में लाएं तेजी : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही**। पंचायत की हर व्यक्ति को छत मिले इस मिशन के तहत बेंदगी पंचायत में चलो घर बनाओ अभियान कार्यक्रम चलाकर आवास के लाभुकों को शीघ्र आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। अभियान की अगुवाई मुखिया सिंकदर राणा ने किया, जिसमे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, वार्ड सदस्य आदि शामिल थे। मुखिया श्री राणा ने बताया कि अभियान के तहत लाभुकों को आवास के पैसे का सही सदुपयोग करते हुए शीघ्र आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान साईट का भी निरीक्षण कर आवास निर्माण की गुणवत्ता की भी जांच की गई. उन्होंने बताया कि उनके पंचायत में करीब 45 व्यक्तियों को आवास मिले हैं। इनमे तीर्थाटन इत्यादि निजी कारणों से एक या दो या लाभुक के निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुए है. जिन्हे शीघ्र आवास निर्माण पूरा करने की बात कही गई है. जिन लोगों का आवास निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है उन्हे कार्य प्रारंभ करवाते हुए पंद्रह दिनों के अंदर ढलाई करवाने के भी निर्देश दिए गए। मुखिया ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में 20 निर्माण स्थल का जायजा लिया गया. साथ हीं लाभुकों को निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही गई. निरीक्षण टीम में पंचायत सेवक लक्ष्मी कुमारी, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, वार्ड सदस्य मुनि यादव, पंचायत सहायक मनोज केसरी, शत्रुघ्नकुमार आदि शामिल थे।

## जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़**। शुक्रवार को खेलो झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रामगढ़ द्वारा आयोजित जवाहर लाल नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। जिसमें पतरातू और मांडू प्रखंड के अंडर 15 बालक अंडर 17 बालिका और बालक वर्ग की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें अंडर 15 बालक और 17 बालक दोनों वर्ग में गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ की टीम विजेता रही। वहीं अंडर 17 बालिका वर्ग कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडू विजेता रही। वहीं, पवन क्रूस भुरकुंडा की टीम उपविजेता रही। सभी विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। सभी विजेता टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला से प्रतिनिधत्व करेगी।

# न्यूज बॉक्स

## दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा व निर्दोषों को फंसने नही दिया जायेगा : इंस्पेक्टर



**बरही** । नव पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार के स्वागत का दौर जारी है. इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख मनोज रजक की अगुवाई में बरही विस अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी, उप प्रमुख देव लाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, कोनरा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मो सगीर ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी को बुके व शॉल देकर सम्मानित किया. इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने बरही की विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात कही. अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ने बरही में कानून का सम्मान और हर व्यक्ति के साथ विधिसम्मत कारवाई की अपेक्षा किया. क्षेत्र के बिगड़े हुए समस्याओं से अवगत कराते हुए थाना प्रभारी से दुरुस्त करने की अपेक्षा किया. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने सबों को हर संभव न्यायपूर्ण कारवाई का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और निर्दोषों को फंसने नही दिया जायेगा, यह उनकी प्राथमिकता रहेगी. इस कार्य के लिए उन्होंने आम जनता से भी सहयोग की अपेक्षा किया.

## विधायक के प्रयास से हरैयाटांड में बिजली आपूर्ति सेवा पुनः बहाल



बरक्ट्ठाः- प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीडी के टोला हरैयाटांड में लगभग पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जल गया था। इसके बाद नया ट्रांसफार्मर लगाया गया , जो तुरंत एक दिन में ही जल गया था। इससे लोग अंधकार में रहने को विवश थे। तत्पश्चात इसकी सूचना वार्ड सदस्य रंजीत मंडल ने विधायक अमित कुमार यादव को दी। वहीं मामले को तत्काल संज्ञान लेते हुए विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर 63 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया और आज से विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। इस नेक कार्य करने के लिए ग्रामीण ने विधायक के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यावाद दिया। मौके पर युवा समाजसेवी मुन्ना प्रसाद, पंकज कुमार, सुदेश प्रसाद, विवेक कुमार,दुखन माहतो,अरविंद कुमार(पूर्व शिक्षक), निर्मल कुमार, दूर्गलाल प्रसाद, शशिकांत कुमार, आदि समस्त ग्रामीणों उपस्थित थे ।

## रक्षा बंधन आज, पूरे दिन बांधे जायेंगे राखी




**बरही** । 7 साल बाद रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार भद्रा नक्षत्र से अछूता रहेगा। पूर्णिमा 8 अगस्त को दिन में 1:42 बजे प्रवेश कर रहा है जो 9 अगस्त को दिन में 1:23 बजे तक रहेगा.उदया तिथि के कारण रक्षा बंधन 9 अगस्त को पूरे दिन मनाया जाएगा। 29 साल बाद इस वर्ष समसप्तक योग के साथ विशिष्ट मुहूर्त व 10 फलदायी योग भी बन रहे हैं। 7 वर्ष बाद इस वर्ष भद्रा का कोई भी प्रभाव नहीं है। शशि मीन राशि व सूर्य कर्क राशि में होंगे। इस कारण सौभाग्य, बुधादित्य, हर्ष विपरीत राज, पाराशरी राज, विमल विपरीत राज और धन योग बन रहे हैं जो काफी फलदायी हैं। राखी बांधने के ये हैं शुभ मुहूर्त इस वर्ष ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5.29 से 6.05 बजे तक, सर्वोत्तम मुहूर्त सुबह 6.06 से 8:20 बजे, विजय मुहूर्त सुबह 10:47 से मध्याह्न 11:58 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त मध्याह्न 11.59 से दोपहर 12.53 बजे तक राखी बांधने के शुभ मुहूर्त रहेंगे. परंतु उदया तिथि के अनुसार पूर्णिमा तिथि का मान दिन भर होगा. लिहाजा रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार दिन भर मनाया जाएगा। नौ पंचम योग बन रहे हैं। : शनि और मंगल होंगे आमने-सामने होने के कारण नौ पंचम योग बन रहे हैं. शनि मीन राशि में भोग करेंगे. मंगल सिंह राशि छोड़कर कन्या राशि में जाएंगे. जो भाई-बहन के बीच मधुर संबंध बनाते हुए बाधाएं दूर करेगा।

## हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन



**रामगढ़**। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर ब्रह्मऋषि धर्मशाला के सभागार में 8 अगस्त को कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान के प्रभारी मुख्य अतिथि संजीव कुमार बबला ने कहा सेना के शौर्य और भारत के हित में हर घर तिरंगा अभियान तथा सभी घरों में तिरंगा झंडा लगाई जाएगी एवं स्वच्छ अभियान चलाकर सभी महापुरुष के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा. वही, मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने विषय प्रवेश करके बीजेपी के कार्यकर्ताओं को बताया कि संगठन द्वारा निर्धारित आने वाले 13 अगस्त को तिरंगा अभियान ब्लॉक चौक से सुभाष चौक मेनरोड तक चलाया जाएगा. प्रत्येक बूथ के हर घर पर तिरंगा लगाई जाएगी और हर घर तिरंगा यात्रा भी किया जाएगा। चौक चौराहे पर लगे हुए सभी महापुरुष की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच का संचालन कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मंडल के उपाध्यक्ष सुशांत पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री सरदार अनमोल सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष शिवकुमार महतो,महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, दीपक सोनकर पराश सिंह, हर घर तिरंगा यात्रा के सह संयोजक बृजेश पाठक, मीडिया प्रभारी कुणाल दास , सुरेंद्र शर्मा, मणि शंकर ठाकुर ,सत्यजीत चौधरी ,राजेश ठाकुर,सत्यजीत सिंह ,जीतू गोप, संजय श्रीवास्तव सुरजीत सिंह छाबड़ा, संतोष बरनवाल, त्रिभुवन यादव, संजय सिसोदिया, अरविंद सिंह, धीरज साहू, शिवकुमार गुप्ता, नरेश साव आदि मौजूद थे।

# रक्षाबंधन पर सजी राखियों की रंग-बिरंगी दुकानें, महावीर चौक में रही भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर शुक्रवार को शहर के महावीर चौक का नजारा पूरी तरह त्योहारमय हो गया। चौक और आसपास के क्षेत्रों में रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें सज गईं, जहां सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई सजाने के लिए तरह-तरह की राखियां खरीदीं।बाजार में इस बार एक से बढ़कर एक डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं—फैंसी राखी, स्टोन राखी, फोम राखी के साथ-साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानदारों के अनुसार, इस बार 5 से लेकर 500 तक की विभिन्न वैरायटी की राखियां ग्राहकों को खूब पसंद आ रही हैं। छोटे बच्चों के लिए डोरेमोन, छोटा भीम, मिक्की माउस आदि वाली राखियां उनकी उत्सुकता बढ़ा रही हैं।रक्षाबंधन के गीतों से सजे माहौल में लोग अपने परिजनों के साथ बाजार का आनंद ले रहे थे। महावीर चौक और मुख्य बाजार क्षेत्र में रौनक देखते ही बन रही थी। दुकानदारों के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार ग्राहकों की संख्या अधिक देखी गई है, जिससे बाजार में उत्साह है।वहीं, विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महावीर चौक में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि भीड़भाड़ के बीच किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से खरीदार निश्चिंत होकर खरीदारी करते रहे और त्योहार का उल्लास पूरे दिन बना रहा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों संग मनाया रक्षाबंधन

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा देवी के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला मोर्चा की जिला टीम ने रक्षाबंधन पर्व का विशेष आयोजन किया। टीम ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जाकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, जवानों और कर्मियों को राखी बांधकर उनका सम्मान किया।महिला मोर्चा की सदस्यों ने डीडीसी दीपांकर चौधरी, सिमडेगा थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक, एसआई, महिला थाना एसआई सहित कई सुरक्षा कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की मंगलकामना की। साथ ही महादेव का प्रसाद खिलाकर मुंह मीठा कराया।अध्यक्ष सुषमा देवी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन कई सरकारी अधिकारी व कर्मी



ड्यूटी में तैनात रहने के कारण अपने घर नहीं जा पाते, जिससे उन्हें बहन की कमी महसूस होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए महिला मोर्चा ने निर्णय लिया कि जिला मुख्यालय के सभी प्रमुख कार्यालयों में जाकर बहन के रूप में राखी बांधकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा।इस दौरान माहौल उत्साह और भाईचारे से भरपूर रहा। प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा पिंकी मार्गेट बा, जिला अध्यक्ष सुषमा देवी, जिला महामंत्री पार्वती देवी, नगर अध्यक्ष शिखा अग्रवाल सहित महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## एकल अभियान की बहनों ने बानो थाना के पुलिस जवानों को रक्षा सूत्र बांध रक्षाबंधन पर्व मनाया

**बानो।** प्रखंड में एकल अभियान के तहत वन बंधु परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को बानो थाना परिसर में एकल अभियान के आचार्य बहनों द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया।मौके पर बहनों ने पुलिस जवानों को राखी बांधी. मौके पर एकल अभियान के संच समिति अध्यक्ष बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने भाई-बहनों के रिश्ते पर प्रकाश डाला।एकल अभियान के संच प्रमुख श्याम सुंदर सिंह,दिनेश बड़ाइक ने कहा कि यह कार्यक्रम खासकर उनलोगों के लिए हैं।जो सेना बॉर्डर पर रह कर घर नहीं जा पाते है जो थाना के पुलिस जवान ड्यूटी में तैनात होने के कारण अपने घर नहीं जा पाते हैं उन्हें बहनों की कमी महसूस न हो।इस ख्याल से एकल अभियान द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी बांधने का कार्य किया जा रहा है।मौके पर थाना प्रभारी सोनू कुमार, एएसआई ललन कुमार सिंह,थाना के जवान,एकल अभियान के सदस्य गण आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा डीसी ने शहर का किया पैदल भ्रमण

# अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई, सफाई और अतिक्रमण पर सख्त निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने जिला उद्योग केंद्र एवं श्रम अधीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी की जांच की, जिसमें उद्योग केंद्र और श्रम अधीक्षक कार्यालय में एक-एक कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यालय के बेहतर रखरखाव एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।इसके उपरांत उपायुक्त ने नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्केट कॉम्प्लेक्स, वेंडिंग जोन, डेली मार्केट, बस स्टैंड एवं मेन रोड का भ्रमण कर नगर परिषद के सिटी मैनेजर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वेंडिंग जोन निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिलाई कार्य कर रही महिलाओं से संवाद कर उनकी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने जलजमाव की निकासी, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने सिटी मैनेजर को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, जल निकासी सुधारने और वेंडिंग जोन में डस्टबिन रखने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने वेंडिंग जोन के समीप महिलाओं द्वारा महुआ शराब की बिक्री की शिकायत पर कड़ी नाराजगी जताई और इसकी बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा संबंधित महिलाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डेली मार्केट, बस स्टैंड और मेन रोड निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कई दुकानदारों ने अपना सामान दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर सड़क पर फैला रखा है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि दुकानें केवल निर्धारित सीमा के भीतर ही लगाई जाएं, ताकि राहगीरों को परेशानी न हो।बस स्टैंड निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की सफाई व्यवस्था को सुधारने, बस स्टैंड के अंदर अवैध रूप से लगी दुकानों को तुरंत हटाने और यात्री शेड में पार्क की गई बाइकों को जब्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का उपयोग केवल यात्रियों की सुविधा के लिए होना चाहिए, न कि अवैध पार्किंग या दुकानदारी के लिए।निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने सिटी मैनेजर को नगर क्षेत्र की समग्र सफाई, अवैध अतिक्रमण हटाने, यातायात सुगम बनाने और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े इन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के लाइव फीड के माध्यम से निगरानी प्रणाली की कार्यप्रणाली जांची और सभी उपकरणों के सुचारू रूप से कार्यरत होने की पुष्टि की।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो।



उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी, गार्डों की चौकसी और प्रवेश-निकास रजिस्टर के सही संधारण पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा बलों को सतर्क और अनुशासित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अहम हिस्सा है, जिसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान परिसर और आसपास की स्थिति भी देखी गई। तथा आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत मिंज सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डीसी व पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्टेडियम का किया निरीक्षण

सिमडेगा: उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारी को लेकर मुख्य समारोह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक विधि-व्यवस्था संधारण के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच एवं परिसर की साज-सज्जा, रंग-रोगन, बैरिकेडिंग, परेड के लिए मार्किंग सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, ताकि समारोह गरिमापूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

## लचरागढ़ विवेकानंद विद्यालय के छात्रों ने ग्राम सिजांग में मनाया रक्षाबंधन उत्सव

**कोलेबिरा।** विवेकानंद शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के नेतृत्व में आचार्य प्रमोद पाणिग्रही और कक्षा अष्टम-नवम के छात्रों ने ग्राम सिजांग में रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्य ने स्वर्गीय जतरू नाग की तस्वीर पर माल्यार्पण कर रक्षाबंधन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वनवासी कल्याण केन्द्र के कार्य, उद्देश्य और विभिन्न आयामों के बारे में भी ग्रामीणों को बताया। इसके बाद आचार्य प्रमोद पाणिग्रही के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम हुआ, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने लगभग 132 ग्रामीणों को राखी बांधी। मंच संचालन प्रमोद पाणिग्रही ने किया और धन्यवाद ज्ञापन वार्ड सदस्य धनेश्वर साहू ने दिया।इस अवसर पर ग्राम सिजांग के वार्ड सदस्य धनेश्वर साहू, अभिभावक प्रतिनिधि राजकुमार साहू, श्यामलाल नायक, उदित रतन सिंह, विद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।सिजांग से लौटने के बाद विद्यालय में भी रक्षाबंधन मनाया गया, जिसमें 720 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने यहां भी रक्षाबंधन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### महतो ब्रदर्स 1-0 ट्राइब्रेकर मे विजयी रहा

## प्रतियोगिता से प्रतिभा निखरती है: थाना प्रभारी

**बानो।** प्रखंड के हुरदा थाना क्षेत्र में ग्राम समिति जमतई हुरदा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच महतो ब्रदर्स और संकटमोचन मरानी के बीच खेला गया। निर्धारित समय में दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद निर्णायक परिणाम के लिए ट्राइब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें महतो ब्रदर्स ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।मुख्य अतिथि गिरदा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि रायकेरा पंचायत मुखिया सोमा पहान तथा ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। थाना प्रभारी वर्मा ने कहा कि खेल प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम है और खिलाड़ी खेल के जरिये उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं। सोमा पहान ने शिक्षा के साथ खेल को जरूरी बताते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। घनश्याम सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से पंचायत के बच्चे राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।विजेता टीम को एक लाख रुपये व कप, जबकि उपविजेता को सत्तर हजार रुपये व कप देकर सम्मानित किया गया। मैच में रेफरी की भूमिका संजय समद, शिबू सोरेन, अनुराग सोय, छोटराय टुडु और देवराज ने निभाई, जबकि संचालन मनमसीह जोजो ने किया।



## मोंटफोर्ट विद्यालय में नए प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल का स्वागत आदिवासी परंपरा से सजा कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित मोंटफोर्ट विद्यालय में शुक्रवार कोनए ब्रदर प्रिंसिपल जेवियर टेटे, वाइस प्रिंसिपल कुलदीप कुजूर, सिस्टर सिंधु, सिस्टर अर्पणा, मिस शांति मेरी और सीनियर शिक्षक स्वास्तिक डांग का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों ने बुके भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। छात्रों ने आदिवासी दिवस पर भाषण प्रस्तुत किए और धरती आबा भगवान वीर बिरसा मुंडा एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद कर श्रद्धांजलि दी। दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा गया।जूनियर वर्ग (कक्षा 3-5) के बच्चों ने झारखंडी परंपरा पर आधारित फैशन शो प्रस्तुत किया, वहीं सीनियर छात्रों ने आदिवासी रीति-रिवाज पर आधारित नृत्य किया। कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों ने पत्तल, दोना, दौरा आदि पारंपरिक वस्तुएं बनाकर प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखकर छोटे बच्चों ने भी सीखने की रुचि दिखाई।ब्रदर प्रिंसिपल जेवियर टेटे और वाइस प्रिंसिपल कुलदीप कुजूर ने छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में सक्रिय रहने, माता-पिता का सम्मान करने और अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन मनोज बड़ाइक, मिस माला, सोनू सिंह, आभा टोप्पो, मिस कलारा और मिस जुलियानी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मरियानुस मड़की और मिस रंजिता ने दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, नन-टीचिंग स्टाफ और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सिमडेगा में झामुमो के दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में शोक सभा

सिमडेगा बस स्टैंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना और जिला सचिव मो. सफीक खान के नेतृत्व में झारखंड आंदोलन के प्रणेता, आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतीक, दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में शोक सभा आयोजित की गई।जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि गुरुजी हम सभी के अभिभावक और आदर्श थे। उनका जाना समस्त झारखंडवासियों के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि गुरुजी झारखंड के अग्रणी योद्धा रहे, जो आख़िरी सांस तक राज्य के अधिकार और अस्मिता की लड़ाई लड़ते रहे।शोक सभा में जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो. सफीक खान, केंद्रीय समिति सदस्य नोवास केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, सरफराज अहमद उर्फ रूफी, रितेश बड़ाइक, कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, नगर अध्यक्ष अनस आलम, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष साबिर अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. सकील अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और गुरुजी के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

### ऑडीएफ गांव जहां आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं महिलाएं

# कौन खा गया महिलाओं के नाम का शौचालय ?

**नवीन मेल संवादाता**

### कई बार ग्रामीणों ने लगाई शौचालय देने की गुहार




**सिमडेगा।** जिले में स्वच्छ भारत अभियान के साथ जमकर मजाक किया गया है। गांव में कुछ एक घरों में शौचालय नहीं रहने के बावजूद गांव को ओडीएफ घोषित करने की बात तो समझ में आती है, लेकिन जलडेगा के फिरका गांव में शौचालय का निर्माण नहीं हुआ इसके बावजूद इस गांव को खुले में शौच मुक्त गांव घोषित कर दिया गया है। गांव के बाहर झाड़ियों के बीच लगा ओडीएफ का बोर्ड सरकार के संपूर्ण स्वच्छता मिशन को पर सवाल खड़ा कर रहा है। दरअसल जंगलों के बीच में बसे फिरका गांव आज भी मूलभूल सुविधाओं के इंतजार में बाट जोह रहा है। इस गांव को सरकार ने ओडीएफ घोषित कर दिया है। गांव के बाहर लगा ओडीएफ का बोर्ड को देखने के बाद कोई भी यही समझता है कि फिरका गांव पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त गांव है और यहां सभी ग्रामीणों के घर में शौचालय है, लेकिन सच्चाई इसके ठीक विपरीत है। कागज में ओडीएफ घोषित इस गांव में कई महिलाओं के घरों में आज तक शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। शौचालय बनाने के लिए प्रशासन ने ग्रामीणों से गड्ढा खुदवाया लेकिन भी शौचालय नहीं बना। आज घरों में खोदे गए गड्ढे मिट्टी से भर चुके है जिसके कारण ग्रामीण अब शौचालय बनने का उम्मीद भी छोड़ चुके हैं। ऐसे में यहां के लगभग सभी ग्रामीण खुले में शौच जाने को विवश हैं।

टाटी पंचायत के फिरका राजस्व ग्राम में चुंआ डीपा, बिरंगा टोली, गंझु टोली, गिरजा टोली, झोरा टोली में लगभग 36 परिवार रहते हैं। गांव की घुरनी टेटे, सोमी टेटे, चारू टेटे, सनिका लुगुन, कार्मेला लुगून, एतवारी टेटे, मुनुरेन सुरीन ने बताया कि 8 से 10 घरों को छोड़कर किसी भी ग्रामीण के घर में शौचालय का निर्माण सरकारी स्तर पर नहीं कराया गया है। शौचालय नहीं रहने के कारण गांव के अधिकांश लोग खुले में शौच जाने को विवश होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन लोगों के द्वारा कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष शौचालय दिलवाने की मांग की गई है, परंतु आज तक सिर्फ उन्हें आश्वासन ही मिला।

### कागजों में हुआ है खेला

ग्रामीणों के अनुसार 5 साल पहले ही सरकारी कागजों में गांव के प्रत्येक घरों में शौचालय का निर्माण हो गया है। इसी कारण सरकारी स्तर पर गांव को ओडीएफ भी घोषित किया गया है। सूत्रों के अनुसार शौचालय बनाए बैगर यहां के ग्रामीणों का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी विभाग को जमा किया गया है। बता दें कि फिरका गांव पहाड़ी की तलहटी में बसा हुआ है। ऐसे में यहां जाने के लिए खराब रास्ते ही हैं जिसके कारण अधिकारियों का आना-जाना भी गांव में नहीं के बराबर ही होता है। शायद इसी का फायदा उठाकर खेला कर दिया गया होगा और कागज में ही शौचालय का निर्माण पूरा कर गांव को ओडीएफ घोषित करा दिया गया।

### क्या थी सरकार की योजना, हर ग्रामीण के घर में शौचालय हो

सरकार की योजना थी कि प्रत्येक ग्रामीण के घर में शौचालय हो ताकि गांव में फैलने वाली बीमारियों को कम किया जा सके। इसके अलावा महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा भी मिल सके। लेकिन सरकार की इस योजना को बिचौलियों ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

- स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई
- झंडोत्तोलन कार्यक्रम के संचालन पर सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों के बीच समन्वय पर चर्चा हुई

**नवीन मेल संवाददाता**




**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम एवं अन्य आयोजनों की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन कार्यक्रम के संचालन पर चर्चा की गई।एस.एस. हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली सामूहिक परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नियंत्रण के लिए समिति के सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही 14 एवं 15 अगस्त को वाहनों की पार्किंग के लिए दो अलग-अलग स्टैंड बनाए जाने पर सहमति बनी, ताकि भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से हो सके।बैठक में मेला परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। दुकानदारों को डस्टबिन रखने की सलाह दी गई तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, ट्रेन एवं अन्य खेल-तमाशों की व्यवस्था पर भी विचार किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय भी लिया गया।बैठक में जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, एस.आई. सत्यनारायण प्रसाद, बिरसा मुंडा खेल समिति के अध्यक्ष सन्तोष साहू, डॉ. दुलमु बूढ़ी उली, चूड़ामणि यादव, आनंद कुमार, भगवान पंडा, दुति उरांव, विमल कुमार एवं बालगोबिंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आरक्षी विपुल कच्छप 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' से सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिले में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता और सकारात्मक सोच रखने वाले पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत अब तक कई आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिसकर्मी अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित हो चुके हैं। सम्मानित पुलिसकर्मी की तस्वीर पूरे सप्ताह संबंधित थाना, ओ.पी. या प्रतिष्ठान के सूचना पट पर प्रदर्शित की जाती है, ताकि अन्य कर्मियों को भी प्रेरणा मिले।इसी क्रम में शुक्रवार को ओड़गा ओ.पी. में प्रतिनियुक्त आरक्षी/879 विपुल कच्छप को अगस्त माह के प्रथम सप्ताह के लिए 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी ड्यूटी में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता तथा सकारात्मकसोच के लिए प्रदान किया गया।

## मोरहाबादी वेंडर मार्केट में स्थल निर्धारण के लिए ई-लॉटरी 12 को

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से मोरहाबादी में तैयार वेंडर मार्केट के लाभुकों के लिए स्थल निर्धारण को लेकर 12 अगस्त को दिन के 11.30 बजे से लॉटरी होगी। ई-लॉटरी का आयोजन निगम कार्यालय के आठवें तल्ले पर स्थित सभागार में होगा। निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। बताया गया है कि मार्केट में दुकान लगाने के लिए पूर्व में चयनित लाभुक वेंडर को चबूतरा आवंटित किया जाएगा। इस मौके पर वेंडरों को आधार कार्ड, सर्वेक्षण पावती रसीद, पीएम स्वनिधि, वेंडर पहचान पत्र के साथ लॉटरी में शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया गया है। ई-लॉटरी से स्थल निर्धारण की सूची निगम की वेबसाइट व सूचना पट्ट पर उपलब्ध होगा। सभी तरह की प्रक्रिया एवं औपचारिकता निगम के डे एनयूएलएम सेल की ओर से पूरी की जाएगी।

### डीसी सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला कृषि, बागवानी और आत्मा विभाग की हुई समीक्षा

# वित्तीय वर्ष के तहत चल रही कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई

- झारखंड मिलेट मिशन योजना के तहत 6160 एकड़ में मोटे अनाज उत्पादन का लक्ष्य है, जिसके आलोक में अब तक 221 किसान पंजीकृत हुए हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, आत्मा एवं पौधा संरक्षण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत चल रही कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि 50% अनुदान पर बीज वितरण योजना के तहत धान 2334 किसानों, उरद 774 किसानों और अरहर 14 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया है। बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत शत् प्रतिशत अनुदान पर खरीफ 2025 के लिए उरद, तील, मूंगफली, मक्का एवं मडुआ के बीज 3355 किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। केसीसी योजना की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1748 आवेदन बैंक को भेजे गए थे, जबकि 2025-26 में 33714 किसानों को योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य है। अगस्त 2025 तक 5000 किसानों का चयन कर 429 आवेदन विभाग में और 283 आवेदन बैंक को समर्पित किए गए हैं। लक्ष्य प्राप्ति हेतु लगभग 10000 केसीसी फॉर्म विभिन्न इकाइयों को वितरित किए गए हैं। झारखंड मिलेट मिशन योजना के तहत 6160 एकड़ में मोटे अनाज उत्पादन का लक्ष्य है, जिसके आलोक में अब तक 221 किसान पंजीकृत हुए हैं। उपायुक्त ने अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने व योजना का लाभ लेने के लिए उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए। इस योजना में प्रति एकड़ 3000 तक अनुदान दिया जाता है, जो न्यूनतम 10 डिसमील से अधिकतम 5 एकड़ तक लागू है। मधुमक्खी पालन योजना हेतु किसानों का चयन शीघ्र पूर्ण करने को भी कहा गया। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि स्पोन बीज वितरण कार्य प्रगति पर है, जबकि दो तालाबों की बंदोबस्ती शेष है, जिनमें से एक के लिए आज डाक निर्धारित है। सहकारिता विभाग ने धान अधिप्राप्ति योजना को शत-प्रतिशत पूर्ण करने की जानकारी दी।

## बिना हेलमेट पहने हुए दोपहिया वाहन चलाने पर लाइसेंस होगा जब्त : जया शंखी मुर्मू

- जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा का जिलावासियों को सख्त संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला लोहरदगा में आए दिन प्रायः बहुत सारी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसमें वैसे दोपहिया वाहन चालक जो हेलमेट नहीं पहनते हैं और दुर्घटना का शिकार होते हैं तो उनकी स्थिति और ज्यादा गंभीर हो जाती है। कई बार जान भी गंवानी पड़ती है। अतः इस संदर्भ में आम जनता को जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू द्वारा जागरूक करना है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें।

साथ ही अपना ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन का आवश्यक कागजात साथ लेकर चलना सुनिश्चित करें। साथ ही, यातायात नियमों का पालन करें।

इसके अलावा चार पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनकर एवं वाहन का आवश्यक कागजात के साथ चलना आवश्यक है। इसका उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई के साथ-साथ दंड शुल्क की वसूली की जाएगी। साथ ही लाइसेंस जब्त कर उसे निरस्त करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी।

## ठेठईटांगर प्रखंड के घुटबहार व राजाबासा पंचायत में जंगली हाथियों का उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के घुटबहार और राजाबासा पंचायत में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है। हाथियों के झुंड ने कई घरों और खेतों में भारी नुकसान पहुंचाया है। बीते रात घुटबहार पंचायत के बेड़ाटोली निवासी बिरेन कुंडलना व त्योफिल जोजो तथा राजाबासा पंचायत के केसरा में प्रमोद केरकेट्टा के घर को तोड़कर हाथियों ने अनाज खा लिया। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।घटना की जानकारी मिलते ही विधायक विक्सल नमन कोनगाड़ी के निर्देश पर उनके विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज और कांग्रेस नेताओं ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों को चावल और प्लास्टिक त्रिपाल प्रदान किया। प्रखंड प्रमुख ने मौके से ही वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नुकसान का आकलन कर जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

## बानो बड़ाइक टोली में स्वास्थ्य शिविर, 140 लोगों की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो के बड़ाइक टोली में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी सुभद्रा कुमारी के निर्देश पर प्रखंड आयुष अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ. जावेद आलम, हुरदा आयुष अस्पताल के डॉ. इरफान आलम, बड़ा बाबू सुरेंद्र उरांव, स्वास्थ्य कर्मी, योग शिक्षिका सावित्री एवं सुबंती कंडुलना उपस्थित रहीं।शिविर में 140 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड शुगर, बीपी समेत कई प्रकार की जांच शामिल थीं। विशेष रूप से ऑस्टियोआर्थराइटिस और मस्कुलोस्केलेटल संबंधी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही विभिन्न रोगों की पहचान कर मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी गई।डॉ. जावेद आलम ने बताया कि सभी प्रकार की बीमारियों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। डॉ. इरफान आलम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है। डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है।

## डीएवी गांधीनगर के विद्यार्थियों ने किया जनजातीय संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण



- ऑड्रे हाउस भी गए, 'उलगुलान' कार्यक्रम के तहत कराया गया भ्रमण
- विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय लोक कल्याण संस्थान एवं रिलेशंस की ओर से विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को 'उलगुलान' कार्यक्रम के तहत डीएवी गांधीनगर स्कूल, कांके रोड के सैकड़ों विद्यार्थियों को जनजातीय संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भ्रमण करने से पहले दो मिनट का मौन धारण कर झारखंड राज्य के पुरोधा सह पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को याद कर नमन किया। ज्ञात हो कि वर्ष 2008 में झारखंड राज्य के पुरोधा व पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिबू सोरेन ने ही इस जनजातीय संग्रहालय की स्थापना की थी।

विद्यार्थियों ने जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कर झारखंड के 32 जनजातीय समाज की विस्तृत जानकारी हासिल की। उनकी सभ्यता संस्कृति और इतिहास को भी नजदीक से देखा और समझा। विद्यार्थियों ने यहां दुर्लभ वस्तुएं, अलग-अलग जनजातियों के मॉडल, आदिवासियों का रहन-सहन, पहनावा, बोली एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी पढ़ा और जाना।

विद्यार्थियों ने सभी मूर्तियों के मॉडल के माध्यम से प्राचीन काल से अब तक की पूरी जीवन यात्रा को समझा और जाना। वहीं, विद्यार्थियों ने कांस्य युग से आधुनिक युग के पारंपरिक हथियार, खान-पान से रूबरू होने का मौका मिला। यही नहीं, प्राचीन काल के आभूषण, वाद्ययंत्र व हस्तशिल्प और हथियार को भी देखा।

बच्चों ने इस शैक्षणिक भ्रमण से झारखंड की संस्कृति और इतिहास को बखूबी से समझा और जाना। वहीं, बच्चों ने ऑड्रे हाउस भी जाकर पेंटिंग प्रदर्शनी को देखा। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे काफी उत्साहित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव कुणाल सिंह, राज कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, डीएवी गांधीनगर के कला शिक्षक कृष्णा प्रसाद, मीतू सिंह समेत कई शिक्षक - शिक्षिकाएं और सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जिमा गांव में 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुरू प्रखंड के जिमा गांव में 100 केवी क्षमता वाले विद्युत ट्रांसफार्मर का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह ट्रांसफार्मर गांववासियों को सुचारु और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

इस अवसर पर कुरू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ शाहदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वरिष्ठ ग्रामवासियों के साथ मिलकर पारंपरिक रीति से फीता काटकर और नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया।

यह ट्रांसफार्मर सांसद सुखदेव भगत के सतत प्रयासों एवं जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने सांसद श्री भगत के प्रति आभार प्रकट किया। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से जिमा गांव को अब स्थिर बिजली आपूर्ति मिलेगी, जिससे घरेलू कार्य, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और कृषि गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।


## AFFIDAVIT

Nepal Das S/O Late Bhukhal Das, Vill-Tunju, P.O-Baredih, Ps-Bundu, Dist- Ranchi, State (Jharkhand) 835204do here by solemnly affirm and declare is as follows. That my name is NEPAL DAS mentioned in UID Card No 4969 2001 0859 Voter Id No MMG 5589815 Pass Book of SBI A/C No 3045502 3798 PAN Card No APOP09589H and Education Certificate. That my name mentioned in Service Book as Nepal Bhukhal Das Card No 110080541918.That Nepal Das S/O Late Bhukhal Das as myself appointed as ALP in Pune Division/Central Railway and as per this systein names indicated including fathers name in middle and Nepal Bhukhal Das S/O Late Bhukhal Das is same and one person name. That this affidavit is made for this purpose swearing before competent Authority.

**Affidavit No. 18. 07 Aug. 2025**


## पार्किंग शुल्क...



रांची सदर अस्पताल में पार्किंग शुल्क वसूली को लेकर हुई मारपीट

## मॉनसून ने एक बार फिर पकड़ी रफ्तार

**रांची।** झारखंड में मॉनसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने राज्य के 15 जिलों के लिए शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 12 अगस्त तक वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी भी दी गई है। राजधानी रांची सहित कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। बीते 24 घंटे में झमाझम बारिश पिछले 24 घंटों में राज्य के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया में सबसे अधिक 75.2 मिमी बारिश हुई, जबकि रांची के नामकुम में 15.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में एक से दो बार बारिश होने की संभावना है।

## हर घर तिरंगा -तिरंगा यात्रा को लेकर चान्हो में बैठक



- बैठक में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत और सन्नी टोप्पो रहे उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता घर घर तिरंगा लगाने के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे तथा 11 अगस्त को चान्हो में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा 12 अगस्त को बिजुपाड़ा मंडल में तिरंगा यात्रा होगी यह निर्णय भाजपा चांन्हो मंडल की बैठक में लिया गया। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से देश प्रेम से ओत प्रोत रहेगा कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों को सामिल होने का आह्वान किया गया है कार्यक्रम 11 बजे पूर्वाह्व चान्हो मुख्यालय से सुरु होगा आज चान्हो भाजपा कार्यालय में इस की तैयारी हेतु एक बैठक मंडल अध्यक्ष विजय कुमार कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई जिसमे पूर्व सांसद सह पुर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुदर्शन भगत,बिजुपाड़ा अध्यक्ष अरविंद सिंह चान्हो प्रभारी युवा नेता सन्नी टोप्पो, बिजुपाड़ा प्रभारी सतीश शाह,रीना टोप्पो,वरिष्ठ भाजपाई कैलाश गुप्ता, विशेश्वर महतो, सालिकराम पांडे, सुनील उरांव, अनिल पांडे, गणेश साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नेहरू कप स्कूली हॉकी प्रतियोगिता

## ककरिया व लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय बना चैंपियन

- जिला शिक्षा अधीक्षक ने पुरस्कारों का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू स्कूली हॉकी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अपना दबदबा दिखाते हुए लापुंग प्रखंड के राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया अंडर 15 बालक वर्ग एवं लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग की टीम अंडर 17 बालक वर्ग में अपने अपने प्रतिद्वंदी टीमों को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया ने फाइनल में अंडर 15 बालक वर्ग में इग्नाशियुस देवगिरी तमाड़ की टीम को 2-1 से पराजित कर चैंपियनशिप हासिल किया। यह कारनामा ककरिया की टीम ने सिर्फ नौ खिलाड़ियों को खिलाकर हासिल किया जिसकी आयोजन समिति और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खूब प्रशंसा की। ककरिया की ओर से पहले हाफ के सातवें मिनट में सुमित मुंडा एवं दूसरे हाफ के 17 वें मिनट में संजय मुंडा ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाया। वहीं दूसरी ओर राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग की टीम ने अंडर 17 बालक वर्ग में जनता हाई स्कूल दिघिया की टीम को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय के तेज तर्रार स्ट्राइकर पंकज भगत ने 7 वें एवं 12 वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर अपनी टीम को चैंपियन बनाया। बरियातु बालिका हॉकी सेंटर में खेले जा रहे प्रतियोगिता के दौरान लापुंग की टीम के दोहरे खिताब से लापुंग के छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं में खुशी की लहर व्याप्त हो गई है। विजेता और उपविजेता टीम को जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, एडीपीओ पंकज कुमार, खेल प्रभारी सतीश मिश्रा, एपीओ अखिलेश कुमार ने पुरस्कृत किया। वहीं विजेता टीम के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय एवं रेखा आरती कुजूर ने खिलाड़ियों एवं कोच सहित पूरी टीम को बधाई दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के राकेश रोशन तिग्गा, रंजीत प्रकाश होरो, जोलेन होरो सहित मैनेजर आनंद मिर्धा, वरूण कुमार महतो, विनोद कुमार सिन्हा, नरेश साव, दीपक कुमार मेहता, जूरी के सदस्य विजय तिर्की, आयोजन समिति के संजय हजाम, आशीष चंन्द्र उरांव सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर जिलेभर में स्वास्थ्य जांच



- परामर्श और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ी जागरुकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार आज पूरे जिले में गंभीर कुपोषण (सैम– गंभीर तीव्र कुपोषण) से ग्रसित बच्चों की जांच एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह गतिविधियां सभी आँगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर संचालित हुईं, जिनमें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण स्तर का आकलन तथा माताओं को स्तनपान के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। समुदाय में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सभी प्रखंड मुख्यालयों पर पारंपरिक नृत्य और गीतों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से रचनात्मक ढंग से बताया गया कि स्तनपान शिशु के स्वास्थ्य, विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता को कैसे मजबूत करता है। इसके अलावा जनसंपर्क विभाग की एलईडी वैन और नुक्कड़ नाटकों के जरिए विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार कर माताओं, गर्भवती महिलाओं और परिवारजनों को स्तनपान के लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही।


## Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi.
## Water Resources Department
**Email:** eeqcdrnc@gmail.com**website:** http://jharkhandtenders.gov.in
## e- Expression of Interest (EOI)

Inviting Expression of Interest (EOI) for empanelment of only Indigenous Manufacturers of **5HP, 7.5 HP & 10 HP** pumps (AC Surface water Pumps) with all accessories for off-grid Stand alone Solar Photovoltaic Water Pumping Systems guaranteed for 5 years through online bidding to provide irrigation in different kinds of Minor Irrigation Schemes under Water Resources Department, Government of Jharkhand.

e- EOI Reference No – WRD/MIQCD/RANCHI- 01/2025-26
Dated:- 08.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Empanelment of only Indigenous Manufacturers of<br>1. 5 HP AC Surface water Pumps<br>2. 7.5 HP AC Surface water Pumps<br>3. 10 HP AC Surface water Pumps<br>with all accessories for off-grid stand alone Solar Photovoltaic Water Pumping Systems guaranteed for 5 years to provide irrigation in different kinds of Minor Irrigation Schemes under Water Resources Department, Government of Jharkhand. |
| 2. | Date of Publication of EOI on http://jharkhandtenders.gov.in | **21.08.2025 at 2:00pm** |
| 3. | Pre-Bid Meeting | **29.08.2025 at 3:00pm** (In the Office of Chief Engineer, Minor Irrigation, Ranchi, Abhiyantran Bhawan, near Kutchery Chowk, Ranchi) |
| 4. | Last date/Time of online submission of Bids | **19.09.2025 at 5:00pm** |
| 5. | Last Date and time for upload of bid security and other documents in online form | **19.09.2025 at 5:00pm** Through e-Tender Portal www.jharkhandtender.gov.in (As per SOP issued by Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide letter no 120, Dated 03.10.2023) |
| 6. | Date and time of opening of bid | **20.09.2025 at 2:00pm** |
| 7. | EOI application fee | **Rs.10,000/-** only (non-refundable). To be paid online as per SOP uploaded. |
| 8. | Name & address of the office inviting Tender | Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi. |
| 9. | Contact No. of Procurement Officer | **9835375808** |
| 10. | Helpline number of e-procurement | **9835375808** |

- Manufacturers, as described above desirous for empanelment in the department may take part in **one or two or all three** categories described in the table. Accordingly they have to submit test certificates, EOI application fee and bid security will be the same for all bidders (whether they take part in one or more categories)
- **Bid Security** of Rs.7,00,000/- (Rs. Seven lakhs only) is to be submitted through e-Tender Portal www.jharkhand tender.gov.in (As per SOP issued by Information Technology & e- Governance Department, Govt. of Jharkhand vide letter no 120, Dated 03.10.2023) in favour of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi. Bid Security will be returned after the expiry of five years, extendable as and when required from the date of empanelment. The said amount may be forfeited partially or fully for failure to fulfil the terms and conditions of this EOI. No interest will be accrued on the Bid Security amount.
- In the event of date specified for submission/ opening of bids is declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
- The department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date for submission of offers or on any subsequent date.
- All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High court, Ranchi.
- EOI/BidDocuments,anychanges&further detailscanbeseenon Website : http://jharkhandtenders.gov.in

**Sd/-**
**Executive Engineer, Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi**
**Water Resources Department, Jharkhand**

PR 359242 (Water Resource)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

# टैरिफ युद्ध रणनीति व सावधानी

भारत ने ट्रंप की भभकी का जवाब रूस यात्रा से देने का प्रयास किया पर भारतीय ही नहीं, प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 24 देशों में किए गए सर्वेक्षण में 19 देशों के आधे से अधिक वयस्कों को वैश्विक मामलों में ट्रंप के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। संदर्भ सब कुछ बदल देता है-परिभाषाएं, अपेक्षाएं और धारणाएं। बीते शुक्रवार को ट्रंप की टैरिफ संबंधी घोषणा से अनुमान के मुताबिक दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। बिटकॉइन भी लुढ़क गया। टैरिफ ने मुद्रा बाजारों को हिलाकर रख दिया, जिससे शेयर बाजारों के 'डर सूचकांक' में तेजी आई। ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया और इस तरह भारत पर उसने कुल 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया है। अतिरिक्त टैरिफ आदेश जारी होने की तारीख से 21 दिन बाद लागू होगा, लेकिन भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे 'अनुचित, अकारण और तर्कहीन कार्रवाई' बताया है। टैरिफ के झटके और ट्रंप के तीखे हमलों से भारत में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। ट्रंप ने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताया, जिस पर काफी हंगामा हुआ। राहुल गांधी ने ट्रंप के बयान के प्रति सहमति जताई। वह सरकार और राष्ट्र की आलोचना के बीच अंतर करने में विफल रहे। विपक्षी नेताओं को अपनी टिप्पणियों पर संयम बरतने की जरूरत है। ट्रंप के बयान को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, पर शाब्दिक रूप से नहीं। ट्रंप भारतीय अर्थव्यवस्था का सटीक आकलन करने के लिए पूरी तरह से योग्य नहीं हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इसका भविष्य भारतीयों द्वारा तय किया जाएगा। भारत के बारे में ट्रंप की टिप्पणी को उनकी हताशा ही समझी जानी चाहिए। ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को और अधिक दंड का कारण बताया। यह दृष्टिकोण भारत के ऊर्जा सुरक्षा के अधिकार को प्रभावित करता है। उनकी इस अपेक्षा से पाखंड की भी बू आती है। ऊर्जा सूचना एजेंसी ने खुलासा किया है कि अमेरिका हाल तक रूस से यूरेनियम आयात करता था, और उसकी कंपनियां 2028 तक छूट मांग सकती हैं। यूरोपीय संघ की संसद की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि रूस से गैस आयात 2027 के अंत तक जारी रहेगा। हाल ही में नाटो प्रमुख मार्क रूट ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। विडंबना यह है कि उनके देश, नीदरलैंड ने रूसी यूरेनियम का आयात किया है। वास्तव में बताया गया है कि रूसी कंपनी रोसाटॉम नीदरलैंड के जरिये यूरेनियम से होने वाले मुनाफे का प्रबंधन करती है। असल में अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी नियामक मंजूरियों को ज्यों का त्यों स्वीकार कर ले, जिससे भारत के संप्रभु अधिकारों का हनन होता है। वह सोया और मक्का के साथ-साथ अन्य आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, जो भारत के लिए आत्मघाती हो सकता है। इसके अलावा, आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों से संबंधित मामले सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। अमेरिका यह भी चाहता है कि भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों को मंजूरी दे। यह भारतीय किसानों के लिए एक खतरा है और अमेरिकी डेयरी उद्योग द्वारा पशु आहार के रूप में मांस, मुर्गी और मछली के अर्क सहित पशु प्रोटीन का उपयोग सामाजिक-सांस्कृतिक विवाद को जन्म दे सकता है। आगामी 25 अगस्त को जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर चर्चा होगी, तो उम्मीदों में तालमेल बिठाना और खींचतान व दबाव के कारकों को परिभाषित करना मुश्किल होगा।

*टैरिफ ने मुद्रा बाजारों को हिलाकर रख दिया, जिससे शेयर बाजारों के 'डर सूचकांक' में तेजी आई।*

# झारखंड के अस्तित्व में रचा बसा है शिवयोग का पूरा ब्रह्मांड



रक्षाबंधन के साथ सावन का समापन हो जाता है। इस समापन के अपने मायने हैं क्योंकि यह भगवान भोलेनाथ के रूद्राभिषेक अभियान का उत्कर्षविन्दु होता है। इस रूद्राभिषेक के झारखंड में अपने मायने हैं क्योंकि अपनी प्राकृतिक मिठास के कारण भी इस मौसम में यह माटी खुद बौराई हुई नजर आती है। इस बावलेपन की एक अलग ही कहानी है। पुंड्र, पौन्ड्र, पौंड्रिक, ब्रात्य, कीकट आदि कई नामों के यात्रा वृत्तांत को अपने में समेटे इस भूभाग की इस कहानी में मनुस्मृति, वायु पुराण और महाभारत से लेकर आधुनिक काल तक के तमाम संदर्भ शिव में समाए हुए हैं। महाभारत काल में असुरों की इस माटी में जंगरोधी अस्त्र शस्त्र निर्माण का उल्लेख है। महादेव को असुरों का आराध्य माना जाता है जबकि अपने इस आराध्य के प्रति समर्पण का साक्षात प्रमाण आज भी यहाँ के टांगीनाथ मौजूद है। टांगीनाथ के इस प्रमाण का चमत्कार देखिए कि सदैव इस प्रदेश के कण-कण में शिव की उपस्थित रहे हैं। ऐसे में यहाँ बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक बैद्यनाथ धाम तो हैं ही, तो दूसरी ओर बासुकीनाथ, दलमा पहाड़ शिवालय, अखिलेश्वर धाम, तुतीझरना, जयदा मंदिर, आम्रेश्वर धाम, महासदाशिव मंदिर, देवाकी धाम, महादेव कोना मंदिर, टांगीनाथ, चांडिल मंदिर, कपिल नाथ मंदिर से लेकर अटूट आस्था के हजारों सिद्ध महादेव हैं और शिवदर्शन के लिए दूर-दूर से शिवभक्त यहाँ आते रहते हैं। यह आस्था कुछ इतनी प्रबल है कि यहाँ के लगभग सभी जिलों में एक एक बुढ़ा महादेव की अवधारणा जरुर है तो हर गांव में मरांगबुरु स्वयं विराजमान हैं। यह यहाँ का मूल स्वरूप है क्योंकि आदिवासी समुदाय मरांगबुरु के नाम पर पहाड़ की जिस चोटी की पूजा करते हैं वह अंततः भगवान शिव का ही प्रतीक होता है। यह कोई संयोग मात्र भी नहीं है क्योंकि झारखंड में शिवचर्चा की उपस्थिति का प्रसंग मूलतः पौराणिक रहा है। यह वह भूमि है जहां न केवल माता सती का हृदय गिरा था बल्कि भगवान शिव ने माता के अंतिम संस्कार के लिए पूरे ब्रह्मांड में से अंततः इसी चिता भूमि की शुद्धता का चयन किया था।संदर्भवश मनुस्मृति के श्लोकों की मानें तो इस माटी की व्याख्या "अयस्क पत्रे पयःपानम् ,शाल पत्रे च भोजनम्। शयनम् खर्जूरी पत्रे, झारखंडे विधियते।।" अर्थात झारखंड क्षेत्र में रहने वाले लोग, लोहे के बर्तन में पानी पीते हैं, साल के पत्ते पर भोजन करते हैं और खजूर के पत्तों पर सोते हैं। वस्तुतः जीवन जीने का यह स्वरूप शिव साधना के उस विशिष्ट शैली को समर्पित रहा है जिसके इसके साक्षात स्वरूप के दर्शन यहाँ प्रति वर्ष मंडा पर्व के दौरान देखने को मिलता हैं। विगत 23 मई 2023 को देश की प्रथम नागरिक के तौर पर महामहिम द्रौपदी मूर्मू ने खुंटी के अपने एक कार्यक्रम में इसी श्लोक की तो चर्चा की थी जबकि शैव संप्रदाय के प्रति इस समर्पण का प्रमाण वायु पुराण के 45वें अध्याय के श्लोक "वृहद् घटमात्राश्च तथा राष्ट्र विदुर्बुधाः। झारखंड विन्ध्य शालौ द्वौ पर्वतौ परिकीर्तितौ।।" में भी देखने को मिलता है। इस श्लोक में झारखंड का उल्लेख विन्ध्य पर्वत की सीमाओं के साथ किया गया है। इस चर्चा से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह क्षेत्र पाशुपत्य विद्यालय और अष्टशंभु महादेव के साकार स्वरूप की हदों में है। भारतीय दर्शन में विन्ध्य पर्वत को सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का दर्जा प्राप्त है और इस पर्वत का पुरब हमेशा से पाशुपत्य संप्रदाय को समर्पित रहा है। झारखंड इसी पर्वत श्रृंखला के पूरब में अवस्थित है और शैव धर्म के प्रति इसके उपरोक्त दावों के सामने कोई चुनौती नहीं है।

उल्लेखनीय है कि शैव धर्म को विश्व का सबसे प्राचीन संप्रदाय माना गया है जिसकी चर्चा वेदों से लेकरमहाभारत तक में है। इस संदर्भ में शैव धर्म के नैतिक सिद्धांतों, अनुष्ठानों, ध्यान विधियों और ब्रह्मांड विज्ञान के साथशैव मत, वैदिक परंपराओं, स्थानीय प्रथाओं, योग, पूजा व भक्ति आदि के मिश्रण की दृष्टि से देखें तो झारखंड की यह माटी मूलतः शैव आंदोलन के केंद्र में रहा है। यह महज कोई संयोग भी नहीं है कि इस माटी में बैजनाथ धाम की गरिमामय उपस्थिति है फिर भी यहाँ शैवमत के प्रति समर्पण को किसी भी ज्योतिर्लिंग या किसी मठ मंदिर के साथ बांधकर नहीं देखा जाता। ऐसे में बौद्ध धर्म अपनाने के बाद सम्राट अशोक के द्वारा मगध-कलिंग मार्ग के इस क्षेत्र में शिवालयों के महाविध्वंस के बावजूद शिव के प्रति इसके समर्पण को लेकर कभी सवाल खड़े नहीं किए जा सके। अब जबकि सवालों का कभी अंत नहीं होता तो झारखंड के अपने आदि आराध्य भगवान शिव को इन सवालों से वंचित भी नहीं रखा जा सकता। बहरहाल आज भाव का विषय तो यह है कि रसूखदार होने के बावजूद देवों के देव महादेव को यहाँ शोध की संभावनाओं से लगभग विश्राम दे दिया गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आज की बात



केदारनाथ दास

# बाढ़, मोक्ष व मंत्री जी की 'पैरधोई' राजनीति

जब देश में बाढ़ आती है, तो पानी सिर्फ खेतों और घरों को नहीं डुबोता — वह सत्ता की संवेदनशीलता को भी भिगोकर बेनकाब कर देता है। मगर हमारे नेता इस तबाही को आस्था की मिठास में लपेटकर ऐसा परोसते हैं कि डूबता इंसान भी ताली बजाकर कहे - वाह, सरकार। कानपुर देहात में बाढ़ से तबाही मची हुई है, गांव-के-गांव डूबे पड़े हैं, लोग छतों पर भूख से तड़प रहे हैं, मवेशी बह गए, स्कूल-हॉस्पिटल कीचड़ में तब्दील हो गए और इन हालात में मंत्रीजी का बयान आता हैः गंगा मैया तो गंगा पुत्र का पैर धोने आती हैं और आदमी सीधा स्वर्ग जाता है। वाह रे लोकतंत्र, क्या शानदार 'पैरधोई नीति' गढ़ी है। माने अब बाढ़ कोई प्राकृतिक आपदा नहीं रही, वो मोक्ष-मार्ग बन गई है। अब जनता के घर डूबें, बच्चे बिलखें, बूढ़े तड़पें — कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मंत्रीजी की दृष्टि में यह तो एक पवित्र स्नान है, जिसमें डूबने वाला सीधे स्वर्ग पहुंचता है। कितनी विचित्र विडंबना है – जिनकी जिम्मेदारी थी बाढ़ से बचाने की व्यवस्था करना, वो अब डूबने की महिमा गा रहे हैं। यानी सिस्टम फेल हो गया, और उसकी लीपा-पोती धर्म और दर्शन के घोल से की जा रही है। दरअसल, यह बयान उस राजनीतिक प्रवृत्ति का उदाहरण है, जहां नेता जनता का सेवक नहीं, बल्कि दैवीय दूत बन बैठा है। जो बाढ़ को वरदान बताए, सूखे को तपस्या, और महामारी को पुण्य। इस बयान में सिर्फ संवेदनहीनता नहीं है, बल्कि एक गहरा राजनीतिक खेल भी छिपा है। जब नेता जवाबदेही से भागना चाहता है, तो वह जनता को श्रद्धा में उलझा देता है। उसे भूख नहीं, मोक्ष का सपना दिखाया जाता है। राहत शिविर नहीं, स्वर्ग का टिकट बांटा जाता है। अब सोचिए, अगर बाढ़ में मरने वाला सीधा स्वर्ग जाता है, तो क्या मंत्रीजी अगली बार खुद अपने बंगले के बाहर खड़े होंगे, जब गंगा जी पैर धोने आएंगी? या फिर उनके लिए बाढ़ सिर्फ गरीबों के घरों की शोभा है? अगर सच में यह पैर धोने की परंपरा है, तो कृपया इसे राजधानी तक भी लाया जाए। वीआई पी कॉलोनियों में भी यह गंगाजल बहाया जाए ताकि वहां भी कुछ लोगों को स्वर्ग की अनुभूति हो। लेकिन अफसोस, वहां बाढ़ नहीं आती, वहां हेलिकॉप्टर उतरते हैं और जनता की तकलीफ सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस में इस्तेमाल होती है। कभी-कभी लगता है कि इन नेताओं ने जनता को ईश्वर की प्रयोगशाला बना दिया है। जहां हर आपदा एक नई लीला है – बाढ़ मतलब स्नान, सूखा मतलब तपस्या, और महामारी मतलब यमराज की वीआईपी एंट्री। बाढ़ आई – गंगा मैया। सूखा पड़ा – सूर्य देव। भूकंप आया – धरती माता की करवट। महामारी फैली – काली मां का प्रकोप। बस सरकार की नाकामी का ठीकरा किसी देवी-देवता पर पटक दो, और खुद कैमरा देखकर मुस्कुरा दो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

व्यंग्य की बात



प्रो. आरके जैन

# राखी कलाई में बंधा धागा नहीं विश्वास और प्रेम की परंपरा है

रक्षाबंधन भाई-बहनों के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। बहनें अपने भाई की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उसे राखी बांधती हैं, और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा का वचन देता है।रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है।राजसूय यज्ञ के समय श्रीकृष्ण को द्रौपदी ने भी रक्षासूत्र रूप में अपने आंचल का टुकड़ा बांधा था। इसी के बाद से बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने की परंपरा शुरू हो गई, रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्तों के कुछ प्राचीन उदाहरण हैं एक बार भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से खून बहते देख द्रौपदी ने अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया। श्रीकृष्ण ने बदले में उन्हें यह वचन दिया कि वे हर संकट में उनकी रक्षा करेंगे। दुर्योधन द्वारा द्रोपदी के चीर हरण के समय भगवान श्री कृष्णा अपने भाई होने का कर्तव्य निभाया और उसे चीर हरण के समय द्रौपदी की सुरक्षा की यही रक्षा का भाव रक्षाबंधन का मूल है।संत कबीर की बहन ने उन्हें राखी बांधते हुए रक्षा का आग्रह किया।कबीर ने कहा कि वे हमेशा उन्हें न केवल शारीरिक खतरों से, बल्कि आध्यात्मिक अज्ञान से भी बचाएंगे। कथा बताती है कि रक्षा केवल तलवार से नहीं, बल्कि मार्गदर्शन और अच्छे जीवन के मूल्यों से भी होती है।राजस्थान के जयपुर में रहने वाली 24 वर्षीय पूजा का एक सड़क दुर्घटना में काफी खून बह गया। डॉक्टरों ने तुरंत ओ-नेगेटिव ब्लड की जरूरत बताई, जो दुर्लभ है। अस्पताल पहुँचे से पहले ही उसका भाई रोहित, जिसने कुछ महीने पहले ही ब्लड डोनेशन के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया था, दौड़कर पहुंचा और बहन की जान बचाने के लिए रक्तदान किया।, दिल्ली की सीमा को अचानक किडनी फेल होने की समस्या हुई। डायलिसिस पर जीवन कट रहा था। टेस्ट में पाया गया कि उसके भाई अनिल का मैच पूरी तरह सही है। बिना एक पल सोचे अनिल ने अपनी किडनी बहन को डोनेट कर दी। आज सीमा पूरी तरह स्वस्थ है और कहती हैं, "मेरे भाई ने मुझे दूसरी बार जन्म दिया।" रक्षाबंधन की परंपरा का मूल भाव बहन का रक्षा-सूत्र बाँधना और भाई का रक्षा-वचन निभाना अब भी वही है, लेकिन समय और समाज के बदलाव के साथ इस त्योहार की कई नई रूपरेखाएँ उभर आई हैं।

### रिश्तों की परिभाषा में विस्तार पहले राखी मुख्यत

जन्म से भाई-बहन के बीच बाँधी जाती थी।अब बहनें मित्रों, सहकर्मियों, गुरुओं, यहां तक कि पुलिसकर्मियों और सैनिकों को भी राखी बांधकर सुरक्षा के भाव को व्यापक रूप दे रही हैं।कई बार महिलाएं एक-दूसरे को भी "सुरक्षा और समर्थन" के प्रतीक के रूप में राखी बांधती हैं। पहले भाई बहनों को मिठाई, कपड़े या थोड़े पैसे देते थे। अब गिफ्ट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग वाउचर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इंश्योरेंस पॉलिसी, और यहां तक कि म्युचुअल फंड SIP जैसी निवेश योजनाएँ भी उपहार में दी जा रही हैं। दूरी के कारण डिजिटल रक्षाबंधन प्रवासी और दूर रहने वाले भाई-बहन अब वीडियो कॉल, ई-राखी, और ऑनलाइन गिफ्ट डिलीवरी के जरिए त्योहार मनाते हैं। कई ऐप और वेबसाइट पर "वर्चुअल राखी" भेजने की सुविधा है।

### सामाजिक और सरकारी पहल

कई राज्यों में रक्षाबंधन के दिन महिलाओं के लिए मुफ्त बस या ट्रेन यात्रा की सुविधा दी जाती है (जैसे यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश)। स्कूलों, कॉलेजों और एनजीओ में रक्षाबंधन को पर्यावरण या सामाजिक संदेशों के साथ जोड़ा जाता है—जैसे पेड़ों को राखी बांधकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना।

### रक्षा की अवधारणा का आधुनिकीकरण

अब रक्षा का मतलब केवल "शारीरिक सुरक्षा" नहीं रहा। भाई बहनों को साइबर सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा और भावनात्मक समर्थन भी देने लगे हैं।बहनें भी भाइयों को राखी बांधकर उन्हें स्वास्थ्य और मानसिक सुख-शांति की शुभकामनाएं देती हैं। रक्षाबंधन का सार यह है कि "रक्षा" केवल शारीरिक खतरे से नहीं, बल्कि जीवन के हर भय, चिंता और असुरक्षा से होती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि वचन निभाना ही सच्चे रिश्ते की पहचान है—चाहे समय महाभारत का हो, मध्यकाल का हो या आज का। राखी का धागा सिर्फ कलाई में नहीं, बल्कि विश्वास और प्रेम में बंधा होता है।रक्षाबंधन समय के साथ अपने रूप और तरीकों में भले बदल गया हो, लेकिन इसकी आत्मा आज भी वैसी ही है—रिश्तों में प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का वचन। यह धागा अब सिर्फ भाई-बहन के बीच ही नहीं, बल्कि समाज और इंसानियत के बीच भी जुड़ाव का माध्यम बन चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात



योगाचार्य महेश पाल

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

आंसू तो ढुलके बहुत, पर घूंघट की ओट।
कौन जान पाया , लगी , भीतर कितनी चोट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जीवन का रहस्य आदिवासी दर्शन में छुपा है

विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष

विश्व आदिवासी दिवस हर वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है, यह दिन न केवल आदिवासी समुदायों के अधिकारों, अस्तित्व और पहचान को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि हमें उनकी जीवनदृष्टि, दर्शन, सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति-केन्द्रित जीवनशैली के गूढ़ रहस्यों को समझने का निमंत्रण भी देता है। "जीवन का रहस्य आदिवासी दर्शन में छुपा है" यह कथन केवल काव्यात्मक नहीं, बल्कि गहरे अध्यात्म और जीवन के सत्य को इंगित करता है। आदिवासी दर्शन का मूल आधार 'प्रकृति-पुरुष' के सिद्धांत में निहित है। उनके अनुसार, प्रकृति केवल संसाधन नहीं, अपितु माँ, देवी, संरक्षिका और जीवन की मूल प्रेरणा है। जंगल, पर्वत, नदियाँ, चट्टानें, सूर्य, चाँद, अग्नि, वायु सभी उनके देवता हैं। उनका जीवन केवल भौतिक नहीं, अपितु आध्यात्मिक और सामूहिक चेतना पर आधारित है। यह दर्शन वैदिक सनातन संस्कृति से बहुत मिलता-जुलता है, जहाँ पंचमहाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) की उपासना की जाती है। ऋग्वेद से लेकर महाभारत और पुराणों तक हमें ऐसे अनेक प्रसंग मिलते हैं जो आदिवासी परंपराओं से साम्य रखते हैं। उदाहरणार्थ महाभारत में भील योद्धा एकलव्य की कथा आदिवासी अस्मिता और शिक्षा के अधिकार की प्रतीक बन चुकी है। रामायण में शबरी एक वनवासी महिला हैं जिनकी भक्ति को भगवान राम ने स्वयं स्वीकार किया। पिंगला, निषादराज गुह, मतंग ऋषि जैसे अनेक पात्रों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि सनातन परंपरा ने वनवासी समुदायों को कभी हीन दृष्टि से नहीं देखा। यह भी उल्लेखनीय है कि ऋषि-मुनि अक्सर गहन वनों में ही तपस्या करते थे, जहाँ आदिवासी रहते थे। वहां की जीवनशैली, वन्य ज्ञान और औषधीय समझ ने वैदिक जीवन को भी समृद्ध किया। इनका जीवन पद्धति और रहन-सहन बहुत ही अनोखा है। इनके बीच सामूहिकता की भावना होती है। आदिवासी जीवन में 'मैं' नहीं, 'हम' की अवधारणा है। उनकी बस्तियाँ एक परिवार की तरह होती हैं, जहाँ दुख-सुख साझे होते हैं। आहार-व्यवस्था वन्य उत्पादों, मौसमी फल-सब्जियों, मांसाहार और पारंपरिक अनाजों पर आधारित संतुलित आहार, जिसे वे बिना रासायनिक प्रक्रिया के ग्रहण करते हैं। स्थायी जीवनशैली के तौर पर वे प्रकृति से केवल लेते नहीं, लौटाते भी हैं। उनकी खेती, शिकार, जल प्रबंधन प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल होती है। आदिवासी पूजा-पद्धतियाँ अत्यंत मौलिक हैं। सरहुल, करम, जिउतिया, जनी शिकार, मांगा पर्व जैसे त्योहार झारखंड के आदिवासी समुदायों में उत्सवधर्मी जीवन का प्रतीक हैं। पूजा में मूर्ति नहीं, वृक्ष, जल स्रोत, शिला, सूर्य, चंद्रमा जैसे प्राकृतिक तत्वों की वंदना होती है। उनकी नृत्य-संगीत परंपरा भी एक रिचुअल है। संवाद, आराधना और सामाजिक सामंजस्य का माध्यम। विश्वभर में 370 मिलियन से अधिक आदिवासी 5000 से अधिक भाषाओं को बोलते हैं। भारत में ही लगभग 700 जनजातियाँ हैं, जिनकी अपनी विशिष्ट भाषाएं हैं जैसे संताली, हो, मुंडारी, खड़िया, कुड़ुख, गोंडी, आदि। इन भाषाओं में हजारों वर्षों से मौखिक परंपरा, लोककथाएँ, गीत, औषधीय ज्ञान, कृषि-पद्धतियाँ और मौसम विज्ञान सुरक्षित है। यह ज्ञान प्रणाली आधुनिक विज्ञान की सीमाओं से भी परे जाती है। झारखंड की 26% से अधिक आबादी आदिवासी है। यहाँ की जनजातियाँ जैसे मुंडा, संथाल, हो, खड़िया, उरांव, बिरहोर, असुर, आदि न केवल झारखंड की आत्मा हैं बल्कि भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर अपनी एक विशेष छाप छोड़ती हैं। बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, आदिवासी चेतना के पुरोधा थे। उनके नेतृत्व में चले उलगुलान आंदोलन ने यह दिखा दिया कि आदिवासी केवल जंगल के रक्षक नहीं, अपने अधिकारों के लिए जान देने वाले योद्धा भी हैं। एक नजर में अगर हम विश्व परिप्रेक्ष्य में आदिवासी परंपराएँ को देखें तो दक्षिण अमेरिका में मायन, इंका, और अमेज़ोन की जनजातियाँ आज भी पारंपरिक औषधीय ज्ञान और जंगल संरक्षण में अग्रणी हैं। अफ्रीका में मसाई, जुलु, और बुशमैन जैसे समुदायों का जीवन भी प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य में है। ऑस्ट्रेलिया में एबोरिजिनल्स की 'ड्रीमटाइम' अवधारणा आदिवासी मिथकीय इतिहास की वैश्विक मिसाल है। इन सभी संस्कृतियों में एक समान बात है प्रकृति की पूजा, सामूहिकता की भावना, और जीवन को एक उत्सव की तरह जीना। अब बात आती है आधुनिक युग में आदिवासी दर्शन की प्रासंगिकता की, जब आज का तथाकथित 'सभ्य समाज' प्रकृति से संघर्ष कर रहा है। जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान, जल संकट, मानसिक रोग, सामाजिक विघटन तब आदिवासी जीवनशैली हमें समाधान देती है। उनके पास "टेक फॉर नीड, नॉट ग्रीड" का मंत्र है। समाज केंद्रित सोच, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग। प्राकृतिक चिकित्सा के तौर पर हर्बल औषधियों, योग, वनस्पति ज्ञान के माध्यम से बिना दुष्प्रभाव के उपचार। मूल्य आधारित शिक्षा सीखना केवल किताबी ज्ञान नहीं, जीवन से, प्रकृति से और अनुभव से होता है। आदिवासी समाज हमें यह सिखाता है कि जीवन कोई दौड़ नहीं, बल्कि एक यात्रा है जिसमें प्रकृति, समाज और आत्मा के बीच संतुलन ज़रूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



डॉ दीपक प्रसाद

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### एसआईआर पर राहुल गांधी पर किया तीखा कटाक्ष

# अमित शाह ने कहा, जो भारत में नहीं जन्मा, उसे वोट देने का अधिकार नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चल रहे राजनीतिक विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल बहाने ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्होंने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। एसआईआर को लेकर हुंकार भरते हुए शाह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव किसे बचाना चाहते हैं? क्या आप उन बांग्लादेशियों को बचाना चाहते हैं जो बाहर से आकर बिहार के लोगों की नौकरियाँ छीन लेते हैं?

शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरुआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था... बिहार चुनाव हारने के बाद ये बहाने ढूंढ रहे हैं। शाह ने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने चाहिए या नहीं? भारत का संविधान उन लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं देता जो भारत में पैदा नहीं हुए। राहुल गांधी संविधान लेकर घूम रहे हैं, उन्हें भी इसे खोलकर पढ़ना चाहिए। एसआईआर, ये इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठिए इनका वोट बैंक हैं।

अमित शाह ने कहा कि बिहार में बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं तेजस्वी यादव से पूछना चाहता हूँ, उनके पिता और माता लंबे समय तक सत्ता में रहे। गुंडागर्दी, गैंग चलाने, अपहरण करने, फिरौती मांगने के अलावा आपने मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया है? शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं...लालू एंड कंपनी को पता नहीं है कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, एनडीए की सरकार है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का किसी को हक नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने वैश्विक मंच पर मिथिला की कला को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति को मधुबनी पेंटिंग भेंट की और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति को भी मिथिलांचल की कला का नमूना देकर विदेश में मिथिला की कला का गौरव बढ़ाया है। माँ जानकी की जन्मस्थली पर जो यह भव्य मंदिर बनने जा रहा है, यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि मिथिलांचल के भाग्योदय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि मिथिला, वाल्मीकि रामायण से लेकर महाभारत और बौद्ध व जैन साहित्य तक - हमारी संस्कृति का केंद्र रहा है।



- गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर को लेकर विपक्ष, खासकर राहुल गांधी और लालू यादव पर निशाना साधा।
- कहा कि विपक्ष हार मान चुका है, अब बहाने बना रहा है।
- मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाने के कदम का समर्थन किया।

वोट चोरी करके पीएम बने हैं नरेंद्र मोदी, बोले राहुल गांधी

### चुनाव आयोग हमें डेटा दे हम साबित कर देंगे

कर्नाटक में 'वोट अधिकार रैली' में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मने भारत के संविधान की रक्षा की है। अंबेडकरजी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल की आवाज भारत के संविधान में गूंजती है। बसवना, नारायण गुरु और फुले जी की आवाज इसमें गूंजती है। उन्होंने कहा कि हमारे भारत का संविधान हर व्यक्ति को वोट देने का अधिकार देता है। पिछले चुनाव में हमारे सामने एक सवाल उठा था, पहले लोकसभा चुनाव थे, फिर महाराष्ट्र और कर्नाटक चुनाव... महाराष्ट्र में, इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतता है लेकिन 4 महीने बाद भाजपा राज्य में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। यह चौंकाने वाला था। हमने पाया कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए मतदाताओं ने मतदान किया।राहुल गांधी ने कहा कि कल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हमने 100% साबित कर दिया है कि चुनाव आयोग और भाजपा ने वोटों की चोरी की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा की विचारधारा भारत के संविधान के विरुद्ध है। कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता इसकी रक्षा करेगा। भारत का चुनाव आयोग हमें पिछले 10 सालों की मतदाता सूचियाँ और वीडियो रिकॉर्डिंग तुरंत उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पोल ने बताया कि हमें 15-16 सीटें मिल रही हैं। हमारी पोलिंग के मुताबिक 16 सीटों पर हम आगे थे। लेकिन हमें सिर्फ 9 में जीत मिली- जिसके बाद हमने सवाल पूछना शुरू किया।

'वोट चोरी' वाले आरोपों पर बीजेपी का करारा पलटवार

### तैयारी करके झूठ बोलते हैं राहुल गांधी...

चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम छोड़ने की बात कर रहे थे। मुझे कल किसी मित्र ने कहा कि ये तो जिस पेड़ पर बैठे थे, उसी को कुल्हाड़ी से काटने का काम कर रहे थे। सच कहूं, तो कांग्रेस के युवराज और नेता प्रतिपक्ष की भाषा का जो अहंकार था, वो चुनाव आयोग के कर्मचारियों के लिए था।

भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या विपक्ष के किसी नेता को भारत के अधिकारियों के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए? और जब हमारे सशस्त्र बलों पर हमला करने की बात आती है, तो हमेशा राहुल गांधी ही आगे आते हैं। क्या देश की संवैधानिक संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए ऐसी भाषा नेता प्रतिपक्ष को शोभा देती है। देश की सेना के गौरव पर सवाल उठाने वाले भी राहुल गांधी ही हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कांग्रेस के नेता सुप्रीम कोर्ट को ऊंचा-नीचा बोलने से नहीं चूकते।

भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस देश की आर्मी, चुनाव आयोग, संसद ये सब ऐसी संस्थाएं हैं, जो स्वायत्त और स्वाधीन होकर काम करती हैं। हम सब इसके द्वारा पूरी तरह नियंत्रित है। इसलिए कोई स्वतंत्र निकाय जब किसी भी राजनीतिक प्रोसेस को फॉलो करती है, तो उसे हम सभी को मानना चाहिए। क्योंकि, इन सभी संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देश के संविधान ने दिया है।

### एसआईआर पर हंगामे से ठप हुई संसद

# सरकार ने वापस लिया इनकम टैक्स बिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार (11 अगस्त) तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी दोनों सदनों में हंगामा किया। आज कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले संसद के दोनों सदनों में भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभाने वाले अन्य महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी जिनका गत पांच अगस्त को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

**राज्यसभा की कार्यवाही**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बज कर तीन मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। उपसभापति ने बताया कि ये नोटिस पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाए गए अत: इन्हें खारिज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात से, इसकी शुरुआत से अब तक कुल 34.13 करोड़ रुपये की आय हुई है।

**लोकसभा की कार्यवाही**

विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजकर पांच मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे बैठक शुरू हुई तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने की अनुमति मांगी और सभा की सहमति से सरकार ने विधेयक को वापस ले लिया। सदन में गैर-सरकारी कामकाज होने का उल्लेख करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आज शुक्रवार है जो सदस्यों का दिन होता है और विशेष रूप से विपक्ष के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण होता है।

### राहुल गांधी पर मनोज तिवारी का तंज

# वे वही काम कर रहे हैं जो उनकी दादी ने किया था

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चुनाव आयोग पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी एक वंशानुगत नेता हैं। जिस वंश से वे आते हैं, उसने हमेशा तानाशाही की भाषा बोली है। यह भाषा धमकी भरी भी है, और चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्हें हमें बताना चाहिए कि किसका वोट गलत तरीके से हटाया गया। लेकिन अगर वे चाहते हैं कि अवैध घुसपैठिए अपना वोट डालें या मृत लोगों की जगह कोई और वोट डाले, तो वे वही काम कर रहे हैं जो उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने किया था - लोकतंत्र की हत्या...। चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम छोड़ने की बात कर रहे थे। मुझे कल किसी मित्र ने कहा कि ये तो जिस पेड़ पर बैठे थे, उसी को कुल्हाड़ी से काटने का काम कर रहे थे। सच कहूं, तो कांग्रेस के युवराज और नेता प्रतिपक्ष की भाषा का जो अहंकार था, वो चुनाव आयोग के कर्मचारियों के लिए था। भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या विपक्ष के किसी नेता को भारत के अधिकारियों के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए? और जब हमारे सशस्त्र बलों पर हमला करने की बात आती है, तो हमेशा राहुल गांधी ही आगे आते हैं।

# लखनऊ: रक्षाबंधन से पहले यूपी में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का तोहफा

**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं के लिए एक खास सौगात दी है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने का ऐलान किया है। यह सुविधा 9 अगस्त की सुबह 6 बजे से 10 अगस्त की रात 12 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान महिलाएं राज्य परिवहन की सभी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इस योजना के तहत न केवल महिलाएं, बल्कि उनके साथ एक सहयात्री भी मुफ्त में यात्रा कर सकेगा। यह पहल रक्षाबंधन के त्योहार को और खास बनाने के लिए की गई है, ताकि महिलाएं अपने भाइयों और परिवारजनों से मिलने के लिए आसानी से यात्रा कर सकें। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह सुविधा सभी प्रकार की बसों, जैसे साधारण, एसी, और जनरथ बसों में उपलब्ध होगी। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। महिलाओं को बस में चढ़ते समय अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए कोई दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी, जिससे यात्रा और भी सुगम होगी। इससे पहले, चार अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह ऐलान कर दिया था कि उनकी सरकार रक्षाबंधन बंधन के मौके पर प्रदेश की बहन-बेटियों को बस का मुफ्त सफर देने जा रही है।




- आज से तीन दिनों तक मिलेगी सुविधा

### शिक्षक भर्ती घोटाला, टीएमसी मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ मुकदमा चलाने की राज्यपाल ने दी मंजूरी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जाँच के अधीन स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में राज्य के सुधार सेवा मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। राजभवन के एक सूत्र ने इसकी पुष्टि की। सूत्र ने बताया, उनके समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर, राज्यपाल ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले से संबंधित धन शोधन के अपराध के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के प्रभारी मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ईडी ने सिन्हा के खिलाफ एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है।

### राहुल गांधी ने भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर 'अनावश्यक' टिप्पणी की: सैनी

**एजेंसी। हरियाणा**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर 'अनावश्यक' टिप्पणियां करते रहते हैं। सैनी ने दावा किया कि पिछले दो दशकों में राहुल गांधी ने राजनीति में खुद को स्थापित करने की कई बार कोशिश की लेकिन हर बार असफल रहे। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी हर बात पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है।''सैनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' पिछले दो दशकों में उन्होंने (राहुल गांधी ने) राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे। खुद तो असफल हुए ही, अपने साथ-साथ पूरी कांग्रेस की लुटिया भी डुबो दी।''सैनी का यह तीखा हमला राहुल गांधी द्वारा बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन

### अमित शाह ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, बोले- संसद में लालू एंड कंपनी ने किया ऑपरेशन सिंदूर का विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के सरकार के तरीके की आलोचना करने पर विपक्ष पर निशाना साधा और कांग्रेस पार्टी तथा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के गुट पर आतंकवाद विरोधी अभियान का विरोध करने का आरोप लगाया। बिहार के सीतामढ़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि किसी को भी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू, लालू एंड कंपनी संसद में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

### दस बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा गया : हिमंत



**असम।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को असम के श्रीभूमि जिले से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पड़ोसी देश में खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अवैध घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है! आज तड़के असम पुलिस ने श्रीभूमि सेक्टर से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ दिया। शर्मा ने कहा, ''असम की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सीमाएं सुरक्षित हैं, घुसपैठिए खदेड़ दिये गए!'' असम पुलिस ने पिछले हफ्ते श्रीभूमि से 27 अवैध घुसपैठियों को बांग्लादेश खदेड़ दिया था। हाल के महीनों में 387 से अधिक कथित अवैध घुसपैठियों को खदेड़ कर वापस भेजा गया है। शर्मा ने दावा किया कि राज्य सरकार घुसपैठ मुक्त असम के लिए प्रतिबद्ध है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले साल बांग्लादेश में अशांति शुरू होने के बाद से पूर्वोत्तर में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

# निर्वाचन आयोग ने बढ़ाया मतदान अधिकारियों और अन्य कर्मियों का मानदेय

**एजेंसी। नई दिल्ली**




चुनाव आयोग ने पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों, मतगणना कर्मियों, माइक्रो ऑब्जर्वर और चुनाव से जुड़े अन्य कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की है। चुनाव के दौरान अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा को सम्मानजनक तरीके से पुरस्कृत करने के लिए आयोग ने यह बड़ा कदम उठाया है। चुनाव कार्य में केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, लोक प्राधिकरण के सदस्य, सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारी आदि शामिल होते हैं। चुनाव के दौरान ये कर्मी कई महीनों से लगातार कई घंटों तक काम करते हैं ताकि मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और अपनी पसंद के प्रतिनिधि का चुनाव कर सकें। आयोग ने बताया कि इससे पहले 2014 से 2016 के बीच अंतिम बार मानदेय में वृद्धि की गई थी, जिसे अब सुधारते हुए नई दरें लागू की गई हैं। सीएपीएफ के गजेटेड अधिकारी को 15 दिन या उससे कम के लिए 4 हजार रुपए, 15 दिन से अधिक के लिए प्रति सप्ताह 2 हजार रुपए मिलेंगे। (पहले क्रमशः 2500 रुपए व 1250 रुपए)। अधीनस्थ अधिकारी (इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर आदि) के लिए 3000 रुपए 15 दिन तक, 1500 रुपए प्रति सप्ताह 15 दिन से अधिक (पहले 2000 व 1000 रुपए)। वहीं, अन्य रैंक (हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल आदि) के लिए 2500 रुपए 15 दिन तक, 1250 रुपए प्रति सप्ताह 15 दिन से अधिक के लिए।

**मानदेय वृद्धि इस प्रकार है**

1. पीठासीन अधिकारी एवं मतगणना पर्यवेक्षक: अब उन्हें प्रतिदिन या इसके भाग के लिए 500 रुपए या 2 हजार रुपए एकमुश्त मानदेय मिलेगा। पहले यह 350 रुपए था।
2. मतदान अधिकारी: अब 400 रुपए प्रतिदिन या उसके हिस्से के लिए 1600 रुपए एकमुश्त, जो पहले 250 रुपए था।
3. मतगणना सहायक: 450 रुपए प्रतिदिन या उसके हिस्से के लिए 1350 रुपए एकमुश्त, पहले 250 रुपए।
4. क्लास-4 कर्मचारी (विभिन्न कर्तव्यों के लिए): अब 350 रुपए प्रतिदिन या उसके हिस्से के लिए 1400 रुपए एकमुश्त, पहले 200 रुपए।
5. कॉल सेंटर / कंट्रोल रूम के क्लास-4 कर्मचारी: 1000 रुपए एकमुश्त, पहले 200 रुपए प्रतिदिन।
6. वीडियो निगरानी टीम, मीडिया मॉनिटरिंग कमिटी, फ्लाइंग स्क्वाड आदि के क्लास I/II कर्मचारी को अब 3 हजार रुपए एकमुश्त (पहले 1200 रुपए)। वहीं, क्लास III के कर्मचारी को 2 हजार रुपए एकमुश्त (पहले 1000 रुपए)
7. माइक्रो ऑ जर्वर: 2000 रुपए एकमुश्त, पहले 1000 रुपए।
8. मतदान स्थल/मतगणना केंद्र पर तैनात पुलिस, होम गार्ड, वन रक्षक, एनसीसी कैडेट, स्वयंसेवक आदि को भोजन/रिफ्रेशमेंट के लिए अब 500 रुपए प्रतिदिन मिलेंगे। पहले 150 रुपए मिलते थे।
9. डिप्टी जिला निर्वाचन अधिकारी को अब कम से कम संबंधित कर्मचारी के एक महीने के बेसिक वेतन के बराबर भुगतान होगा, जबकि पहले कोई वेतन नहीं दिया जाता था।

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई, असंयमित भाषा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वृंदावन स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर पर एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों पर नाराजगी व्यक्त की और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ असंयमित भाषा के इस्तेमाल पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा 21 जुलाई और 6 अगस्त के आदेशों का अवलोकन किया, जिसमें उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती दी गई थी और उनमें की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी थी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर समानांतर कार्यवाही की और आदेश में कुछ अनुचित टिप्पणियां कीं। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट किस तरह की असंयमित भाषा का इस्तेमाल कर रहा है? मानो राज्य ने अध्यादेश पारित करके कोई पाप किया हो। यह सब क्या है? क्या हाईकोर्ट को यह नहीं बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार कर रहा है?

**हिदायत** राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे पर चुनाव आयोग ने कहा

# घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करें या देश से माफी मांगें

- चुनाव आयोग ने इन आरोपों को गंभीर और आधारहीन बताया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर लगाए गए 'वोट चोरी' के गंभीर आरोपों पर आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने इस पूरे मामले की जांच करने के लिए राहुल गांधी से हलफनामा देने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी को अपने विश्लेषण पर भरोसा है और वे चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सच मानते हैं, तो उन्हें बिना किसी हिचकिचाहट के घोषणा-पत्र (डिक्लरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी इस घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करते, तो इसका सीधा अर्थ होगा कि उन्हें अपने ही विश्लेषण और उसके आधार पर लगाए गए आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसे में, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए 'बेतुके आरोपों' के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने आगे कहा है कि राहुल गांधी के पास अब केवल दो विकल्प हैं, या तो घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करके अपने आरोपों को साबित करें, या फिर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए राष्ट्र से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगे।



### खड़गे ने पीएम मोदी और बीजेपी पर बोला हमला

# 'फर्जी वोटों के कारण 2019 चुनाव हारी थी कांग्रेस'




**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' को संबोधित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पार्टी 2019 के आम चुनाव 'फर्जी वोटों' के कारण हारी थी। खड़गे ने कहा कि मौजूदा सरकार चोरी की सरकार है। मोदी फर्जी वोटों से इस देश को रुला रहे हैं। मैंने 2019 में यह कहा था। अपने पूरे जीवन में, मैं 2019 के चुनावों में हारा हूँ, मैं भी फर्जी वोटों के कारण हारा हूँ, जो अब सामने आया है। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हुए चुनावों में, एक विधानसभा ने 6,60,000 वोटों का सत्यापन किया है। पिछला चुनाव विश्वासघात का चुनाव था। मोदी की कोशिश है कि अगर लोग वोट न भी दें, तो मोदी और अमित शाह चुनाव आयोग को आदेश दें कि वह तय करे कि कहाँ कम वोट देना है और कहाँ ज़्यादा। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कांग्रेस और अन्य दलों को डराकर बहुमत हासिल कर चुके हैं।

# बेन शेल्टन ने कारेन खाचानेव को हराकर जीता कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का

**टोरंटो (आईएएनएस)**

बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया है। फाइनल में शेल्टन ने कारेन खाचानेव को हराया। शेल्टन के करियर का यह सबसे बड़ा खिताब है। बेन शेल्टन ने कारेन खाचानेव तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7(5), 6-4, 7-6(3) से हराया। फाइनल मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। बेन शेल्टन एंडी रोडिक के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने वाले दूसरे सबसे युवा अमेरिकी खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन से पहले 2004 में एंडी रोडिक ने मियामी ओपन का खिताब जीता था। खिताबी जीत के साथ शेल्टन एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर भी पहुंचे। इससे नवंबर में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावना बढ़ गई है। शेल्टन 2025 में पहली बार मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जैक ड्रेपर (इंडियन वेल्स), जैकब मेन्सिक (मियामी) और कैस्पर रूड (मैड्रिड) ने ये उपलब्धि हासिल की थी। यह शेल्टन के करियर का तीसरा खिताब है, इससे पहले उन्होंने 2023 में टोक्यो और 2024 में ह्यूस्टन में जीत हासिल की थी। शेल्टन ने लगातार तीन सालों से कम से कम एक खिताब जीता है। जीत के बाद बेन शेल्टन ने कहा, "यह एक अद्भुत एहसास है। यह एक लंबा सप्ताह रहा है। फाइनल तक का रास्ता आसान नहीं था। मेरा सर्वश्रेष्ठ टेनिस तब सामने आया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। खाचानोव ने शुरुआती सेट में 10 फोरहैंड विनर लगाए और उनकी ताकत ने शेल्टन को बेसलाइन के काफी पीछे धकेल दिया। लेकिन अपने कोच और पिता ब्रायन की सलाह पर, शेल्टन ने दूसरे और तीसरे सेट में कोर्ट पर अपनी पकड़ मजबूत की और आक्रामक रुख अपनाया।



**शेल्टन ने जीता मियामी ओपन का खिताब**

- शेल्टन ने मियामी ओपन जीतकर नया इतिहास रचा।
- 2004 के बाद पहली बार किसी अमेरिकी (एंडी रोडिक के बाद) ने यह खिताब जीता।

**एटीपी फाइनल्स की दौड़ में शेल्टन की बड़ी छलांग**

- एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अब शेल्टन चौथे स्थान पर पहुंच गए।
- एटीपी फाइनल्स (नवंबर) के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ी

**यूएस अमेरिकी टेनिस को मिला नया स्टार**

- शेल्टन की जीत अमेरिकी टेनिस के लिए नई उम्मीद लेकर आई।
- 21 साल बाद मियामी ओपन पर अमेरिका का परचम लहराया।

**शेल्टन बने 2025 में मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी**

- 2025 में मास्टर्स 1000 जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शेल्टन चौथे।

## नाओमी ओसाका को हराकर विक्टोरिया म्बोको ने जीता कैनेडियन ओपन महिला एकल वर्ग का खिताब

**मॉन्ट्रियल (आईएएनएस)।** विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन महिला एकल का खिताब जीत लिया है। 18 साल की कनाडा की विक्टोरिया म्बोको ने जापान की दिग्गज खिलाड़ी नाओमी ओसाका को हराकर चैंपियन बनी। वाइल्ड कार्ड एंट्री करने वाली विक्टोरिया म्बोको ने चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर कैनेडियन ओपन का खिताब जीता था। अपने घर में मिली यह जीत म्बोको के लिए विशेष थी। म्बोको ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी की और दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत से म्बोको ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 25वें स्थान पर पहुंच गई। उन्हें इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क में होने वाले ग्रैंड स्लैम में पहली वरीयता दी जाएगी। 2019 के बाद म्बोको कनाडा की ऐसी दूसरी महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्होंने कैनेडियन ओपन जीता है। 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने खिताब अपने नाम किया था।



## 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम बनी उपविजेता




- **फाइनल मैच में हॉकी पंजाब से 4-3 से पराजित, पंजाब की टीम बनी विजेता**

**रांची ।** झारखंड टीम 29 मिनट तक 290 से बढ़त ली थी, 29वें और 30वें मिनट में पंजाब ने लगातार दो गोल कर टीम को बराबरी पर ले आयी। झारखंड टीम 42वें मिनट में एक और गोल कर 3-2 बढ़त बना ली। पंजाब ने 3 मिनट बाद ही 45वें मिनट में गोल कर झारखंड के बढ़त को 3-3 की बराबरी पर ले आयी। 53वें मिनट में पंजाब ने एक और गोल कर 4-3 से मैच अपने नाम करते हुए झारखंड के चैंपियन बनने के सपने को पूरा होने नही दिया। लीग मैच झारखंड ने पंजाब को 5-2 से पराजित कर चुकी थी।आज के मैच में झारखंड टीम की ओर से आशीष तानी पूर्ति, अनीश डुंगडुंग और शुखू गुड़िया ने 1-1 गोल किया।

इससे पूर्व झारखंड टीम 2022 से उपविजेता और 2021 में विजेता बनी थी। झारखंड पुरुष टीम के उपविजेता बनने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के अधिकारियों ने बधाई दी है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को चार मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई। भारतीय टीम ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली यह सीरीज काफी अहम है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के सभी चार मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया विश्व की छठी रैंकिंग वाली टीम है। भारत आठवें स्थान पर है। ऐसे में सीरीज के बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। बिहार के राजगीर में इसी महीने के अंत में हॉकी एशिया कप खेला जाना है। इस अहम टूर्नामेंट की तैयारी के भारतीय टीम का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है।

## संजू सैमसन के लिए सबसे ज्यादा बेताब केकेआर होगी : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से राजस्थान रॉयल्स से जुड़े संजू सैमसन अगले सीजन में टीम से अलग हो सकते हैं। सैमसन को लेकर पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सैमसन ने खुद टीम राजस्थान रॉयल्स से उन्हें रिलीज करने या फिर ट्रेड करने का आग्रह किया है। सैमसन की मुलाकात अमेरिका में आयोजित मेजर लीग क्रिकेट के दौरान सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग से हुई थी। इसके बाद से ही अटकलें हैं कि वह सीएसके का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और लोकप्रिय कमेंटेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि राजस्थान के कप्तान को हासिल करने के लिए एक दूसरी टीम ज्यादा बेताब है। अपने यूट्यूब चैनल पर आकाश चोपड़ा ने कहा, "मेरे दिमाग में सबसे पहला नाम सीएसके का नहीं है। केकेआर का है। केकेआर ज्यादा बेताब टीम होनी चाहिए। कोलकाता के पास कोई भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज नहीं है। इससे उनके हाथ बंधे हुए हैं। दूसरी बात, अगर आपको कोई कप्तान मिल जाए तो इसमें क्या बुराई है?

## भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी मिश्रित टीम विश्व खेलों के क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारी




**चेंगदू ।** विश्व खेल 2025 के मिश्रित टीम कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत का अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। क्वार्टर फाइनल में मधुरा धामनगावकर और अभिषेक वर्मा की भारतीय जोड़ी को दक्षिण कोरियाई जोड़ी मून यिउन और ली यून से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को आठवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई जोड़ी से 151-154 से हार का सामना करना पड़ा। हार के साथ भारत की पदक जीतने की उम्मीद टूट गई।

## एशिया कप के लिए तैयार हो रहे हैं सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में चल रहे रिहैब के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी की। अपनी बल्लेबाजी से इस दिग्गज बल्लेबाज ने आगामी एशिया कप से पहले फिटनेस हासिल करने के महत्वपूर्ण संकेत दिए। जुलाई माह में, सूर्यकुमार यादव ने जर्मनी के म्यूनिख में हर्निया की सर्जरी करवाई थी और इसके बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन के लिए भर्ती हुए थे। उन्होंने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि उन्होंने सीओई में फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है। हालांकि आईएएनएस के अनुसार, सूर्यकुमार ने पिछले हफ्ते के अंत से ही नेट्स में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। यह उनके एशिया कप से पहले पूरी फिटनेस हासिल करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।




सूर्यकुमार ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "मैं उस काम को फिर से करने के लिए बेताब हूं जो मुझे पसंद है। वीडियो में वह व्यायाम और दौड़ते हुए भी दिखाई दे रहे हैं, और फिट नजर आ रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने टूर्नामेंट में दूसरा क्वालीफायर खेला।

## बाबर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज दौरे पर है। तीन टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत 8 अगस्त से हो रही है। इस सीरीज में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। बाबर आजम को वर्तमान समय का पाकिस्तान का श्रेष्ठ बल्लेबाज माना जाता है। 2015 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से उन्होंने पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान बाबर के पास पाकिस्तान के श्रेष्ठतम ओपनर्स में शुमार सईद अनवर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। सईद अनवर पाकिस्तान के लिए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। अनवर ने अपने करियर में 20 शतक लगाए।

## 64वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में के लिए झारखंड टीम बहा रही है पसीना



**नवीन मेल संवाददाता**

- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उभरते खिलाड़ी हो रहे तैयार, कोच और विशेषज्ञों की टीम कर रही मार्गदर्शन
- 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के तकनीकी, शारीरिक और मानसिक तैयारी पर दिया जा रहा है विशेष जोर

**रांची ।** 64वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम के चयनित खिलाड़ी खेलगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ियों के तकनीकी, शारीरिक और मानसिक तैयारी विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर तीन चरणों में आयोजित हो रहा है। अंडर 17 बालिका वर्ग 1 से 16 अगस्त तक ,अंडर 15 बालक वर्ग 9 से 25 अगस्त, और अंडर 17 बालक वर्ग का 24 अगस्त से 13 सितंबर तक आयोजित होगा। 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षण दल में मुख्य कोच अमित शर्मा, सहायक कोच सुशीला साहू व आभा मिंज, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजीव रंजन, शारीरिक विश्राम एवं रिकवरी हेतु योग प्रशिक्षक डॉ. अखिलेश यादव खिलाड़ियों को मानसिक सुदृढ़ता प्रदान कर रहे है। वही टीम प्रबंधक के रूप में श्रीमती बिंदु कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को फुटबॉल के सूक्ष्म तकनीकी पहलुओं की जानकारी के साथ-साथ योग, फिटनेस एवं बॉडी रिलैक्सेशन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में आए खिलाड़ियों के लिए ठहरने व भोजन व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण के बाद झारखंड की टीम दिल्ली एवं बेंगलुरु में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर राज्य के उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हो रहा है, जो उन्हें राष्ट्रीय और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

## बल्लेबाजी पर उठ रहे सवालों का शुभमन गिल ने बखूबी जवाब दिया : पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से उन सभी सवालों के जवाब दिए जो अक्सर उनकी बल्लेबाजी पर उठाए जाते थे। इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में, भारत के टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में गिल की पहली सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। वह श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे। गिल ने 10 पारियों में 75.40 की औसत से 754 रन बनाए। गिल के बल्ले से चार शतक आए। उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गिल ने 75.40 की औसत से 750 रन बनाए। चार शतक भी जड़े। गिल के बल्ले से सभी चार शतक अलग-अलग परिस्थितियों में आए। पटेल ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि जब गिल बल्लेबाजी के लिए उतरे थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### ट्रंप के टैरिफ से मार्केट में टेंशन!

# सेंसेक्स 765 अंक टूटा निफ्टी भी 233 अंक फिसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर टैरिफ लगाने से उत्पन्न चिंता और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765.47 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 232.85 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 पर आ गया। साप्ताहिक आधार पर, निफ्टी में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि सेंसेक्स में 0.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2020 के बाद से बेंचमार्क सूचकांकों में यह सबसे लंबी गिरावट का सिलसिला है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी का रूख रहा। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,997.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 10,864.04 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। अमेरिका की तरफ से भारतीय आयात पर घोषित शुरुआती 25 प्रतिशत शुल्क बृहस्पतिवार से लागू हो गए। वहीं रूसी तेल खरीदने पर अलग से लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होने वाले हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर बढ़त मेंथे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत बढ़कर 66.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 79.27 अंक बढ़कर 80,623.26 अंक और निफ्टी 21.95 अंक चढ़कर 24,596.15 अंक पर रहा था।



## भारतीय फार्मा मार्केट में जुलाई में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय फार्मा मार्केट (आईपीएम) में इस वर्ष जुलाई में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, हृदय तथा मधुमेह-रोधी थेरेपी सेगमेंट में अच्छी बिक्री देखी गई। यह जानकारी हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दी गई।मार्केट रिसर्च फर्म फार्मारैक की रिपोर्ट से पता चला है कि हृदय और मधुमेह-रोधी उपचार, के मूल्य में क्रमशः 14.1 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिनका कुल घरेलू बाजार में लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है। यूरोलॉजी और एंटीनियोप्लास्टिक्स जैसे कई सुपर ग्रुप ने भी दोहरे अंकों में मूल्य वृद्धि दर्ज की। रेस्पिरेटरी सेगमेंट में भी 9.2 प्रतिशत मूल्य वृद्धि दर्ज की गई। फार्मारैक की उपाध्यक्ष (कमर्शियस) शीतल सपाले ने कहा, जुलाई महीने में अधिकतर उपचारों के लिए नए उत्पाद और मूल्य वृद्धि ने बाजार की वृद्धि को गति दी है। सपाले ने आगे कहा, शीर्ष उपचारों में, केवल हृदय और संक्रमण-रोधी दवाओं की ही बिक्री में मजबूत वृद्धि हुई है। नए उत्पादों के आने से मधुमेह-रोधी क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है। इस बीच, रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि जीएलपी-1 एगोनिस्ट मार्केट में लगातार सकारात्मक रुझान बना हुआ है।



## पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 9 एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपए सब्सिडी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने शुक्रवार को 12,000 करोड़ रुपए की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। पीएमयूवाई के तहत, लाभार्थियों को एक साल में 14.2 किलो वाले 9 एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपए प्रति रिफिल की सब्सिडी सरकार की ओर से दी जाती है।

पीएमयूवाई मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की महिलाओं को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। 1 जुलाई, 2025 तक, देश भर में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन उपलब्ध हैं। सभी पीएमयूवाई लाभार्थियों को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन मिलता है, जिसमें सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, पाइप, घरेलू गैस उपभोक्ता कार्ड बुकलेट और इंस्टॉलेशन चार्ज शामिल होता है।




उज्ज्वला 2.0 की मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, सभी लाभार्थियों को पहला रिफिल और चूल्हा भी निःशुल्क प्रदान किया जाता है। पीएमयूवाई लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन, पहले रिफिल या चूल्हे के लिए कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इनका खर्च केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से वहन किया जाता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाने और इस प्रकार इन परिवारों द्वारा रसोई गैस के निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु लक्षित सब्सिडी के अंतर्गत, सरकार ने मई 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 200 रुपए की लक्षित सब्सिडी शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य पीएमयूवाई लाभार्थियों को एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तीव्र उतार-चढ़ाव के प्रभाव से बचाना है क्योंकि भारत की एलपीजी आवश्यकता का 60 प्रतिशत आयात के माध्यम से पूरा होता है। अक्टूबर 2023 में, सरकार ने लक्षित सब्सिडी को बढ़ाकर प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये कर दिया।पीएमयूवाई उपभोक्ताओं की औसत प्रति व्यक्ति खपत (पीसीसी), जो 2019-20 में केवल लगभग 3 रिफिल और 2022-23 में 3.68 रिफिल थी, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 4.47 रिफिल तक बढ़ गई है, जो योजना की सफलता को दर्शाती है।



## एसबीआई ने पहली तिमाही में कमाया 19,160 करोड़ मुनाफा, आय 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक रही

**मुंबई (आईएएनएस)** । देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19,160 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 17,035 करोड़ रुपए दर्ज किया गया था। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में एसबीआई का परिचालन लाभ सालाना आधार पर 15.49 प्रतिशत बढ़कर 30,544 करोड़ रुपए हो गया। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई), जो ऋणों पर अर्जित ब्याज और जमा पर दिए गए ब्याज के बीच के अंतर को दर्शाती है, अप्रैल-जून तिमाही के अंत में ग्रॉस एनपीए 1.83 प्रतिशत रहने के साथ, तिमाही के लिए एसबीआई की परिसंपत्ति गुणवत्ता में 38 आधार अंकों का सुधार हुआ।



## केंद्र ने ई-बसों, ट्रकों और एंबुलेंस के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना को 2 साल के लिए बढ़ाया आगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों, एम्बुलेंस और ट्रकों के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना को दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2028 कर दिया है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, यह योजना अब मार्च 2026 के बजाय मार्च 2028 में समाप्त हो जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के लिए फंड आवंटन 10,900 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया है और योजना के तहत कोई अतिरिक्त आवंटन नहीं किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएंगे। पीएम ई-ड्राइव योजना, देश भर में लगभग 5,600 ई-ट्रकों को इलेक्ट्रिक ट्रकों में बदलने के लिए 9.6 लाख रुपए तक के प्रोत्साहन के साथ कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद करती है।

# चार पंचायतों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क पर चलना हुआ जोखिम भरा

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के 4 पंचायत के दर्जनों गांवों को जोड़नेवाली हैदरनगर-गाजीबिहरा मुख्य सड़क लगातार हुई बारिश से कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। मुख्य नहर के दायीं किनारे आरईओ से करीब दो वर्ष पूर्व बनी यह सड़क प्रखंड के लटपौरी, कोल्हुआ-सोनबरसा,पंसा और रामबांध पंचायत के दर्जनों गांवों को हैदरनगर-जपला मुख्य पथ से जोड़ती है। जो नहर के किनारे बसे अधिकांश गांवों के ग्रामीणों के आवागमन का एकमात्र उचित माध्यम है। जिसमें मोतियाडीह के पास गहरा गड्ढा बन गया है। वहीं, भगड़ा गांव के पास पीसीसी सड़क के नीचे भूधंसान हो जाने से टूट गया है। इसी प्रकार अधिकांश भाग में सड़क के नीचे की मिट्टी बह गई है। जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। शुक्रवार को उक्त पथ से बड़ा वाहन गुजर रहा था। जिसको ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी दुर्घटना होने से बचाया गया।

इसकी खराब हालत का जाएजा लेने के बाद युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और शुभम कुमार सिंह ने प्रशासन से तत्काल उक्त पथ की मरम्मत कराकर आवागमन सुगम बनाने मांग की है।

## सर्पदंश से दो किशोरियों की मौत, क्षेत्र में शोक

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद मे 12 घंटे के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में सर्पदंश से दो कगशोरियो की मौत हो गई। हुसैनाबाद प्रखंड के सरहु गांव निवासी विनय कुमार मेहता की तीन वर्षीय बच्ची अनशिखा कुमारी को विषैले सर्प ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर रुप से बेहोश हो गयी। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देखने के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह गुरुवार की शाम बारिश होने पर घर के बाहर खड़ी थीं। उसी क्रम में विषैले सांप ने डंस लिया। वहीं टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी सुजीत कुमार चन्द्रवंशी की तीन वर्षीय बेटी प्रान्सी कुमारी को शुक्रवार की सुबह विषैले सांप ने डंस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां देखने के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि वह सुबह घर के पास खेल रही थी, उसी क्रम में सर्प ने डंस लिया।

# अंचलाधिकारी के रूप में कोकिला कुमारी ने संभाला पदभार



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** अंचल कार्यालय में 14 वें अंचलाधिकारी के रूप में कोकिला कुमारी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। तत्कालीन सीओ नन्द कुमार राम ने प्रभार सौंपा।प्रभार ग्रहण के पश्चात सीओ कोकिला कुमारी ने कहा की ग्रामीणों का जमीन से संबंधित मामला को निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता जमीन संबंधित समस्या को लेकर स्वयं मिल सकते है।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात तत्कालीन सीओ नन्द कुमार राम, बीडीओ अमित कुमार पासवान व अंचल कर्मीयों ने बारी बारी से बुके भेंट व डायरी देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं तत्कालीन सीओ नन्द कुमार राम को बीडीओ पासवान व अंचल परिवार ने बुके भेंट कर व शॉल ओढाकर विदाई दिया। इससे पूर्व बीडीओ पासवान ने उपस्थित सभी अंचल व प्रखंड कर्मीयों को कहा कि जिस इमानदारी के साथ अंचल अधिकारी ने जो कार्य किया है। चाहे चुनाव कार्य हो या जमीन से संबंधित इनके साथ नौ माह के कार्यकाल में बहुत कुछ सिखने को मिला। वहीं अंचल के सभी कर्मीयों ने भी सीओ राम के साथ किए कार्यकाल को सराहते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में रह कर हमलोगों को जमीन संबंधित कार्य करने को बहुत सिख मिली। अंत में तत्कालीन सीओ नन्द कुमार राम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे जरूरतमंद ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही प्राथमिकता थी।

# रक्षाबंधन की खरीदारी से बढ़ी चहल-पहल राखी व मिठाइयों की बिक्री जोरों पर

- शुभ मुहूर्त में राखी बांधने के लिए बाजार में भीड़

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन के अवसर पर मेदिनीनगर में बाजारों में खरीदारी की धूम मची हुई है। भाई-बहन के प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक यह त्योहार शुक्रवार को बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला।

बहनों ने जहां अपने भाईयों के लिए रंग-बिरंगी राखियाँ खरीदीं, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों के लिए उपहार, कपड़े और मिठाइयाँ खरीदीं। मेदिनीनगर के प्रमुख बाजारों में मिठाइयाँ और राखियाँ बिक रही हैं, जहां बाजारों में खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। इस बार मिठाइयों की कीमतें पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ी हैं। छेने के मिष्ठान की कीमत 220 रुपये प्रति किलोग्राम और खोवे की मिठाई 240 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। वहीं, बालूशाही और लड्डू की कीमत 200 से 250 रुपये प्रति किलोग्राम है।

राखियों की कीमत पांच रुपये से शुरू होकर सौ रुपये तक है। बाजार में स्टोन से बनी राखियाँ खासतौर पर 80 से सौ रुपये तक बिक रही हैं, जबकि बच्चों के लिए गणेशा, छोटा भीम और मिकी माउस के डिजाइन की राखियाँ ज्यादा बिक रही हैं।

शुभ मुहूर्त के अनुसार राखी बांधने का समय सुबह 5:35 बजे से लेकर दोपहर 1:24 बजे तक है, जबकि अभिजीत मुहूर्त दिन के 11:25 से 12:30 बजे तक है।

# स्टेशन रोड पर बाजार क्षेत्र में जाम से लोगों की परेशानी बढ़ी



- जहां-तहां ऑटो खड़ी कर देने से दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड में अक्सर जाम की वजह से राहगीरों और बाजार आए ग्राहकों को खासा परेशानी होती है। वहीं, इस रोड में जगह-जगह ऑटो खड़ी कर देने से आसपास के दुकानदारों का व्यावसाय भी प्रभावित होने की बात कही जाती है। खासकर, पर्व-त्यौहार के समय पर इस वजह से जाम लोगों के लिए और भी मुश्किल भरा बन जाता है। जैसा कि रक्षाबंधन की पूर्व संध्याकाल पर खरीदारी के दौरान शुक्रवार को देखने को मिला। लोगों का कहना है कि मॉडर्न स्टेशन बनने के बाद रेल परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह के बावजूद सवारी को उतारने और उठाने का काम बाजार क्षेत्र में ही किया जाता है। जिसमें ऑटो चालकों की मनमानी से स्टेशन रोड पर दैनिक बाजार क्षेत्र में जाम की वजह से परेशानी का अंत नहीं हो पाती है। लोगों ने इस मामले में पुलिस-प्रशासन से कारगर कदम उठाने की मांग करते हुए इसके प्रति अनदेखी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने राहगीरों, ग्राहकों और दुकानदारों की परेशानी को देखते हुए इस समस्या का समाधान करने की जरूरत पर बल दिया है।

## शिबू सोरेन को महिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सात बार सांसद रहे शिबू सोरेन (दिशोम गुरु) के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से की गई। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती रेखा सिंह ने कहा, "गुरुजी केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने आदिवासियों और गरीबों के हक के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और महाजनी प्रथा का अंत किया। झारखंड अलग राज्य का निर्माण उन्हीं की देन है। आज देश में उनके जैसा कोई दूसरा आदिवासी नेता नहीं है। उनके विचार और संघर्ष हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे।"

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**हुसैनाबाद (पलामू)।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह पर झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिमा स्थलों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया।

### महुआडांड़ प्रखंड सभागार में माइक्रोफाइलेरिया रोकथाम को लेकर बैठक

# दो वर्ष से अधिक आयु के सभी स्वस्थ व्यक्तियों को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु निर्धारित दवा दी जाएगी



**महुआडांड़(लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड सभागार में दिन शुक्रवार को लातेहार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एमडीए आइ डिओ कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, जिला परिषद सदस्य, पंचायतों के सभी मुखिया तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पिरामल फाउंडेशन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित खलखो एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने आगामी 10 अगस्त 2025 से 25 अगस्त 2025 तक चलने वाले एमडीए आइ डि ओ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी स्वस्थ व्यक्तियों को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु निर्धारित दवा दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि दवा सेवन के बाद यदि किसी व्यक्ति को सिर दर्द, उल्टी या चक्कर जैसी हल्की प्रतिक्रियाएँ महसूस हों, तो यह घबराने की नहीं बल्कि प्रसन्नता की बात है, क्योंकि इसका अर्थ है कि दवा शरीर में मौजूद माइक्रोफाइलेरिया पर प्रभावी हो रही है और उन्हें नष्ट कर रही है। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

# भाजपा का मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी की हुसैनाबाद इकाई द्वारा "हर घर तिरंगा" अभियान की सफलता को लेकर आज पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद आवासीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में हुसैनाबाद के कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला मंत्री सोमेश सिंह के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद ने की। जबकि मंच संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए श्री सोमेश सिंह ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। "हर घर तिरंगा" अभियान के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्र प्रेम एवं एकता की भावना को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रशासन की बैठक

# तैयारी को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में एसडीएम विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रखंड के प्रबुद्ध जनों से स्वतंत्रता दिवस समारोह में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही झंडोतोलन की समय सारणी समेत होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। झंडोतोलन को लेकर समय सारणी तय की गई। जिसमें मुख्य स्थल अनुमंडल आवास में 8:30,अनुमंडल पुलिस आवास में 8:45,बिरसा चौक 9:20,शहिद चौक 9:25,शास्त्री चौक 9:30,गांधी चौक 9:40,थाना परिसर 9:55,अम्बेडकर चौक 10:10,प्रखंड सह अंचल कार्यालय 11:00 और अनुमंडल कार्यालय परिसर में 11:20 बजे तय हुई। बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी, परेड, झांकी समेत खेलकूद कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों एवं कार्यक्रम आयोजन के लिए गठित कमेटी को कई दिशा निर्देश देते हुए जिम्मेवारी सौंपी। बैठक के दौरान हर घर तिरंगा लगाने पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से शराब एवं मीट मछली की दुकानों को बंद रखने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित शिक्षक को एवं जनप्रतिनिधियों से सड़क दुर्घटना पर भी चर्चा करते हुए बच्चों को मोटर वाहन नहीं देने और वाहन चालकों को सदैव हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

## युवती ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में 16 वर्षीय युवती गीता चोराठ पिता अमित चोराठ ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया युडी केस कर ममाले की जांच चल रही है। जांच के बाद ही फांसी लगाने के कारण का पता चल सकता है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है।

## समाजसेवी डोमन साहू के निधन पर शोक

**चंदवा।** थाना टोली निवासी सह गुप्ता प्रिंटिंग प्रेस के संचालक समाजसेवी डोमन साहू (70 वर्ष) का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया। गुरुवार की रात्रि अचानक तबियत खराब होने के बाद परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे थे जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था, रिम्स पहुंचने से पूर्व ही उनका निधन हो गया। शुक्रवार की संध्या देवनद दामोदर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां ज्येष्ठ पुत्र सुबोध प्रसाद ने मुखाग्नि दी। डोमन साहू के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में शौंडिक जयसवाल समाज के प्रमोद साहू,पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद, रामनाथ गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता,प्रेम शंकर भगत,राजकुमार साहू,महेंद्र प्रसाद साहू,मुरली प्रसाद,अरुण प्रसाद,सुधीर प्रसाद,सतीश प्रसाद,सत्येंद्र प्रसाद,हरिनंदन दुबे,राम प्रवेश यादव,राजेश चंद्र पांडेय,राम कृष्ण मिश्र,सुरेंद्र वैद्य,प्रमोद दुबे,सत्येंद्र यादव,मोहनीश कुमार,प्रदीप उपाध्याय,चंद्र शेखर उपाध्याय, अनिल साहू,राम कुमार प्रसाद समेत दर्जनों प्रबुद्धजन शामिल हैं।

# विश्व आदिवासी दिवस पर लोहरा समाज ने कार्यशाला आयोजित कर जागरूकता का किया आहवान



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** शुक्रवार को बालूमाथ स्थित होटल रोज गार्डन में आदिवासी लोहरा समाज समुदाय द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर एकदिवसीय सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षत राजुराम लोहरा ने की। फूलदेव लोहरा व दीपक लोहरा के संयुक्त रूप से संचालन किया। इस क्रायक्रम में आदिवासी पूर्वज पुरखों को श्रद्धासुमन के साथ आस्था प्रकट करते हुए उनके योगदान और वर्तमान समय काल में अपने पारिवारीक, सामाजिक, सामुदायिक, शैक्षणीक तथा संवैधानिक धरोहरों के संरक्षण-संवर्धन हेतु प्रथागत विद्यमान विधि एवं संवैधानिक निति-नियमों कि विशेष -जानकारी दी गई। कार्यशाला में वक्ता तुलसी राम ने संवैधानिक व प्रशासनिक जागरूकता के बारे में बताया। मनोज लोहरा ने सामाजिक और सुंस्कृतिक बढ़ावा देने की बल दिया। ब्रह्मदेव राम ने एकजुटता पर विशेष ध्यान देने की बात कही. कार्यशाला सह सेमिनार को सफल करने में विनोद लोहरा, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, अरुण लोहरा, और संरक्षक के रूप में मनोज लोहरा, सीबद्याल लोहरा, मीनाक्षी लोहरा, महिमा कुमारी, सुरेश लोहरा, रागनी कुमारी की भूमिका सराहनीय रहा।

## पेज एक के शेष

### सारंडा में आईईडी...

करमपदा-रेंजरा रेल मार्ग पर आईईडी लगा दिया था, जिसकी चपेट में आकर रेलवे के एक ट्रैकमैन की मौत हो गई थी। जून महीने में भी सारंडा जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर सीआरपीएफ के जवान सत्यवान कुमार सिंह शहीद हो गए थे। इसके पहले मार्च महीने में आईईडी विस्फोट की तीन घटनाएं हुई थीं, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर की शहादत के अलावा पांच अन्य जवान-अफसर घायल हुए हैं।

**ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लाया गया अस्पताल :** सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दोनों घायल जवानों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। रांची हवाई अड्डे से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दोनों जवानों को राज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक उनकी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों जवानों का इलाज चल रहा है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### निशिकांत और तिवारी...

शिकायत में यह भी कहा गया है कि निकास द्वार पर तैनात पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की गई, जिससे मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई। श्रद्धालुओं के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती थी। सांसदों द्वारा जबरन प्रवेश कर पूजा करने से पूजा बाधित हुई और व्यवधान भी हुआ। कार्तिकनाथ ठाकुर ने शिकायत में बताया है कि उस रात करीब 8:45 बजे सायंकालीन कांचा जल पूजा के दौरान यह घटना हुई है। पुरोहितों ने सांसदों और उनके साथियों को गर्भगृह में प्रवेश से मना किया, लेकिन स्थानीय व्यक्ति अभयानंद झा ने मनोज तिवारी और उनके सचिव को जबरन अंदर पहुंचा दिया। इससे मंदिर परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के बीच अफरातफरी मच गई। पंडा धर्मरक्षिणी महासभा के पूर्व महासचिव ने निशिकांत दुबे पर मंदिर में अराजकता फैलाने का भी आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि मनोज तिवारी ने सुल्तानगंज से देवघर तक करीब 105 किलोमीटर लंबी कांवर यात्रा 2 अगस्त को पूरी की थी। इस दौरान निशिकांत दुबे भी उनके साथ थे।

### भारतीय संस्कृति का...

जैन साहित्य तक, हमारी संस्कृति का केंद्र रहा है। धर्मशास्त्र, साहित्य, संगीत, भाषा और तंत्रज्ञान का यह एक बहुत बड़ा केंद्र रहा है। मिथिलांचल, जहां राजा जनक हुए, जहां याज्ञवल्क्य और मैत्रेयी हुए, जहां शंकराचार्य और मंडन मिश्र ने शास्त्रार्थ को चरम सीमा पर पहुंचाया, जहां मुनि अष्टावक्र ने अष्टावक्र गीता का ज्ञान दिया, उसे फिर से विद्या का धाम और संस्कृति का केंद्र बनाने की शुरुआत आज यहां से होगी। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि आपके माता-पिता की सरकार ने गुंडई करने के अलावा, गैंग चलाने के अलावा, अपहरण-फिरौती के अलावा मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया? आप इसका हिसाब दीजिए। उन्होंने एनडीए सरकार में किए गए कार्यों की गिनती कराते हुए कहा कि हमने पीएम मोदी की तरफ से विकास का सारा हिसाब दे दिया। शिलान्यास समारोह में बिहार सरकार के मंत्री, केंद्रीय मंत्री, साधु-संत, और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस आयोजन के दौरान वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक रहा। ज्ञात हो कि पुनौरा धाम को माता सीता की जन्मस्थली माना जाता है। यह मंदिर भविष्य में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुनौरा धाम के पूर्ण रूप से तीर्थ स्थल के रूप में विकसित होने से बिहार में धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

**श्री जानकी मंदिर की ऊंचाई 151 फीट होगी :** अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की तर्ज पर इस मंदिर परिसर का निर्माण 67 एकड़ भूमि में किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 882.87 करोड़ रुपये है। मंदिर की ऊंचाई 151 फीट होगी और इसके 2028 तक तैयार होने की उम्मीद है। बताया गया कि इस भूमि पूजन के लिए देश के 21 तीर्थस्थलों की मिट्टी, और 31 नदियों का जल मंगवाया गया। सीता मंदिर और उसके आसपास लगभग 67 एकड़ भूमि में यह तीर्थ क्षेत्र विकसित हो रहा है। रामायण सर्किट के साथ ही केंद्र सरकार 'हिंदू सर्किट' योजना के तहत बाबा अजगैबीनाथ, सिंहेश्वर, उग्रतारा, चंडीस्थान, त्रिवेणी, मतिहानी, सुलेश्वर इत्यादि 14 प्रमुख मंदिरों को भी धार्मिक पर्यटन के विकास में शामिल कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में मृत किसान के परिजनों को डेवलेक्टो कंपनी ने दो लाख रुपए की सहायता दी

नवीन मेल संवाददता



**बालूमाथ।** बुधवार की रात बालूमाथ पांकी मार्ग पर हेरहंज थाना क्षेत्र के लावागड़ा बस स्टैंड के पास हुई सड़क दुर्घटना में मृत किसान दुधमटिया निवासी जमादार भगत के परिजनो को डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोलियरी में ट्रांसपोर्टिंग कार्य करा रही कंपनी डेवलैक्टो ने दो लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान करने की है। ज्ञात हो कि बुधवार की रात हुई घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के विरोध में बालूमाथ-पांकी एसएस-10 मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था. ग्रामीणों की मांग थी कि दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी हो तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डेवलेक्टो माइनिंग कंपनी के पदाधिकारी एवं कंपनी प्रतिनिधि बलराम पांडे देर रात घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की बात ध्यान से सुनी। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दो लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। यह पहली बार नहीं है जब डेवलेप्टो माइनिंग कंपनी ने किसी जरूरतमंद परिवार के दुख की घड़ी में सहायता की. पहले भी क्षेत्र में आपदा, दुर्घटना या जरूरत के समय कंपनी ने मानवीय पहल करते हुए स्थानीय लोगों की मदद की है. जो समाज में सकारात्मक संदेश देता है. कंपनी के प्रतिनिधि बलराम पांडे ने कहा कि कंपनी स्थानीय समुदाय के साथ आत्मीय जुड़ाव रखती है. ऐसी दुखद घड़ी में परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जा सकता है। हरसंभव सहायता के लिए हम खड़े हैं. कंपनी द्वारा दिखाए गए संवेदनशील रुख और मदद के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने सड़क से जाम हटा लिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

## स्कूली छात्राओं के बीच 750 साइकिल का किया गया वितरण

**चंदवा।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा ने 750 स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी।

## अभी तो बस शुरुआत है!


# मोदी ने दे दिया ट्रंप को पहला झटका रद्द हो गई अरबों की बोइंग डील...

● भारत और अमेरिका के बीच 31 हजार 500 करोड़ की बोइंग डील हुई थी

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

अमेरिका की तरफ से भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया। जिसके बाद भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूं तो भारत ने समय समय पर ये कहा है कि अमेरिका की तरफ से कोई भी अनैतिक फैसला लिया जाता है तो भारत इसके खिलाफ कदम उठाएगा और कार्रवाई करेगा। अब भारत ने बड़ा फैसला ले लिया है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच 31 हजार 500 करोड़ की बोइंग डील हुई थी। जिसे भारत ने अब रद्द कर दिया है।

2021 में अमेरिकी विदेश विभाग ने 2.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर में छह अतिरिक्त बोइंग पी-8आई समुद्री गश्ती विमानों के मूल सौदे को अपनी मंजूरी दे दी थी, लेकिन आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद दरें बढ़ गईं। रक्षा सूत्रों के हवाले से द फाइनेंशियल एक्सप्रेस ने बताया कि भारत ने परियोजना लागत में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के कारण सौदे को स्थगित करने का फैसला किया है। रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन करने का फैसला किया है और मूल्य वृद्धि, भूराजनीति और रणनीतिक स्वायत्तता जैसे कारक अंतिम निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



एआई जेनरेटेड

### पी-8आई, एक बहु-मिशन समुद्री विमान

बोइंग पी-8 पोसाइडन एक बहु-मिशन समुद्री गश्ती विमान है। यह टोही, खुफिया जानकारी एकत्र करने, खोज और बचाव कार्यों और पनडुब्बी रोधी अभियानों में विशेषज्ञता रखता है। बोइंग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पी-8 490 नॉट की अधिकतम गति से 41,000 फीट की ऊँचाई तक उड़ान भर सकता है।

**भारत ने 2009 में पी-8I अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे :** भारत ने 2009 में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर में आठ P-8I विमान खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। 2016 में, भारत ने 1 अरब अमेरिकी डॉलर में चार और ऐसे विमान खरीदने का ऑर्डर दिया था। भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र की पूरी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए लगातार 18 ऐसे विमानों को शामिल करने पर ज़ोर दे रही है।

### ट्रंप को धमकाने वाले लूला ने मोदी को किया फोन

## टैरिफ के खिलाफ भारत के साथ मिलकर ब्राजील ने तैयार किया प्लान!



एक तरफ अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वॉर लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ दुनियाभर की ताकतें जुड़ने लगी हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति तो डोनाल्ड ट्रंप को सीधी चेतावनी देते नजर आ रहे हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने पहले ही कह दिया था कि अगर फोन कॉल करना होगा तो वो ट्रंप को नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करेंगे। अब राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने बिना समय गवाएं सबसे पहला फोन कॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कर दिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने पीएम मोदी को फोन किया है। पीएम मोदी के साथ बातचीत में उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। ललुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा कि ट्रंप से बात नहीं करेंगे। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश जारी करने के एक दिन बाद आया है। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

### भारत ने टैरिफ को लेकर अमेरिका पर पलटवार किया

भारत ने ट्रंप के टैरिफ को 'अनुचित' बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। बाद में उन्हें ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा का भी फ़ोन आया, जिन्होंने उन्हें अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे टैरिफ़ के मामले में अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति लूला के साथ अच्छी बातचीत हुई। ब्राज़ील की मेरी यात्रा को यादगार और सार्थक बनाने के लिए उनका धन्यवाद। हम व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)**

भीषण गर्मी के बीच साउथ कैलिफोर्निया के एक घाटी क्षेत्र में तेजी से जंगल की आग फैल रही है। आग के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पास के समुदायों को क्षेत्र खाली करने का आदेश दिया गया है। कैन्यन फायर नामक यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1.25 बजे (2025 जीएमटी) पूर्वी वेंचुरा काउंटी में स्थित एक छोटे से शहर पीरू के पास लगी, जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफोर्निया के फॉरेस्ट एंड फायर प्रोटेक्शन डिपार्टमेंट (कैलिफोर्निया फायर) ने गुरुवार को बताया कि आग कुछ ही घंटों में तेजी से बढ़कर 1,000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किलोमीटर) से ज्यादा क्षेत्र में फैल गई और इस पर कोई नियंत्रण नहीं पाया जा सका। इस आग ने छह घंटे में लगभग 15 वर्ग मील क्षेत्र को जला दिया और 50,000 लोगों को निकासी की चेतावनी जारी कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग के पास के कुछ समुदायों के लिए कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। कैलिफोर्निया फायर ने अपने निकासी आदेशों में कहा, "जान को खतरा है। यह तुरंत निकलने का एक कानूनी आदेश है। यह क्षेत्र कानूनन जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइजर कैथरीन बार्गर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फायर तेजी से फैल रहा है। निकासी के आदेशों को गंभीरता से लें।

**6 घंटे में 15 वर्ग मील तक फैली विनाशकारी आग**

● आग ने 6 घंटे में लगभग 15 वर्ग मील क्षेत्र को जला दिया।

**50000** लोगों को निकासी की चेतावनी जारी की गई।

# ट्रंप टैरिफ हाई होने के बाद अमेजन व वॉलमार्ट ने भारत से ऑर्डर रोक दिए हैं

### 50% टैरिफ लागू होने से उत्पादों की लागत में हो सकता है 30% से 35% का इजाफा

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी खरीदारों से पत्र और ईमेल मिले हैं। इनमें अनुरोध किया गया है कि वे अगली सूचना तक परिधान व वस्त्रों के शिपमेंट रोक दें। सूत्रों के अनुसार नए टैरिफ के बाद खरीदार लागत का बोझ उठाने को तैयार नहीं हैं, चाहते हैं कि निर्यातक ही लागत का वहन करें। मालूम हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 % टैरिफ लगाए जाने के बाद वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट व गैप समेत प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं ने भारत से ऑर्डर रोक दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है।अमेरिकी खरीदारों ने अगली सूचना तक शिपमेंट रोकने की अपील की। मौजूदा हालात में यदि 50% की दर से टैरिफ लगाए जाते हैं तो विभिन्न उत्पादों की लागत में 30 से 35 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे अमेरिका जाने वाले ऑर्डरों में 40 से 50 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। यदि ऐसा होता है तो कारोबारियों को लगभग 4-5 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। वेलस्पन लिविंग, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, इंडो काउंट और ट्राइडेंट जैसे प्रमुख निर्यातक अमेरिका में अपनी कुल राजस्व का लगभग 40 % से 70 % बिक्री करते हैं।भारत के कपड़ा व परिधान उद्योग के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है । मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, कुल कपड़ा और परिधान निर्यात में अमेरिका का योगदान 28 प्रतिशत था, जिसका मूल्य 36.61 अरब डॉलर था। विश्व में वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक भारत अब अमेरिका को वस्त्र निर्यात करने के मामले में बांग्लादेश और वियतनाम की तुलना में पीछे रह सकता है। ये देश भारत को मिलने वाले ऑर्डर हासिल कर सकते हैं। क्योंकि ट्रंप ने इन देशों पर महज 20 प्रतिशत टैरिफ का ही ऐलान किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 % टैरिफ लगाया है। इसमें से गुरुवार से लागू 25 % टैरिफ और रूसी तेल खरीदने पर दंड के रूप में 28 अगस्त से लागू होने वाला 25 % टैरिफ शामिल है। ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें लिखा है, "मैं यह मानता हूं कि भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त मूल्यानुसार शुल्क लगाना आवश्यक और उचित है, क्योंकि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल आयात कर रहा है।" दूसरी ओर भारत ने कहा है कि अमेरिकी टैरिफ "अनुचित, गलत और अविवेकपूर्ण" हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "हाल के दिनों में अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। इसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारा आयात बाजार घरेलू कारकों पर आधारित है। रूस से तेल का आयात भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किया जाता है।" भारत ने कहा, "यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर ऐसे कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय लिया है, जिन्हें कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।" भारत ने कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।देखिए क्या -क्या कदम उठाता है , क्या -क्या कदम उठाने की स्थिति में है?

## गाजीपुर में फेसबुक लाइव के बाद पत्रकार की हत्या, उगाही के खिलाफ उठाई थी आवाज

**ढाका (आईएएनएस)** । बांग्लादेश के गाजीपुर में एक पत्रकार की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पत्रकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव कर उगाही के खिलाफ आवाज उठाई थी। इसके तुरंत बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना गाजीपुर शहर के चंदना चौरस्ता इलाके की है। मृतक पत्रकार की पहचान 38 वर्षीय मोहम्मद असदुज्जमां तुहिन के रूप में हुई, जो गाजीपुर में स्टाफ रिपोर्टर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तुहिन ने गुरुवार दोपहर चंदना चौरस्ता पर से फेसबुक लाइव किया था, जिसमें उन्होंने स्थानीय दुकानों और फुटपाथों से हो रही उगाही के खिलाफ आवाज उठाई थी। रात करीब 8 बजे उन्होंने अपने निजी फेसबुक अकाउंट पर एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें लोग सड़क को अनियंत्रित तरीके से पार करते दिख रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद तुहिन मस्जिद मार्केट के सामने एक चाय की दुकान पर बैठा था।



## दक्षिण कोरिया की पूर्व फर्स्ट लेडी की बढ़ी मुश्किलें, यूनिफिकेशन चर्च घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी

**सियोल (आईएएनएस)**

दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम क्योन ही पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। एक स्पेशल काउंसिल टीम ने उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया है, जिसमें क्योन ही पर यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े रिश्वत मामले में जियोन सेओंग-बे के साथ साठगांठ का आरोप लगाया है। विशेष अभियोजक मिन जोंग-की की टीम ने गुरुवार को दायर वारंट में दावा किया कि किम ने 2022 में जियोंग सेओंग-बे के साथ मिलकर यूनिफिकेशन चर्च से कीमती उपहार (जिसमें एक हीरे का हार शामिल है) को स्वीकार किया। हालांकि पूर्व प्रथम महिला ने व्यावसायिक लाभ के बदले उपहार लेने से इनकार किया है, जबकि जियोंग ने उपहार स्वीकार करने की बात मानी, लेकिन उन्हें किम को भेजने से इनकार किया है। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, वारंट में किम को 2009 से 2012 के बीच ड्यूश मोटर्स (बीएमडब्ल्यू डीलर) से जुड़े शेयर मूल्य हेरफेर मामले में सिर्फ एक साथी नहीं, बल्कि एक साजिशकर्ता बताया गया।

## नाथू ला समेत तीनों मार्गों से चीन से व्यापार करने पर बातचीत कर रहा भारत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सांसद दोरजी शेरिंग लेप्चा ने नाथू ला सीमा से व्यापार फिर से शुरू करने के बारे में सवाल पूछा। इस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार करने के लिए तीन तय रास्ते हैं — उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (साल 1992 से), हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा (साल 1995 से) और सिक्किम में नाथू ला दर्रा (जुलाई 2006 से)।उन्होंने बताया कि साल 2020 में कोविड-19 महामारी के समय इन तीनों रास्तों से होने वाला व्यापार बंद हो गया था। तबसे अब तक यह व्यापार दोबारा शुरू नहीं हुआ है। भारत सरकार चीन से बातचीत कर रही है, ताकि इन तीनों रास्तों से फिर से सीमा व्यापार शुरू किया जा सके।

## इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा शहर पर नियंत्रण करने की योजना को मंजूरी दी


**यरूशलम (आईएएनएस)**

इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा शहर पर नियंत्रण करने की एक योजना को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शुक्रवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने गुरुवार को सुरक्षा कैबिनेट की बैठक से पहले एक साक्षात्कार में कहा था कि इजरायल पूरे गाजा पर नियंत्रण चाहता है। नेतन्याहू ने कहा था कि हम अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमास को वहां से हटाने के लिए गाजा पर नियंत्रण चाहते हैं। नेतन्याहू ने कहा, "हम गाजा को अपने पास नहीं रखना चाहते। हम इसे ऐसी अरब ताकतों को सौंपना चाहते हैं जो इसे ठीक से चलाएं, हमें धमकी न दें, और गाजा के लोगों को अच्छा जीवन दें। इससे हम सुरक्षित रहेंगे। हमास ने इसके जवाब में बयान करते हुए कहा, "वह नेतन्याहू के बयानों को वार्ता के रुख को स्पष्ट रूप से उलटने वाला और अंतिम दौर से उनके हटने के पीछे के असली इरादों को उजागर करने वाला मानता है। इजरायल के हमले में गाजा में जान-माल की बड़े पैमाने पर क्षति हुई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 18 मार्च को इजराइल द्वारा गाजा में हमले शुरू किए जाने के बाद से कम से कम 9,752 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## मिसिसिपी नदी में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली** । अमेरिका के इलिनॉइस में बृहस्पतिवार को एक हेलीकॉप्टर मिसिसिपी नदी में दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने यह जानकारी दी। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के कॉर्पोरल डलास थॉम्पसन ने दोनों की मौत की पुष्टि की और कहा कि किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। नदी को व्यावसायिक नौवहन के लिए बंद कर दिया गया है। रिवर्स पॉइंट फायर डिस्ट्रिक्ट के प्रमुख रिक पेंडर ने बताया कि हेलीकॉप्टर बृहस्पतिवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे बिजली के तार से टकराकर मिसिसिपी नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# कुली से रजनीकांत ने जीता दिल, फैन्स ने इसे कबाली के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया




2024 में अमिताभ बच्चन के साथ वेट्टैयां के बाद, रजनीकांत 14 अगस्त को अपनी आगामी फिल्म की रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गुरुवार, 8 अगस्त को फिल्म की एक निजी स्क्रीनिंग आयोजित की गई और शुरुआती समीक्षाएं आनी शुरू हो गई हैं। और जो लोग फिल्म के बारे में सोच रहे हैं, उनके लिए बता दें कि कुछ प्रशंसकों ने खुलासा किया है कि 2016 में कबाली के बाद कुली, रजनीकांत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एक एक्स यूजर ने फिल्म के हर प्रमुख किरदार के अभिनय का विस्तृत विश्लेषण साझा किया है। रजनीकांत के लिए, यूज़र ने लिखा, "कबाली के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।" उन्होंने नागार्जुन को फिल्म की "रीढ़" भी कहा। इस प्रोजेक्ट में आमिर खान के विस्तारित कैमियो के बारे में, एक नेटिजन ने कहा कि उनकी उपस्थिति ने "पूरे थिएटर को स्टेडियम में बदल दिया।

